✱ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✱ रजि. नंबर : 52290/90 ✱ वर्ष : 36 ✱ अंक : 67 ✱ पृष्ठ : 12 ✱ औरंगाबाद, शनिवार, 2 अगस्त 2025 ✱ मूल्य : 3.00 रुपये ✱ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✱ www.navbihartime.com



राजगीर में आयोजित होनेवाली एशिया रग्बी चैंपियनशिप के शुभंकर एवं लोगो का अनावरण करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।




## संक्षिप्त समाचार

### गंगाजल लाने गए युवक की डूबने से मौत

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी पटना के एनआईटी घाट पर शुक्रवार की सुबह गंगाजल लेने गए युवक की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान फुलवारी शरीफ निवासी सौरभ शर्मा के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सौरभ शर्मा अपने खलीलपुरा निवासी दोस्त के साथ कलश में गंगाजल भर रहे थे। इसी दौरान घाट किनारे हंसी-मजाक करते वक्त सौरभ का संतुलन बिगड़ गया और वह गंगा में गिर पड़े।

### बीएलओ सुपरवाइजर की ब्रेन हेमरेज से मौत

**कटिहार(नबिटा ब्यूरो)।** सदर प्रखंड के दलन पश्चिम पंचायत स्थित प्राथमिक स्कूल नीचा टोला में कार्यरत शिक्षक सत्यजीत कुमार सिंह की ब्रेन हेमरेज से मौत हो गई। फिलहाल वे बीएलओ सुपरवाइजर के तौर पर कार्यरत थे। परिवार का आरोप है कि वो वोटर वेरिफिकेशन के काम में लगे थे। चुनाव आयोग, ब्लॉक अधिकारी और जिलाधिकारी लगातार उनपर काम का दबाव बना रहे थे जिसे लेकर वे काफी तनाव में थे।

### ट्रक-स्कूटी की टक्कर में छात्र की मौत

**समस्तीपुर (नबिटा ब्यूरो)।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर-बिरौली मुख्य सड़क पर शुक्रवार को ट्रक और स्कूटी के बीच टक्कर हो गई। हादसे में एक छात्र की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हुआ है। मृतक की पहचान लदौरा गांव निवासी सुरेश कुमार के बेटे शिवम कुमार के रूप में की गई है जबकि घायल मुकेश सिंह का बेटा सुधांशु कुमार है।

### सैप जवान की इंसास लेकर युवक फरार

**गोपालगंज(नबिटा ब्यूरो)।** कुचायकोट थाना क्षेत्र के बलथरी चेकपोस्ट के पास चेकिंग के दौरान सैप जवान राजेश्वर सिंह की इन्सास राइफल की डोरी बाइक में फंस गई। इसके बाद बाइक सवार ने रुकने के बजाय स्पीड बढ़ा दी और फिर राइफल लेकर फरार हो गया। घटना के बाद से उत्पाद विभाग और कुचायकोट पुलिस हथियार की बरामदगी के लिए लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही है।

### गला दबाकर पत्नी की हत्या

**जहानाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** परस बिगहा थाना क्षेत्र के सुल्तानी गांव में घरेलू विवाद में पति ने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई के तहत आरोपित पति रंजन दास को गिरफ्तार किया है।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शिक्षा विभाग से जुड़े लोगों को दी बड़ी सौगात

# मिड डे मील के रसोइया, स्कूलों के रात्रि प्रहरी और फिजिकल ट्रेनर का मानदेय किया दोगुना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहारवासियों को एक और बड़ी सौगात दी है। उन्होंने मध्याह्न भोजन योजना में कार्यरत रसोइयों, रात्रि प्रहरी और फिजिकल ट्रेनरों के मानदेय को दोगुना कर दिया है। अब कैबिनेट की बैठक में इस पर मुहर भी लगा दी जाएगी। सीएम नीतीश कुमार ने इसकी घोषणा शुक्रवार सुबह सोशल मीडिया पर की। सीएम नीतीश कुमार ने लिखा कि शिक्षा विभाग के अंतर्गत मध्याह्न भोजन में कार्यरत रसोइयों के मानदेय में दोगुनी वृद्धि करते हुए 1650 रुपये से 3300 रुपये करने का निर्णय लिया गया है। सीएम नीतीश कुमार ने आगे लिखा कि माध्यमिक या उच्च शिक्षा विद्यालय में कार्यरत रात्रि प्रहरी का मानदेय 5000 रुपये से दोगुना करते हुए इसे अब 10000 रुपये करने का निर्णय लिया गया है। साथ ही शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशकों का मानदेय



आठ हजार रुपये से दोगुना करते हुए अब 16 हजार रुपये करने का निर्णय लिया गया है। साथ ही इनकी वार्षिक वेतन वृद्धि 200 रुपये के स्थान पर 400 रुपये करने का निर्णय लिया गया है। इससे कार्यरत कर्मियों के मनोबल में वृद्धि होगी और वह अधिक उत्साह एवं लगन से अपने कार्यों का निष्पादन करेंगे। मुख्यमंत्री ने लिखा कि नवंबर 2005 में सरकार बनने के बाद से ही हमलोग शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए लगातार काम कर रहे हैं। वर्ष 2005 में शिक्षा का कुल बजट 4366 करोड़ रुपये था जो अब बढ़कर 77690 करोड़ रुपये हो गया है। बड़ी संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति, नए विद्यालय भवनों के निर्माण एवं आधारभूत संरचनाओं के विकास से शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार हुआ है। शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में रसोइयों, रात्रि प्रहरियों तथा शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसे ध्यान में रखते हुए हमलोगों ने इन कर्मियों की मानदेय राशि में सम्मानजनक वृद्धि करते हुए इसे दोगुना करने का निर्णय लिया है।

# रंगदारी मांगने के क्रम में नदौल के पास टेंपो पलटी, छह श्रद्धालु घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी(पटना)।** वाणावर मंदिर से पूजा कर लौट रहे श्रद्धालुओं की एक टेंपो को स्थानीय तथाकथित एजेंटों द्वारा जबरन रो रंगदारी की मांग करने का मामला सामने आया है। विरोध करने पर न सिर्फ टेंपो चालक व यात्रियों के साथ मारपीट की गई बल्कि टेंपो को क्षतिग्रस्त करते हुए सड़क पर पलट भी दिया गया। घटना शुक्रवार की दोपहर मसौढ़ी थाना क्षेत्र के नदौल के पास भगवानगंज रोड की है। घटना में टेंपो पर सवार सभी छह यात्री घायल हो गए। घायलों में रानी कुमारी, संध्या देवी, दीपक कुमार, जितेंद्र कुमार समेत अन्य शामिल हैं। तीन घायलों की स्थिति गंभीर होने के कारण प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। मामले में पीड़ित नालंदा जिले के हिलसा थाना क्षेत्र के लोहंडा निवासी दिनेश प्रसाद के पुत्र राजू कुमार ने मसौढ़ी थाने में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है।




राजू ने बताया कि टेंपो से वे लोग धार्मिक स्थल वाणावर से पूजा कर लौट रहे थे। नदौल के पास 4-5 की संख्या में लोगों ने खुद को स्टैंड का एजेंट बताकर रंगदारी मांगी और इंकार करने पर मारपीट शुरू कर दी। हल्ला-गुल्ला सुनकर ग्रामीण जुटे और आरोपितों को खदेड़ दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने एक आरोपित को पकड़ उसकी जमकर पिटाई कर बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कड़ौना थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव निवासी रामाशीष प्रसाद के पुत्र विजेंद्र प्रसाद के रूप में हुई है। इधर, मौका पाकर टेंपो चालक अपनी गाड़ी लेकर फरार हो गया। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

# उप चुनाव आयुक्त ने बोधिवृक्ष के समक्ष की पूजा-अर्चना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** भारतीय चुनाव आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त संजय कुमार ने आज बोधगया स्थित यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल, पवित्र महाबोधि मंदिर का दौरा किया। उनके आगमन पर गया के जिलाधिकारी एवं बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शशांक शुभंकर, बीटीएमसी की सचिव डॉ. महाश्वेता महारथी, भिक्षु डॉ. दीनानंद और भिक्षु डॉ. मनोज ने पारंपरिक खादा पहनाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान जिलाधिकारी और सचिव ने श्री कुमार को महाबोधि मंदिर के समृद्ध इतिहास एवं उसके आध्यात्मिक महत्व की जानकारी दी। मंदिर परिसर में भिक्षुओं ने पवित्र मंत्रोच्चार के माध्यम से उन्हें आशीर्वाद भी प्रदान किया। उप चुनाव आयुक्त संजय कुमार ने ज्ञान और शांति के प्रतीक पवित्र बोधि वृक्ष के समक्ष पूजा-अर्चना भी की। पूजन के उपरांत जिलाधिकारी एवं बीटीएमसी अध्यक्ष शशांक शुभंकर ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किए जिनमें महाबोधि मंदिर की प्रतिकृति एवं बीटीएमसी द्वारा प्रकाशित सामग्री शामिल थी। महाबोधि मंदिर न केवल ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि यह आज भी वैश्विक स्तर पर आध्यात्मिक सद्भाव का प्रतीक बना हुआ है। यह देश-विदेश से आने वालेश्रद्धालुओं और विशिष्ट अतिथियों को आकर्षित करता है।

# 9 सितंबर को होगा उपराष्ट्रपति पद का चुनाव

## 21 अगस्त तक दाखिल किया जायेगा नामांकन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने उपराष्ट्रपति के चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी है। जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, चुनाव के लिए जरूरत पड़ने पर वोटिंग 9 सितंबर को होगी और इसी दिन रिजल्ट भी जारी कर दिया जाएगा। 21 अगस्त तक उपराष्ट्रपति के पद के लिए नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे। उम्मीदवारों के नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 25 अगस्त निर्धारित की गई है। यह चुनाव जगदीप धनखड़ के पद से इस्तीफा देने के कारण आवश्यक हो गया है। बता दें कि इससे पहले भारत निर्वाचन आयोग ने उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल को अंतिम रूप दे दिया था। भारत के उपराष्ट्रपति का चुनाव एक निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है जिसमें राज्यसभा के निर्वाचित सदस्य, मनोनीत सदस्य और लोकसभा के निर्वाचित सदस्य शामिल होते हैं। निर्वाचन आयोग ने एक बयान में कहा कि उसने 2025 के उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल की सूची को अंतिम रूप दे दिया है। इसने कहा कि निर्वाचक मंडल की सूची अधिसूचना की तारीख से निर्वाचन आयोग कार्यालय में स्थापित एक काउंटर पर खरीदने के लिए उपलब्ध होगी जिसकी घोषणा जल्द ही होने की संभावना है। श्री धनखड़ ने अपने कार्यकाल की समाप्ति से लगभग दो साल पहले 21 जुलाई को उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था। उनका कार्यकाल 10 अगस्त, 2027 तक के लिए था। संविधान के अनुच्छेद 68 के खंड दो के अनुसार उपराष्ट्रपति के निधन, त्यागपत्र या पद से हटाए जाने या अन्य किसी कारण से होने वाली रिक्ति को भरने के लिए चुनाव 'यथाशीघ्र' कराया जाएगा। रिक्ति को भरने के लिए निर्वाचित व्यक्ति अपने 'पदभार ग्रहण करने की तिथि से पांच वर्ष की पूर्ण अवधि तक' पद धारण करने का हकदार होगा। अधिसूचना जारी होने के दिन (मतदान के लिए निर्वाचक मंडल को बुलाना) से मतदान के दिन तक 30 दिन की अवधि निर्धारित है। कोई व्यक्ति उपराष्ट्रपति के रूप में तब तक निर्वाचित नहीं हो सकता जब तक कि वह भारत का नागरिक न हो, 35 वर्ष की आयु पूरी न कर चुका हो और राज्यसभा के सदस्य के रूप में निर्वाचित होने के योग्य न हो। आगामी चुनाव में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को स्पष्ट बढ़त हासिल है। 543 सदस्यीय लोकसभा में पश्चिम बंगाल के बशीरहाट की एक सीट रिक्त है जबकि 245 सदस्यीय राज्यसभा में पांच रिक्तियां हैं। राज्यसभा की पांच रिक्तियों में से चार जम्मू-कश्मीर से और एक पंजाब से है। पंजाब की यह सीट पिछले महीने हुए उपचुनाव में राज्य विधानसभा के लिए चुने जाने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजीव अरोड़ा के इस्तीफ़े के बाद खाली हुई थी। दोनों सदनों की प्रभावी सदस्य संख्या 782 है और जीतने वाले उम्मीदवार को 391 मतों की आवश्यकता होगी, बशर्ते सभी पात्र मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

# महिला लाभुकों को मिल रहा सरकारी योजनाओं का लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को सम्राट अशोक भवन में प्रभारी जिला मंत्री संतोष कुमार सुमन की अध्यक्षता में आयोजित की गइ। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विभागवार समीक्षा की गई। बैठक में विधान परिषद सदस्य दिलीप कुमार सिंह एवं जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री मौजूद रहे। बैठक में सबसे पहले महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम की गहन समीक्षा की गई। जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक द्वारा महिला सशक्तिकरण से संबंधित योजनाओं



की जानकारी साझा की गई। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक सशक्तिकरण हेतु विविध योजनाओं का संचालन किया जा रहा है तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सक्रिय जीविका समूहों के माध्यम से इन योजनाओं का लाभ सीधे लाभुकों तक पहुंचाया जा रहा है। महिलाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने, उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने और सामाजिक विषयों पर उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से यह संवाद कार्यक्रम प्रभावी रूप से संचालित किया गया है। शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालयों में नामांकन वृद्धि, ड्रॉपआउट रोकथाम, स्मार्ट क्लास संचालन, छात्रवृत्ति वितरण, साइकिल योजना का क्रियान्वयन तथा मध्यान्ह भोजन योजना की स्थिति की जानकारी दी गई। मंत्री द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता सुधार हेतु विशेष निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में संचालित आयुष्मान भारत योजना, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, महिलाओं के सामाजिक आर्थिक व राजनीतिक सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं संचालित (शेष पृष्ठ 10 पर)

# नई शिक्षा नीति ने पांच वर्षों में बदल दिए शिक्षा के अनुभव : धर्मेन्द्र प्रधान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) को पांच वर्ष पूरे हो गए हैं। इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि भारत ने 2020 में सिर्फ एक नई नीति लागू नहीं की, बल्कि शिक्षा को राष्ट्र निर्माण की आधारशिला के रूप में स्थापित करते हुए एक प्राचीन आदर्श को पुनर्जीवित किया। उन्होंने कहा कि भाषा के चयन से लेकर कौशल आधारित शिक्षण तक, एनईपी की अवधारणाओं ने कक्षा के अनुभव को मूल रूप से बदल दिया है। धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि यह नीति सिर्फ कागज़ पर नहीं, बल्कि ज़मीनी स्तर पर व्यापक बदलाव लेकर आई है। अब प्राथमिक कक्षाओं में खेल आधारित शिक्षण से बच्चों में जिज्ञासा और समझ विकसित हो रही है। विद्यार्थी मातृभाषा में पढ़ाई करते हुए सहज महसूस कर रहे हैं और छठी कक्षा से ही व्यावसायिक कौशल सीख रहे हैं। उन्होंने बताया कि अनुसंधान संस्थानों में अब भारत का पारंपरिक ज्ञान आधुनिक



विज्ञान के साथ संवाद कर रहा है। शिक्षा मंत्री ने बताया कि निपुण भारत मिशन के ज़रिए कक्षा दो तक के बच्चों में बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान सुनिश्चित किया गया है। 'विद्या प्रवेश', 'बालवाटिका', 'प्रेरणा' और 'प्रशस्त' जैसे कार्यक्रमों ने प्रारंभिक बाल्यावस्था, दिव्यांग बच्चों और पाठ्यक्रम संक्रमण को सुगम बनाया है। उन्होंने बताया कि 22 भारतीय भाषाओं में तैयार जादुई पिटारा और ई-पाठ्यपुस्तकें बच्चों को रोचक ढंग से शिक्षा से जोड़ रही हैं। धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि एनईपी ने यह स्पष्ट किया कि भाषा कोई बाधा नहीं बल्कि सशक्तिकरण का माध्यम है। 117 भाषाओं में प्राइमर बनाए गए हैं जबकि भारतीय सांकेतिक भाषा को एक विषय के रूप में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति ने भाषाई विविधता को सहेजते हुए सीखने की प्रक्रिया को लोकतांत्रिक और समावेशी बनाया है। नई पाठ्यचर्या रूपरेखा के अनुरूप कक्षा 1 से 8 तक की किताबें जारी कर दी गई हैं। समग्र शिक्षा योजना और पीएम पोषण योजना के तहत लगभग सार्वभौमिक नामांकन सुनिश्चित हुआ है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में (शेष पृष्ठ 10 पर)



# मुख्यमंत्री ने 'एशिया रग्बी चैंपियनशिप के 'शुभंकर' एवं 'लोगो' का किया अनावरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज 1, अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में बिहार के राजगीर में पहली बार आयोजित होनेवाली 'एशिया रग्बी (अंडर-20) चैंपियनशिप-2025' के 'शुभंकर' एवं 'लोगो' का अनावरण किया। अनावरण के पश्चात मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत खुशी की बात है कि बिहार पहली बार 'एशिया रग्बी (अंडर-20) चैंपियनशिप-2025' का आयोजन कर रहा है। आज प्रतियोगिता के 'प्रतीक' एवं 'शुभंकर' का अनावरण किया गया है। उन्होंने कहा कि बिहार के खिलाड़ी रग्बी में निरंतर बेहतर प्रदर्शन करते हुए बहुत तेजी से राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। रग्बी खेल बिहार में काफी लोकप्रिय है तथा इस खेल के आयोजन से युवाओं में अच्छा संदेश जायेगा। यह टूर्नामेंट न केवल बिहार की खेल संस्कृति को वैश्विक पटल पर ले जाएगा, बल्कि एशिया के रग्बी जगत में एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगा। ज्ञातव्य है कि बिहार पहली बार 'एशिया रग्बी (अंडर-20) चैंपियनशिप-2025' का आयोजन 09 एवं 10 अगस्त, 2025 को राज्य खेल अकादमी-सह-बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर के परिसर में खेल विभाग, बिहार सरकार के द्वारा किया जा रहा है। राजगीर के इस खेल परिसर में राज्य सरकार ने कई प्रकार के खेलों के प्रशिक्षण एवं प्रतियोगिता आयोजन हेतु विश्व स्तरीय सुविधाएं विकसित की हैं। हाल में ही खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के अंतर्गत कई खेलों का आयोजन इस खेल परिसर में हुआ। इस प्रतियोगिता में भारत के साथ-साथ चीन, संयुक्त अरब अमीरात, हांगकांग, कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान, श्रीलंका, मलेशिया एवं नेपाल की टीमें यानी कुल 9 टीमें भाग ले रही हैं। सभी टीमें राजगीर में ही ठहरेंगी। इस खेल के आयोजन के लिए राज्य मंत्रिपरिषद् द्वारा 19 मार्च, 2025 को 4.08 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गयी है। शुभंकर 'अशोक' का नाम सम्राट अशोक से प्रेरित है जो नेतृत्व, दूरदृष्टि और परिवर्तन का प्रतीक है। यह नाम केवल गौरवशाली इतिहास का स्मरण नहीं दिलाता बल्कि खेल की उन मूल भावनाओं का प्रतिनिधित्व करता है जो अनुशासन, साहस और संकल्प से जुड़ी हैं।

## नवनियुक्त सिपाहियों का बुनियादी प्रशिक्षण सत्र प्रारम्भ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार राज्य के सभी जिलों में कुल 21,659 नवनियुक्त सिपाहियों का बुनियादी प्रशिक्षण सत्र प्रारम्भ हो गया है, जिसमें पुरुष एवं महिला दोनों प्रशिक्षु शामिल हैं।

यह प्रशिक्षण न केवल जिलों के पुलिस प्रशिक्षण केन्द्रों में बल्कि बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस की विभिन्न वाहिनियों में भी आयोजित किया जा रहा है। इस बुनियादी प्रशिक्षण के अंतर्गत सिपाहियों को शारीरिक दक्षता, कानून व्यवस्था, आधुनिक हथियारों के उपयोग, अनुशासन एवं सामुदायिक पुलिसिंग जैसे आवश्यक कौशलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण के माध्यम से नवनियुक्त सिपाही बिहार पुलिस की सशक्त, संवेदनशील एवं जनसेवा हेतु समर्पित कार्यप्रणाली से परिचित होंगे। भविष्य में यही सिपाही जनता की सुरक्षा, अपराध नियंत्रण एवं शांति स्थापना के महत्वपूर्ण दायित्व को निभाएंगे।

## मोहम्मद रफी को दी गयी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** प्रसिद्ध गायक मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि के अवसर पर देव एंड फ्रेंड्स म्यूजिकल ग्रुप एवं देव आर्ट एंड म्यूजिक सोशल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में एक भावपूर्ण संगीतमय संध्या 'तुम मुझे यूं भुला न पाओगे' का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य रफी साहब के अमर गीतों के माध्यम से उन्हें स्वरांजलि अर्पित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत रफी साहब की तस्वीर पर माल्यार्पण के साथ की गई। इस अवसर पर खगौल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सुशील कुमार सिंह, देव एंड फ्रेंड्स के कलाकारों एवं देव आर्ट एंड म्यूजिक स्कूल के विद्यार्थियों ने श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। सांगीतिक प्रस्तुति की शुरुआत गायक एस. रमन द्वारा रफी साहब के अमर गीत 'तुम मुझे यूं भुला न पाओगे' से हुई जो पूरे कार्यक्रम का शीर्षक भी था। इसके बाद गायिका पूर्णिमा ने 'एहसान तेरा होगा मुझ पर', नीलोफर शबनम ने 'वो जब याद आए' और 'दीवाना हुआ बादल' जैसे भावुक गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में गौतम बनर्जी ने 'तेरी आंखों के सिवा', रामकुमार लाल, डॉ. सुभाष, प्रशांत, ममता, सानवी, निलेश करण, हर्ष राज और समृद्धि सहित कई कलाकारों ने रफी साहब के लोकप्रिय गीतों को सुरों के माध्यम से भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की संगीत संगत में प्रमुख रूप से रवि रंजन प्रसाद सिंहा (कीबोर्ड), काजल चक्रवर्ती (गिटार), संतोष सिंहा (ऑक्टोपैड), चंदन (ढोलक) और देव कुमार लाल (तबला) शामिल रहे जिन्होंने सभी गायन प्रस्तुतियों को सुरमयी स्पर्श प्रदान किया। इस सुरमयी शाम में डॉ. सुशील कुमार सिंह के साथ बिंदु कुमारी, वंदिता कुमारी, निलेश कुमार, ख्याति श्री, सृष्टि सिंहा, अंशिका और देव आर्ट एंड म्यूजिक स्कूल के अन्य विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## नीतीश सरकार की पहल से विपक्ष की थोथी घोषणाएं हुई धराशायी : संतोष सुमन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** हम (से.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष सुमन ने कहा है कि बिहार में नीतीश सरकार की पहल से विपक्ष की थोथी और खोखली घोषणायें धराशाही हो गई हैं। नीतीश सरकार केवल न्याय के साथ विकास ही नहीं, प्रदेश के हर वर्ग और नागरिक के सम्मान की भी गारंटी है। डॉ. सुमन ने कहा कि मुख्यमंत्री ने मध्यान्ह भोजन योजना के तहत कार्यरत रसोइयों का मानदेय 1650 रुपये से बढ़ा कर 3300 रुपए, नाइट गार्ड का मानदेय 5000 रुपए से बढ़ा कर 10000 रुपये और शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशकों का मानदेय 8 हजार से बढ़ा कर 16 हजार रुपये करने का एलान कर विपक्ष को मुद्दाविहीन बना दिया है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार केवल घोषणाएं ही नहीं कर रही है, बल्कि उस पर अमल भी कर रही है। सरकार ने सामाजिक सुरक्षा के तहत वृद्ध, विधवा व दिव्यांगों की पेंशन राशि 400 से बढ़ा कर 1100 रुपये प्रति माह करने की घोषणा की और पिछले माह की 11 तारीख को 1.11 करोड़ लाभार्थियों के खाते में बढ़ी हुई राशि पहुंच गई। श्री सुमन ने कहा कि आशा और ममता कार्यकर्ताओं का मानदेय बढ़ाने, दीदी की रसोई में 40 की जगह 20 रुपए में भोजन की थाली देने, दिव्यांगों के लिए सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना, 8 हजार से अधिक पंचायतों में कन्या विवाह भवन बनाने, पत्रकारों की पेंशन बढ़कर 15 हजार करने की घोषणाएं सरकार की सर्वस्पर्शी लोकहितकारी प्रयास को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा युवाओं को इंटर्नशिप के लिए 6 हजार देने, 5 साल में 1 करोड़ नौकरियां देने, प्रदेश के 1.67 करोड़ परिवारों को प्रतिमाह 125 यूनिट बिजली फ्री देने, गुरु-शिष्य परंपरा योजना की मंजूरी, आंगनबाड़ी सेविका को फोन खरीदने के लिए मिलेंगे।

## प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों के कार्यों की होगी सघन समीक्षा

### अपर मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** शिक्षा विभाग के तहत राज्यभर में संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों के सुचारु संचालन को लेकर सरकार सख्त हो गई है। विभागीय समीक्षा में प्रखंड स्तर पर कार्य निष्पादन में लापरवाही सामने आने के बाद अब सभी जिलों में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों (बीईओ) के कार्यों और उपलब्धियों की गहन समीक्षा की जाएगी। इस संबंध में शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने सभी जिलाधिकारियों को पत्र भेजकर आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। 25 जुलाई 2025 को आयोजित वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हुई राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक में कई जिलों के शिक्षा पदाधिकारियों ने यह जानकारी दी कि कुछ प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी लक्ष्यों की प्राप्ति, योजनाओं के अनुश्रवण और उनके गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन में अपेक्षित तत्परता नहीं बरत रहे हैं। इस पर गंभीरता दिखाते हुए अपर मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों से अनुरोध किया है कि वे जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) के साथ समन्वय कर बीईओ के कार्यों की समीक्षा करें। यदि कहीं कार्य निष्पादन में निरंतर लापरवाही या क्षमतागत बाधा पाई जाती है, तो कार्यहित में उनके प्रभार में आवश्यक संशोधन या परिवर्तन सुनिश्चित किया जाए। इस निर्देश की प्रतिलिपि सभी प्रमंडलीय आयुक्तों, उपविकास आयुक्तों, शिक्षा विभाग के सभी निदेशकों, सचिवों तथा शिक्षा मंत्री के आप्त सचिव को सूचनार्थ भेजी गई है। साथ ही सभी क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी को भी इसकी जानकारी दी गई है। शिक्षा विभाग के इस कदम को जमीनी स्तर पर शैक्षिक व्यवस्थाओं की निगरानी मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## सीनियर अकाउंटेंट के पद से सेवानिवृत्त हुए रेलकर्मी अरविंद कुमार सिन्हा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय दानापुर के अकाउंट्स डिपार्मेंट में पदस्थापित तथा रेल कर्मियों एवं अधिकारियों के बीच में समान रूप से लोकप्रिय अरविंद कुमार सिन्हा 31 जुलाई 2025 को सेवानिवृत हुए। श्री सिन्हा ने अपनी रेल सेवा की शुरुआत पूर्व रेलवे, फेयरली प्लेस, कोलकाता में जूनियर अकाउंट्स अस्सिटेंट के रूप में की थी तथा पिछले 22 वर्षों से दानापुर मंडल में एक कर्मठ कर्मचारी के रूप में अपनी पहचान बनाने में सफल रहे।

## बिहार में बदलाव चाहने वाले सभी लोगों का जन सुराज में स्वागत : प्रशांत किशोर



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जन सुराज पार्टी ने आज पटना के बेली रोड स्थित शेखपुरा हाउस में मिलन समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम में पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर की मौजूदगी में भाजपा के महामंत्री रहे सुधीर शर्मा, प्रदेश महिला प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष रहीं विनीता मिश्रा और समस्तीपुर निवासी युवा उद्यमी चेतना झांब समेत कई राजनीतिक दलों के बड़े नेताओं के साथ सैकड़ों कार्यकर्ताओं और विभिन्न जिलों के गणमान्य सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों ने जन सुराज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय सिंह ने सभी को पीला गमछा ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान प्रशांत किशोर ने कहा कि जन सुराज में वो लोग आ रहे जो बेहतर व्यवस्था बनाना चाहते हैं। हम चाहते हैं कि बिहार सुधरे। हम चाहते हैं कि कर्नाटक-गुजरात की तरह बिहार में भी विकास हो। हमलोग उपरवाले की प्रेरणा से काम कर रहे हैं। भाजपा में जिस चाल चरित्र चेहरा की बात होती थी, उस चेहरे वाले लोग अब जन सुराज में दिख रहे हैं। अभिमन्यु का उदाहरण देते हुए कहा कि उसके बलिदान की ही चर्चा होती है, उसे घेर कर मारने वालों की चर्चा नहीं होती।

## सबके सहयोग से चलाया जाएगा नमामि गंगे अभियान : नीतू नवगीत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** बिहार शहरी अवसंरचना विकास निगम ने लोक गायिका नीतू कुमारी नवगीत को गंगा स्वच्छता मिशन के तहत ब्रांड एंबेसडर बनाया है। बुडको के प्रबंध निदेशक अनिमेष कुमार पाराशर ने राज्य की प्रसिद्ध लोक गायिका नीतू कुमारी नवगीत को नमामि गंगे अभियान के तहत गंगा नदी की स्वच्छता हेतु प्रचार-प्रसार करने के लिए अभियान का ब्रांड एंबेसडर बनाया है जिसका प्रमाण पत्र नीतू कुमारी नवगीत को सौंपा गया है। इस दायित्व को मिलने के बाद मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए नीतू कुमारी नवगीत ने कहा कि लोकगीत एक ऐसा सशक्त माध्यम है जिससे समाज के सभी वर्गों को किसी उद्देश्य विशेष के लिए आसानी से जागरूक किया जा सकता है। बिहार में लोकगीतों की समृद्ध परंपरा रही है। अनेक लोकगीत मां गंगा को भी समर्पित हैं। भारतीय जीवन दर्शन में प्रकृति की पूजा का विशेष महत्व है। हम प्राचीन काल से नदियों की पूजा भी करते आए हैं जिनमें गंगा नदी सबसे प्रमुख है। नीतू कुमारी नवगीत ने कहा कि गंगा नदी न सिर्फ देश की जीवन रेखा है बल्कि विभिन्न तीर्थ में सर्वोत्तम तीर्थ का स्थान भी इस नदी को प्राप्त है। हरिद्वार काशी और पटना जैसे धार्मिक महत्व के अनेक नगर इस नदी के तट पर बसे हुए हैं। पूरी आर्य सनातन वैदिक संस्कृति का विकास गंगा नदी के तट पर ही हुआ और इसीलिए यह नदी भारतीय संस्कृति का मूलाधार बनी। गंगा नदी को स्वच्छ बनाए रखना हम सब का कर्तव्य है क्योंकि यह मोक्षदायिनी भी है और सुरसरिता भी। गंगा जी की महिमा अपरंपार है। बुडको और इसके प्रबंध निदेशक को धन्यवाद देते हुए नीतू कुमारी नवगीत ने कहा कि जो यह बड़ी जिम्मेदारी मुझे मिली है, उसे पूरा करने के लिए सबकी भागीदारी और सबका सहयोग लेते हुए वह काम करेंगी।

## चुनाव आयोग के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मिल कांग्रेस ने दिया सुझाव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी ने राज्य चुनाव आयोग के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मिलकर आवश्यक सुझाव दिया। बिहार कांग्रेस के प्रतिनिधि के रूप में वरिष्ठ नेता ब्रजेश प्रसाद मुनन ने चुनाव आयोग के समक्ष पार्टी के सुझावों को रखा। कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधि के तौर पर इस बैठक में शामिल वरिष्ठ नेता ब्रजेश प्रसाद मुनन ने कांग्रेस पार्टी की ओर से दिए गए अपने सुझाव में कहा है कि हम विशेष गहन निरीक्षण में संलग्न सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद करते हैं जिनके प्रयास से मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित हुआ। सही मतदाताओं के व्यापक हित में निर्देशानुसार हम आग्रह करते हैं कि 1-1-2003 के मतदाता सूची के अनुसार कितने मतदाता इस प्रारूप सूची में चिन्हित हुये। कितने बगैर किसी दस्तावेजी सबूत के संलग्न किये, निर्वाचन विभाग को प्राप्त हुये।

## बिहार में पीएम किसान उत्सव दिवस आज



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त के वितरण को लेकर 02 अगस्त, 2025 को पटना स्थित बापू सभागार, गांधी मैदान में भव्य 'पी.एम. किसान उत्सव दिवस' का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वाराणसी से इस किस्त का ऑनलाइन वितरण करेंगे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस आयोजन के मुख्य अतिथि होंगे भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान। विशिष्ट अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, पशु और मत्स्य संसाधन मंत्री रेणु देवी तथा मंत्री पथ निर्माण विभाग नीतीन नवीन शामिल होंगे। श्री सिन्हा ने कहा कि कार्यक्रम में बिहार के सभी 38 जिलों से 5000 से अधिक किसान, कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिक, कृषि विभाग के अधिकारी और कृषक मित्र भाग लेंगे। इस अवसर पर 74,00,000 किसानों के खातों में योजना की राशि अंतरित की जाएगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के लिए यह योजना अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुई है।

## डाकबंगला चौराहे पर आइकॉनिक क्लॉक टावर का लोकार्पण कल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** रोटरी क्लब ऑफ पाटलिपुत्रा ने राजधानी की शान और पहचान को निखारने की खास पहल की है। क्लब की ओर से शहर के सबसे व्यस्त और ऐतिहासिक डाकबंगला चौराहे पर निर्मित आइकॉनिक रोटरी क्लॉक टावर का शुभारंभ 3 अगस्त रविवार को सुबह 9 बजे होगा। रोटरी पाटलिपुत्र की पास्ट प्रेसीडेंट स्वाति मोदी ने बताया कि यह घड़ी यूरोपियन टेक्नोलॉजी से बनी है जो बंद नही होगी। 3 फीट डायामीटर की ये घड़ियां दूर से ही दिखाई देती है और रात में घड़ियों में लाइट की भी व्यवस्था है, लाइट भी जलेगी। मौसम का कोई दुष्प्रभाव इन घड़ियों पर नहीं पड़ेगा क्योंकि ये वेदर प्रूफ भी है। इन घड़ियों का संचालन बिजली से होगा, लेकिन बिजली नही रहने पर भी ये घड़ियां कुछ घंटे तक चलती रहेगी। मोदी ने कहा कि शहरी सौंदर्यीकरण और धरोहर संरक्षण की दिशा में उठाए गए इस अनूठे कदम का लोकार्पण बिहार सरकार के नगर विकास एवं आवास मंत्री जिवेश कुमार करेंगे। कार्यक्रम में पटना नगर निगम के आयुक्त अमरेश पराशर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे जबकि रोटेरियन बिपिन चाचन (आईपीडीजी, आरआईडी-3250) विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल होंगे।

## स्वतंत्रता दिवस पर राज्य के श्रेष्ठ करदाताओं को मिलेगा 'भामाशाह सम्मान'

### उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने जारी किया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार सरकार ने करदाताओं के योगदान को मान्यता देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। वाणिज्य कर विभाग के तहत राज्य के प्रत्येक वाणिज्य-कर अंचल से गैर-कॉर्पोरेट क्षेत्र के तीन सर्वाधिक करदाताओं को इस वर्ष 'भामाशाह सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री सह वाणिज्य कर मंत्री सम्राट चौधरी ने इस आशय का पत्र जारी किया है। पत्र में कहा गया है कि यह सम्मान उन व्यवसायियों को दिया जाएगा जिनका राज्य के कर संग्रहण में उल्लेखनीय योगदान रहा है। सम्मान स्वरूप उन्हें एक प्रशस्ति पत्र के साथ नगद पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा। यह पहल अन्य करदाताओं को भी प्रेरित करेगी और राज्य के राजस्व तंत्र को और अधिक सशक्त बनाएगी। उपमुख्यमंत्री ने सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार, जो कि कैमूर जिले के प्रभारी मंत्री भी हैं, से आग्रह किया है कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले के मुख्य समारोह में, मुख्य झंडोत्तोलन मंच से चयनित व्यवसायियों को अपने हाथों से सम्मानित करें। सरकार का यह निर्णय करदाताओं और व्यापार समुदाय के बीच सकारात्मक संदेश देने वाला है।

## राज्य में जल्द होगी सैनिक कल्याण निगम की स्थापना : अरविंद चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य के पूर्व सैनिकों, उनके आश्रितों और शहीद सैनिकों की विधवाओं के उत्थान के लिए बिहार सैनिक कल्याण निदेशालय के अधीन जल्द ही सैनिक कल्याण निगम की स्थापना की जाएगी। साथ ही राज्य के एक दर्जन अन्य जिलों में सैनिक कल्याण केन्द्रों की भी स्थापना की जाएगी। गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविन्द कुमार चौधरी ने शुक्रवार को शहीद सैनिकों की वीरांगनाओं एवं पूर्व सैनिकों की आश्रित पत्नी व बेटियों को स्वाबलंबी बनाने के उद्देश्य से सैनिक कल्याण निदेशालय द्वारा राज्य में पहली बार आयोजित दस दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण शिविर के बाद 20 वीरांगनाओं के बीच स्वचालित सिलाई मशीन और सिलाई प्रशिक्षण से संबंधित प्रमाण पत्र का वितरण कर रहे थे। इस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सैनिक कल्याण निदेशालय, भारतीय स्टेट बैंक और एक गैर सरकारी संगठन नव अस्तित्व के संयुक्त तत्वावधान में राजधानी के अल्बर्ट एक्का भवन में किया गया था।

## मिथिला पेंटिंग को रोजगार से जोड़ने के लिए प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** श्रम संसाधन विभाग के अंतर्गत बिहार कौशल विकास मिशन के सौजन्य से शुक्रवार से मिथिला पेंटिंग प्रशिक्षण केंद्र का शुभारम्भ पटना के मैनपुरा, राजापुर पुल स्थित पोखर भवन के निकट किया गया जिसमें प्रशिक्षित युवाओं विशेषकर महिलाओं को प्रशिक्षित कर रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा। इसकी जानकारी बिहार कौशल विकास मिशन के मिशन निदेशक और लवली क्रिएशन द्वारा दी गयी है। राज्य की पारंपरिक लोक कलाओं को प्रोत्साहित करने और स्थानीय युवाओं को कौशल के माध्यम से रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं, विशेषकर महिलाओं को मिथिला पेंटिंग जैसे पारंपरिक और समृद्ध लोककला में दक्ष बनाना है। ताकि वे न केवल अपनी कला को निखार सकें, बल्कि उसे आय के साधन में बदल सकें। यह पहल राज्य के सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के साथ-साथ आर्थिक सशक्तिकरण को भी बढ़ावा देगी। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी सहायक सिद्ध होगा। प्रशिक्षुओं को निःशुल्क प्रशिक्षण, आवश्यक सामग्री और तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। ताकि वे खुद का व्यवसाय शुरू कर सकें या सरकारी व निजी परियोजनाओं में रोजगार पा सकें। भविष्य में विभाग द्वारा इस तरह के अन्य स्थानीय कलाओं में प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की जायेगी जिससे बिहार के स्थानीय कलाओं को प्रोत्साहन मिलेगा एवं राज्य के युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। इससे न केवल बिहार की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान मिलेगी, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए स्थायी रोजगार के द्वार भी खुलेंगे।

## अजीत सिंह की 18वीं पुण्यतिथि पर शहरी सहकारी बैंक में श्रद्धांजलि कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पूर्व सांसद अजीत सिंह की 18वीं पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए उनके द्वारा स्थापित दी अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, न्यू डाक बांग्ला रोड की मुख्य शाखा में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ हुई। बैंक के कार्यपालक अधिकारी रणधीर कुमार सिंहा, प्रबंधक अर्जुन कुमार सिंह और शिवराज कुमार सोनू ने संयुक्त रूप से दीप जलाया। इस मौके पर बैंक के कर्मचारियों और उपस्थित ग्राहकों ने पुष्प अर्पित कर अजीत सिंह को स्मरण किया। कार्यक्रम के दौरान सभी ने एक स्वर में ल्लअजीत बाबू अमर रहें !ङ्क के जयघोष के साथ उन्हें श्रद्धांजलि दी। अजीत सिंह बिक्रमगंज से लोकसभा सांसद रह चुके थे और सहकारिता क्षेत्र में उनके योगदान को आज भी महत्वपूर्ण माना जाता है। उन्होंने नेफ़ेड, इफको, कृभको, एनसीसीएफ, एनसीयूआई, नाबार्ड, बिस्कोमान, भूमि विकास बैंक और अन्य सहकारी संस्थाओं के माध्यम से किसानों और आम लोगों को सशक्त करने का कार्य किया।


बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14

**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**

**विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी. (डी.सी.ई.सी.ई.)-2025/12 दिनांक- 01.08.2025**

**डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा-2025**

**सरकारी / निजी क्षेत्र के पॉलिटेकनिक (अभियंत्रण) [PE] कॉलेजों में प्रवेश हेतु Online Mop-up Counselling से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

डिप्लोमा सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा-2025 के PE कोर्स ग्रुप मे सम्मिलित सभी अभ्यर्थियों / सम्बन्धित संस्थान के प्राचार्य तथा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि DCECE(PE)-2025 की पूर्व प्रकाशित मेधासूची के आधार पर प्रथम अथवा द्वितीय चक्र की online counselling के माध्यम से सरकारी / निजी क्षेत्र के पॉलिटेकनिक संस्थानों में पॉलिटेकनिक अभियंत्रण के विभिन्न पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में हुए सीट आवंटन तद्नुसार नामांकन के पश्चात् शेष रिक्तियों की पाठ्यक्रमवार/ संस्थानवार / कोटिवार रिक्तियाँ पर्षद की वेबसाइट bceceboard.bihar.gov.in पर उपलब्ध करा दी गयी हैं। **इन सीटों को भरने हेतु Online Mop-up Counselling होगा। Willingness / Choice Filling / Mop-up Counselling कार्यक्रम की पूर्ण विवरणी, Willingness एवं Choice filling की विधि आदि पर्षद के वेबसाइट bceceboard.bihar.gov.in पर विज्ञापन संख्या-BCECEB(DCECE)-2025/11 दिनांक 01.08.2025 द्वारा उपलब्ध करायी गयी है।**

जो अभ्यर्थी DCECE(PE)-2025 की प्रथम अथवा द्वितीय चक्र की online counselling के माध्यम से सरकारी / निजी क्षेत्र के पॉलिटेकनिक संस्थानों में नामांकन ले चुके हैं और Mop-up Counselling भाग लेना चाहते हैं **अथवा** जिनका प्रथम एवं द्वितीय चक्र की कॉउन्सेलिंग से सीट आवंटन नहीं हुआ है **अथवा** किसी कारण से उनका आवंटित सीट रद्द कर दिया गया है **अथवा** किसी कारण से अपने Reporting Centre पर जा कर Document Verification नहीं करा पाये हैं, वैसे सभी अभ्यर्थी भी Online Mop-up Counselling के लिए पात्रता-प्राप्त हैं।

**Willingness एवं Choice filling की प्रक्रिया दिनांक 04.08.2025 से प्रारम्भ होगा। उक्त निदेश के अनुसार पात्रता-प्राप्त अभ्यर्थी संस्थान एवं ब्रांच का Choice of Preference of Colleges / Branches भरें।**

परीक्षा नियंत्रक

# निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी से असंतुष्ट हैं तो जिलाधिकारी के समक्ष करें अपील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**सासाराम।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेश के आलोक में अर्हता तिथि 1 जुलाई 2025 के आधार पर संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण अंतर्गत आज 1 अगस्त 2025 को निर्वाचक सूची का प्रारूप प्रकाशन किया गया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 1 अगस्त 2025 से 1 सितम्बर 2025 तक दावा/आपत्ति प्राप्त किया जाना है तथा प्राप्त दावा / आपत्ति का निष्पादन करते हुए 30 सितंबर 2025 को निर्वाचक सूची का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। प्रारूप प्रकाशन के संदर्भ में जिला निर्वाचन पदाधिकारी रोहतास की अध्यक्षता में सभी राजनैतिक दलों के साथ आयोजित बैठक के पश्चात सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को प्रारूप निर्वाचक सूची तथा ऐरो निर्वाचकों की सूची उपलब्ध करायी गयी जिनका गणना प्रपत्र प्राप्त नहीं हुआ है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सभी राजनैतिक दलों से अनुरोध किया गया कि ऐसे पात्र मतदाता जो निर्वाचक सूची में शामिल होने से रह गये हैं तथा ऐसे अपात्र मतदाता जो निर्वाचक सूची में दर्ज है के विरुद्ध फार्म भर कर दावा/आपत्ति संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के समक्ष दायर किया जाय। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सभी उपस्थित दलों को बताया गया कि यदि आप निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी से असंतुष्ट हैं तो जिला दण्डाधिकारी के यहां अपील कर सकते हैं। इसके पश्चात अपील 30 दिन के अन्दर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के यहां की जा सकती है। प्रारूप प्रकाशित निर्वाचक सूची की सभी विधान सभाओं में पुरूष निर्वाचक 1132084, महिला निर्वाचक 1008132 तथा अन्य निर्वाचकों की सं0-57 इस प्रकार कुल निर्वाचकों की सं 2140273 है। मतदान केन्द्र युक्तिकरण के पश्चात रोहतास जिलान्तर्गत मतदान केन्द्रों की संख्या 2692 है। दावा/आपत्ति अवधि में कोई व्यक्ति (अर्हता तिथि 01.07.2025 एवं 01.10.2025) के आधार पर निर्वाचक सूची में पंजीकरण हेतु प्रपत्र-6 के माध्यम से ऑनलाइन / ऑफलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं। आवेदक को अपने आवेदन में आयोग द्वारा निर्धारित दस्तावेजों के साथ-साथ घोषणा पत्र भी देना होगा। यदि कोई निर्वाचक प्रपत्र-8 के माध्यम से बिहार राज्य के अंतर्गत आवास परवर्तित करते हैं तो उन्हें फार्म के साथ दस्तावेज संलग्न करना आवश्यक नहीं होगा। दावा / आपत्ति के अवधि में ऐसे निर्वाचक जिन्होंने अपने गणना प्रपत्र के साथ दस्तावेज संलग्न नहीं किये हैं उनसे आयोग द्वारा निर्धारित दस्तावेज संकलित किये जायेंगे।

# रोजगार प्रोत्साहन योजना पर जागरूकता सत्र का सफल आयोजन

**प्रतिनिधियों को योजना के प्रावधानों, लाभों एवं आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बंजारी (रोहतास)।** डालमिया सीमेंट भारत लिमिटेड, रोहतास सीमेंट वर्क्स, कल्याणपुर, बंजारी (जिला रोहतास) के परिसर में रोजगार प्रोत्साहन योजना पर एक दिवसीय जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के सहयोग से आयोजित किया गया था जिसका उद्देश्य स्थानीय एवं क्षेत्रीय नियोजकों को भारत सरकार की इस प्रमुख योजना से अवगत कराना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुकेश पाल सिंह तोमर (प्रवर्तन अधिकारी, केंद्रीय - पटना) उपस्थित रहे। उन्होंने उपस्थित प्रतिनिधियों को योजना के प्रावधानों, लाभों एवं आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे यह योजना नियोजकों को नए कर्मचारियों की नियुक्ति पर सरकार द्वारा वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करती है जिससे औपचारिक रोजगार को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम में क्षेत्र के कई प्रतिष्ठित उद्यमों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों एवं सेवा क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभी ने इस योजना में गहरी रुचि दिखाई और इसे अपने-अपने संस्थानों में लागू करने की इच्छा जताई।
डालमिया सीमेंट भारत लिमिटेड ने इस आयोजन के माध्यम से अपने उत्तरदायित्व की भावना को भी प्रदर्शित किया जिसमें स्थानीय युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम रहा। कंपनी प्रबंधन ने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी इस तरह के सत्रों का आयोजन किया जाएगा जिससे अधिक से अधिक हितधारकों को योजना का लाभ मिल सके। इस अवसर पर कंपनी के कई अधिकारी, क्षेत्रीय प्रशासन के प्रतिनिधि एवं अन्य सम्मानित अतिथि भी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना का स्टाल लगाकर का किया जा रहा जागरूक

**बिजली उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक नहीं लगेगा कोई शुल्क**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**सासाराम।** बिहार सरकार द्वारा हाल ही में राज्य के बिजली उपभोक्ताओं के लिए 125 यूनिट फ्री बिजली की घोषणा की गई थी जो 1 अगस्त से प्रभावी माना जायेगा जिसको लेकर बिजली विभाग के प्रशासनिक पदाधिकारी एवं विभाग के कर्मियों द्वारा प्रखंड क्षेत्र के अलग-अलग जगहों पर स्टॉल लगाकर बिजली उपभोक्ताओं को जागरूक किया जा रहा है। ताकि उपभोक्ताओं में सरकार के इस महत्वाकांक्षी योजना के बारे में कोई भी संदेह रहे। इसकी जानकारी देते हुए इंद्रपुरी सबस्टेशन के जेई कमलेश कुमार ने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं के लिए सरकार द्वारा निर्देश जारी किया गया है कि राज्य के प्रत्येक बिजली उपभोक्ता को प्रत्येक महीने 125 यूनिट बिजली मुफ्त में दिया जाएगा जिसको लेकर बिजली विभाग द्वारा प्रखंड क्षेत्र के अलग-अलग जगहों पर स्टाल लगाकर इस योजना के प्रति बिजली उपभोक्ताओं को जागरूकता कार्यक्रम के जरिये जागरूक किया जा रहा है और सम्पूर्ण जानकारी दिया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को तिलौथू के थाना चौक पर बिजली विभाग के पदाधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा एक स्टॉल लगाकर क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं को 125 यूनिट मुफ्त बिजली योजना की जानकारी दी गई एवं इसके प्रति जागरूक किया गया।

# विद्युत कॉलोनी में फायरिंग, खोखा बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर थाना के तारबंगला स्थित विद्युत कॉलोनी में गुरुवार देर रात अज्ञात अपराधियों ने बिजली विभाग के कर्मचारी के घर पर ताबड़तोड़ फायरिंग की जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंच तीन कारतूस के खोखा, खाली शराब की बोतलें, कंडोम बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार बिजली कॉलोनी में गुरुवार की देर रात चार पहिया वाहन पर सवार करीब दर्जनों अपराधियों ने बिजली विभाग के एक कर्मचारी के घर पर जमकर कई हवाई फायरिंग की। घटना की सूचना मिलते ही एएसपी अतुलेश झा, एफएसएल एक्सपर्ट प्रभात कुमार, पुलिस निरीक्षक सह डिहरी नगर थानाध्यक्ष शिवेन्द्र कुमार ने क्वार्टर में रह रहे बिजली विभाग के ऑपरेटर सुनिल कुमार के घर पहुंचे। सुनील कुमार फिलवक्त अपने मां के साथ डालमियानगर में रहते हैं। घटना की सूचना मिलते ही सुनील कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने मित्र रौशन ऋतुराज को आवास दे रखा था। पुलिस ने मौके से तीन गोली का खोखा बरामद किया गया है। साथ ही विद्युत कर्मी के क्वार्टर के रूम में से बड़े पैमाने पर कीमती शराब की खाली बोतलें व तीन चार पैकेट कंडोम बरामद किया है। पुलिस ने सभी कमरों सहित मुख्य गेट को सील कर दिया है। सुनिल कुमार ने इस संबंध में अज्ञात अपराधियों पर प्राथमिकी किया है। बताया जा रहा है कि रौशन ऋतुराज ठीकेदारी करता है। इस क्वार्टर में आये दिन दर्जनों लोग महंगी कार व बुलेट से आते जाते थे। बिजली विभाग के जेई सुजीत कुमार से भी एएसपी ने पूछताछ किया है। एएसपी अतुलेश झा के अनुसार असामाजिक तत्वों ने तीन हवाई फायरिंग किया है।

## डुप्लीकेट विद्युत तार जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर थाना क्षेत्र के मोहन बिगहा स्थित मो. आलम के विद्युत प्रतिष्ठान से मुंबई के नामी विद्युत तार निर्माता पोली कैप व गोल्ड मेडल के सैकड़ों पैकेट नकली विद्युत तार जब्त किया। पुलिस के अनुसार कम्पनी के प्रतिनिधि हरमिन्दर सिंह की निशानदेही पर मोहन बिगहा के दीप इलेक्ट्रिक पर छापेमारी किया गया जहां से सैकड़ों पैकेट बंद नकली तार जब्त किया गया। पुलिस दुकान मालिक से पूछताछ कर रही है।

## देशी शराब बरामद, महिला धंधेबाज फरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** स्थानीय पुलिस ने थाना क्षेत्र के बराढ़ी गोला, मुसई टोला से गुप्त सूचना पर छापेमारी कर दो अलग-अलग प्रकार के कुल साढ़े आठ लीटर देसी शराब बरामद किया। वहीं महिला धंधेबाज पुलिस को आते देख मौका पाकर फरार हो गई। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष दिलीप राम ने बताया कि पुलिस गश्ती के दौरान गुप्त सूचना मिली कि बराढ़ी गांव के मुसई टोला वार्ड 15 में स्व राम अयोध्या राम की पत्नी किरण कुंवर अपने घर में देशी शराब रख बिक्री कर रही है। वहीं पुलिस सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई करते हुए उक्त स्थल पर छापामारी कर दो झोला से अलग-अलग प्रकार के 8.740 लीटर देशी शराब बरामद किया गया।

# मल्हीपुर गांव में जन सुराज की बिहार बदलाव सभा का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी (रोहतास)।** प्रखंड के मल्हीपुर पंचायत सरकार भवन के बगल में खेल मैदान में जन सुराज पार्टी द्वारा बिहार बदलाव सभा का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पर्यवेक्षक शैउद आलम उर्फ लड्डू ने कहा कि बिहार की सामाजिक राजनीतिक आर्थिक स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि अब समय है कि राज्य का दशा और दिशा बदली जाए। उन्होंने कहा कि दशकों से पारंपरिक दलों ने सत्ता की लालसा में जनता को जाति धर्म के नाम पर बांट रहे हैं। इस मौके पर जिलाध्यक्ष हीरालाल कुशवाहा ने कहा कि सत्ता नहीं बल्कि व्यवस्था परिवर्तन का आंदोलन है, पार्टी का उद्देश्य है बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, युवाओं को रोजगार, महिलाओं को आर्थिक, सशक्तिकरण, आय दोगुनी करना, बुजुर्गों को पेंशन प्रतिमाह दो हजार देना, बिहार के लोगों को पलायन से रोकना। कार्यक्रम के आयोजक चेनारी विधानसभा के भावी प्रत्याशी भोला चौधरी ने कहा कि जनसुराज बिहार के आत्म सम्मान और गौरव को फिर से स्थापित करना चाहती है। जन सुराज की वैकल्पिक राजनीतिक सुशासन और विकास के विजन को विस्तार रखा।

# विश्व स्तनपान दिवस का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय पीएम श्री मध्य विद्यालय शिवगंज डिहरी में मीना मंच की संयोजिका शिक्षिका सुजाता प्रसाद के द्वारा विश्व स्तनपान दिवस का आयोजन कराया गया। इस अवसर पर मीना मंच के छात्रों के द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया तथा समुदाय से सहयोग प्राप्त करते हुए माता को बुलाकर बच्चों के बीच में गतिविधियां कराई गई। मीना मंच की संयोजिका शिक्षिका के द्वारा कक्षा 7-8 में पढ़ने वाली छात्राओं को यह बताया गया कि जब कोई महिला मां बनती है उसे अपने बच्चों को पीला और गाढ़ा दूध पिलाने से बच्चे निमोनिया जैसे जानलेवा बीमारी के शिकार नहीं हो पाते हैं तथा बच्चे बुद्धिमान होते हैं तथा उनके अंदर रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाती है। मां को भी बच्चों के दूध पिलाने से रक्तस्राव कम होता है ओवरी तथा स्तन कैंसर को कम करने में मदद करती है। प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने बताया कि मां का दूध नवजात शिशुओं के लिए सर्वोत्तम आहार होता है। इस अवसर पर विद्यालय में पेंटिंग प्रतियोगिता में लक्ष्मी कुमारी, पल्लवी कुमारी, अंशिका कुमारी, प्रिया कुमारी, रितु कुमारी, सृष्टि कुमारी आदि छात्राओं ने भाग लिया। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षिका उपस्थित थे।


## शपथ पत्र

मैं विनीत प्रकाश (VINIT PRAKASH) उम्र-22 वर्ष पिता-शितांशु पाठक (SHITANSHU PATHAK) निवासी ग्राम-पाठक बिगहा थाना-जम्होर, जिला-औरंगाबाद (बिहार) एतद द्वारा निम्न आशय का शपथपूर्वक घोषणा करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूं।
मेरे पिता का नाम मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्र में शितांशु पाठक (SHITANSHU PATHAK) अंकित है।
मेरे पिताजी के आधार कार्ड में उनका नाम शितांशु शेखर(SHITANSHU SHEKHAR) अंकित है। शितांशु पाठक एवं शितांशु शेखर दोनों एक ही व्यक्ति का नाम है जो मेरे पिताजी हैं। मैं इस शपथ पत्र का निष्पादन असम राइफल (ASSAM RIFLES)में योगदान(Joining)हेतु निष्पादित कर रहा हूं।
मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरी व्यक्तिगत जानकारी में सही एवं सत्य है। शपथ पत्र संख्या-18066- दिनांक-27/10/23 है।

शपथकर्ता
विनीत प्रकाश


## नारायण मेडिकल कॉलेज द्वारा किया जाएगा मातृत्व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल जमुहार के सामुदायिक औषधि विभाग द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि पहली अगस्त से सात अगस्त तक स्तनपान सप्ताह के रूप में मनाया जाता है। उक्त अवसर पर नारायण चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के सामुदायिक औषधि विभाग सप्ताह के प्रत्येक दिन अलग-अलग स्थानों पर मातृत्व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इसकी पहली कड़ी में सप्ताह के प्रथम तिथि को आज अपने परिवार दत्तक ग्रहण कार्यक्रम 2024-25 से अच्छादित ग्राम लेरूवा में सामुदायिक दायित्व का निर्वहन करते हुए आंगनबाड़ी केंद्र तथा पोषक क्षेत्र में मातृत्व महिला समूह को जागरूकता प्रदान की गई। मातृत्व महिला समूह से जागरूकता कार्यक्रम के क्रम में कार्यक्रम के मार्गदर्शक डॉ. भरत ने स्तनपान के वैज्ञानिक पहलुओं को विस्तार से समझाया। साथ ही डॉ. अमरजीत ने भी ग्रामीण महिलाओं से संवाद स्थापित कर उनके प्रश्नों का समाधान किया। सामुदायिक चिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर निपेंद्र आनंद के निर्देशन में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न की गई।

# मतदाता सूची के प्रारुप का प्रकाशन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** भारत निर्वाचन आयोग से जारी गाइडलाइन के अनुसार जिला प्रशासन ने शुक्रवार को मतदाता सूची के प्रारुप का प्रकाशन कर दिया है। मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने एवं संशोधन के लिए दावा आपत्ति का आवेदन दे सकते हैं। जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार ने बताया कि दावा आपत्ति का आवेदन प्राप्त करने के लिए जिले के सभी प्रखंडों एवं शहरी क्षेत्रों में नगर परिषद तथा नगर पंचायत कार्यालयों में दो अगस्त से विशेष कैंप का आयोजन कर रहा है। इस कैंप का आयोजन एक सितम्बर तक प्रत्येक दिन रविवार को भी सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा इस बात की जानकारी दी गई कि विशेष कैम्प विशेष कैम्प का यह उद्देश्य है कि 'कोई भी मतदाता छूटे नहीं'। ऐसे पात्र नागरिक जिनका नाम किसी कारणवश प्रारूप निर्वाचक सूची में शामिल नहीं है या 01.07.2025 को अर्हता प्राप्त नागरिक स्वयं प्ररूप-6, घोषणा पत्र एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ समर्पित कर सकते हैं।


## कार्यालय, नगर परिषद गढ़वा

**बन्दोबस्ती की सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2025–26 से 2029–30 तक 05 वर्षो के लिए रामबॉध तालाब सोनपुरवा, गढ़वा बन्दोबस्ती खुली डाक द्वारा दिनांक 12.08.2025 को 11:30 बजे पूर्वाह्न में नगर परिषद गढ़वा के कार्यालय में की जाएगी जिसकी विवरणी निम्नांकित है :–

| क्रमांक | सैरात का नाम | सुरक्षित जामा राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | रामबॉध तालाब सोनपुरवा, ठगढ़वा | 3,39,600 | 34,000 |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद गढ़वा।

PR.NO.358771 Urban Development(25-26):D


## कोचस नगर पंचायत में लगी महा पंचायत में आम नागरिकों से लिए गए सुझाव



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोचस।** नगर पंचायत स्थित छावनी परिसर में शुक्रवार को महा पंचायत का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में कोचस वासियों ने भाग लिया। जन समुदाय से निम्न एजेंडों पर चर्चा कर राय शुमारी व सुझाव लिया गया। मुख्य रूप से होल्डिंग टैक्स शामिल हैं। इसमें नगर वासियों का कहना है कि विकास के नाम पर यहां शून्य है। शहर में लाइट व्यवस्था से लेकर गली, नली, जल जमाव से लेकर पेयजल व्यवस्था जैसे बुनियादी सुविधाओं का सर्वथा अभाव है। उपर से नपं द्वारा भारी भरकम होल्डिंग टैक्स देने की बात कही जा रही है। इसको यहां के आम नागरिक किसी कीमत पर देने को तैयार नहीं है। हालांकि न पं चुनाव में इसी मुद्दों को लेकर अधिकांश जनप्रतिनिधि निर्वाचित होकर आये हैं। नागरिकों का कहना है कि अन्य नगर पंचायतों से यहां का टैक्स अधिक है जिसे कम करने की आवश्यकता है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना में काफी अनियमिताएं है जिसकी जांच होनी चाहिए। साथ ही जरुरतमंदों को मिलनी चाहिए। नाली-गली निर्माण कार्य की स्थिति यहां दयनीय है इसे गति मिलनी चाहिए। इसके साथ ही साफ-सफाई का कार्य लाखों रूपए प्रतिमाह खर्च होने के बाद भी गंदगी का अंबार यहां लगा हुआ है। साफ सफाई के नाम पर केवल कोरम पूरा किया जाता है। इसके साथ ही अन्य विषयों पर चर्चा हुई। नगर वासियों ने इसके लिए सार्वजनिक स्थल पर जन संवाद का पहल करने के लिए नगर अध्यक्ष को बधाई व शुभकामनाएं दी गयी। अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष शबनम प्रवीन ने की।


## Govt. of Jharkhand
## Office Of the Executive Officer Nagar Parishad, Garhwa

**Notice Inviting Tender**

**Tender NoticeNo. : GNP-01/2025-26 Dated : 31.07.2025**

1. निविदाकर्ता का पदनाम एवं पताः — कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद गढ़वा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समयः — दिनांक 12.08.2025 को 03 बजे अपराहन तक।
3. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थानः — कार्यालय, नगर परिषद गढ़वा।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समयः — दिनांक 13.08.2025 को 02 बजे अपराहन् तक।
5. निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थानः — कार्यालय, नगर परिषद गढ़वा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः — दिनांक 13.08.2025 को 03 बजे अपराहन् से।
7. निविदाधीण कार्य विवरणीः

| क्रमांक | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधण की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | मद |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | वार्ड 07 नरगिर आश्रम के पास सामुदायिक हॉल का निर्माण। | 953700.00 | 19100.00 | 5000.00 | 02 माह | नागरिक सुविधा |

**Note :**
1. विस्तृत सूचना / नियम एवं शर्त को UDHD के पोर्टल पर तथा कार्यालय नगर परिषद गढ़वा के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
2. Helpline Number of E-Procurement cell-8409053313, 9431141644

ह0 / –
कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद गढ़वा

PR 358767 (Urban Development) 25-26 (D)



## पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं. : 222–एस/1/डब्ल्यू–II, दिनांक 30.07.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैः **निविदा सं.: टीएन–106–25–26, कार्य का नामः** सियालदह में–उत्तर, मेन और दक्षिण सेक्शनों पर उपनगरीय स्टेशनों के सुधार कार्य के संबंध में एसएसई/वर्क्स/कृष्णनगर के अधीन जलालखाली हाल्ट, ताहेरपुर एवं बादकुल्ला स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म नं. 1, 2 एवं 3 पर प्लेटफॉर्म सतह की उन्नति। **निविदा मूल्य :** रु. 96,37,529.20, **बयाना राशि :** रु.1,92,800/– **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 25.08.2025 को 15.00 बजे। **कार्य की समापन अवधिः** 09 माह। **निविदा के खुलने की तिथि और समयः** दिनांक 25.08.2025 को 15.30 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइटः **www.ireps. gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई–निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।
SDAH-141/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter



## पूर्व रेलवे

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/(जीएसयू)/ पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, पूर्व रेलवे, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नवर्णित कार्यों के सिलसिले में निम्नलिखित ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैः **निविदा सं. ईएलईजी–जीएसयू–ओटी–17–2025–26, कार्य का विवरणः** अमृत भारतः–के लिए विद्युत कार्यः–सियालदह मंडल के तहत 15 स्टेशन। (सियालदह स्टेशन के लिए), फेज–II, **निविदा मूल्यः** रु. 1,38,40,083/–, **बयाना राशिः** रु. 2,19,200/– **समापन अवधिः** 03 माह। **निविदा कागजात का मूल्यः** रु.0.00, **निविदा बंद होने की तिथि और समयः** दिनांक 21.08.2025 को 14.00 बजे। **निविदा बोली के खुलने की तिथि और समयः** दिनांक 21.08.2025 को 14.00 बजे के बाद। **निविदा बोली के प्रारंभ होने की तिथि :** दिनांक 07.08.2025, निविदा सूचना एवं समय–समय पर जारी संशोधनी का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।
SDAH-143/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter



## पूर्व रेलवे

**ई–निविदा सं. 118_2025-26, 119_2025-26, 120_2025-26 और 121_2025-26, दिनांक 30.07.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी /एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से **वरिष्ठ डीईएन/3/एचडब्ल्यूएच** के अधीन निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है। **क्रम सं.1, ई–निविदा सं. 118_2025-26, कार्य का विवरण :** एडीईएन/एजेड की शाखा के अंतर्गत सभी महिला कर्मचारियों की सुविधा के लिए अटैच्ड शौचालय के साथ महिला ड्रेस चेंजिंग रूम का निर्माण। **अनुमानित मूल्य :** रु. 58,20,485.95, **बयाना राशिः** रु. 1,16,400/–**समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 06 माह। **क्रम सं.2, ई–निविदा सं. 119_2025-26,कार्य का विवरण :** एईएन/केडब्ल्यूएई के अधिकार क्षेत्र में एसएसई/डब्ल्यू/केडब्ल्यूएई की शाखा के अंतर्गत केसीवाई, बीसीएफ, केएमडीसी, एलबीपी आदि में डिप्रेस्ड (दबी हुई) पीएफ सतह का सुधार और हाई बैंक प्लेटफॉर्म अंश की सुरक्षा, पीएफ सतह को उठाना और क्षतिग्रस्त चेकर्ड टाइलों को बदलना आदि। **अनुमानित मूल्य :** रु. 2,16,14,010.24, **बयाना राशिः** रु. 2,58,100/–, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 08 माह। **क्रम सं.3, ई–निविदा सं. 120_2025-26, कार्य का विवरणः**हावड़ा मंडल –वरिष्ठ डीईएन/3/ एचडब्ल्यूएच के अधीन एईएन/एनडीईई के अधिकार क्षेत्र में सीटीआर (एस)–7.848 टीकेएम, इन स्थानों में–बीडीसी–केडब्ल्यूएई, बीएसएई डाउन लूप लाइन नं. 1 0–0.915 =0.915 किमी जेआईटी डाउन लूप लाइन नं. 1 0–0.965 = 0.965 किमी एबीकेए डाउन लूप 0–0.944=0.944 किमी डीटीएई डाउन लूप लाइन 0–0.936=0.936 किमी एसएमएई अप लूप लाइन 0.056–0.960=0.904 किमी एनडीएई डाउन लूप लाइन 1 0–0.948 =0.948 किमी पीएसएई डाउन लूप लाइन 2 0–0.907=0.907 किमी पीटीएई डाउन लूप 0–1.329 = 1.329 किमी और टीएफआर–45.572 टीकेएम, इन स्थानों में–बीडीसी–केडब्ल्यूएईः डाउन 27.000–32.203 = 5.203 किमी, 32.249–34.265 = 2.016 किमी, 34.590–36.000=1.410 किमी डाउन 51.605 –58.000=6.395 किमी अप 58.000–86.535=28.535 किमी, 87.442–89.455=2.013 किमी, **अनुमानित मूल्य :** रु. 1,75,10,734.42, **बयाना राशिः** रु. 2,37,600/– **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह। **क्रम सं.4, ई–निविदा सं. 121_2025-26, कार्य का विवरणः**हावड़ा मंडल–वरिष्ठ डीईएन/3/एचडब्ल्यूएच के अधीन एईएन/ एनडीईई के अधिकार क्षेत्र में–टीआरआर(पी)–21.441 टीकेएम, इन स्थानों में:–बीडीसी–केडब्ल्यूएई; अप 17.170–21.821= 4.651 किमी 28.481–34.730 = 6.249 किमी 35.239–35.360=0.121 किमी; 35.420–42.781=7.361 किमी, बीडीसी–केडब्ल्यूएईः अप –8.00–9.80=1.80 किमी, बीडीसी – केडब्ल्यूएई अप 9.800–10=0.2 किमी, 10.307–11.185= 0.878 किमी, 11.719–11.900–.181 किमी, टीटीआर–19 सेट–(टीटीआर (एफएस+टीडब्ल्यूएस+डब्ल्यूसीएमएससी)–1 इन 12–14 सेट और टीटीआर (एफएस+टीडब्ल्यूएस+डब्ल्यूसीएमएससी)–1 इन 8.5 –5 सेट, और टीएसआर (पी)–1.27 किमी, इन स्थानों में:–बीडीसी–केडब्ल्यूएई–डाउन–10.40–11.67=1.27 किमी और टीबीआर–8.027 टीकेएम, इन स्थानों में:–बीडीसी – केडब्ल्यूएई अप 2.180–2.200 = 0.020 किमी, 3.700–3.790 = 0.090 किमी, 5.340–5.490 = 0.15 किमी, 5.79–7.028=1.238 किमी, 7.112–7.370 = 0.258 किमी, 9.070 –11.810 = 2.740 किमी, 57.900–58.145=0.245 किमी, 59.795–59.960=0.165 किमी, 62.535–62.625= 0.090 किमी, 63.092–64.690=1.598 किमी, डाउन 53.840–54.270=0.430 किमी, 54.730 –54.900 =0.170 किमी, 56.750–56.980 =0.230 किमी, 56.997–57.200–0.203 किमी, 57.800–58.200=0.400, **अनुमानित मूल्य :** रु. 2,34,41,366.49, **बयाना राशिः** रु. 2,67,200/– **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 21.08.2025 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतान–ई–निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणीः** आईआरईपीएस (ई–निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्स्ड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।
HWH-220/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# समाहरणालय में जनता दरबार का आयोजन

## डीएम के निर्देश पर आयोजित जनता दरबार में पहुंचे जिले भर के फरियादी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देश पर शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी शम्भु शरण पांडेय ने की। इस दौरान विभिन्न प्रखंडों से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया और कई मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन कर पीड़ितों को त्वरित राहत प्रदान की गई। इस दरबार में भूमि विवाद, पेंशन, विद्युत, शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन कार्ड और राजस्व से संबंधित कुल 46 आवेदन प्राप्त हुए। अधिकतर मामलों में संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए, जबकि कुछ का समाधान वहीं मौके पर कर दिया गया।

जनता दरबार की प्रमुख शिकायतें:

गिरिजा देवी (वार्ड-16, नवादा): विद्युत समस्या, मुन्ना लाल (पकरीबरावां): भूमि विवाद

चमेली देवी (उत्तरी हनुमान नगर): जमीन पर अवैध कब्जा

अर्जुन चौधरी (तुरंग विगहा, रजौली): राजस्व विवाद

पुष्पा कुमारी (मधुवनबाड़ा): जन्म प्रमाण पत्र से जुड़ी समस्या

चिंता देवी (महेशपुर, थाना थाली): भूमि विवाद

रेणु कुमारी (हिसुआ): निजी जमीन पर अवैध अतिक्रमण।

जिला लोक शिकायत पदाधिकारी ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से बात कर कई शिकायतों का समाधान कराया। शेष आवेदनों को त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया।

जनता दरबार में गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार, स्थापना शाखा प्रभारी डॉ. राजकुमार सिंहा सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर श्री पांडेय ने कहा कि जनता दरबार आम जनता और सरकार के बीच सेतु है। इसका उद्देश्य पारदर्शी, संवेदनशील और त्वरित प्रशासन सुनिश्चित करना है।

## छबीलापुर बाजार में दिनदहाड़े 3.33 लाख की लूट

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो।** राजगीर प्रखंड के छबीलापुर थाना क्षेत्र में बड़ौदा बैंक की मिनी ब्रांच से तीन हथियारबंद बदमाशों ने रिवाल्वर की नोक पर 3 लाख 33 हजार रुपए लूट लिए। लुटेरे अपाचे मोटरसाइकिल से फरार हो गए। सीएसपी संचालक रविशंकर कुमार के अनुसार, पहले एक युवक पैसे निकालने का बहाना कर आया, फिर दो अन्य युवकों के साथ लौटकर लूट को अंजाम दिया। विरोध करने पर गोली मारने की धमकी दी गई। थानाध्यक्ष मुरली मनोहर ने बताया कि पुलिस ने बदमाशों का पीछा किया, लेकिन वे चकमा देकर फरार हो गए। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। घटना के बाद बाजार में दहशत का माहौल है। दुकानदारों का कहना है कि अब लूट दिनदहाड़े भी हो रही है, जो बेहद चिंता का विषय है। गौरतलब है कि इसी सप्ताह राजगीर के बंगाली पाड़ा में भी दिन में दो घरों में लाखों की चोरी हुई थी।

## गायत्री महायज्ञ पूर्व महिलाओं ने निकाली कलश शोभायात्रा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** हरनौत बाजार के गोनावा रोड स्थित रेल कारखाना आवासीय परिसर में तीन दिवसीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ शुक्रवार को 251 महिला श्रद्धालुओं द्वारा निकाली गई कलश शोभायात्रा से हुआ। यह आयोजन अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रज्ञा युवा मंडल हरनौत एवं हरेक कॉलोनी वासियों के सहयोग से शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में किया जा रहा है, जो 3 अगस्त तक चलेगा। यज्ञाचार्य मिथिलेश कुमार विद्यार्थी, सत्यनारायण जी एवं किशोर कुणाल हैं। कार्यक्रम में युग संगीत, प्रवचन, देव पूजन, विविध संस्कार, दीप महायज्ञ व टोली विदाई जैसे आयोजन होंगे। कलश यात्रा में पुरुषों समेत सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए।

## नवीन बने नवादा फोटोग्राफर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** बिहार फोटोग्राफर्स एसोसिएशन के महासचिव की उपस्थिति में नवादा फोटोग्राफर्स एसोसिएशन का चुनाव किया गया। गुरुवार को एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में सर्वसम्मति से नवीन कुमार को अध्यक्ष, नवीन निश्छल को उपाध्यक्ष व राजेश कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया है। संगठन की मजबूती पर जोर दिया गया। इस मौके पर बिहार फोटोग्राफर्स एसोसिएशन के महासचिव गणेश प्रसाद, उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर प्रसाद, सचिव दुर्गेश कुमार, मगध प्रमंडल के जोनल सचिव अमित कुमार, गया के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने नए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व कोषाध्यक्ष को बधाई दी।

## चौकीदार को सेवानिवृत्ति उपरांत दी गई विदाई




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** कौआकोल थाना में कार्यरत चौकीदार मो. हदीश आलम के सेवानिवृत्ति के उपरांत शुक्रवार को थाना परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता थानाध्यक्ष सह पुलिस इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने की। विदाई समारोह में सेवानिवृत्त चौकीदार मो. हदीश आलम को अंगवस्त्र देकर एवं फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने कहा कि सरकारी सेवा में एक न एक दिन सेवानिवृत्त होना तय है। चौकीदार हदीश का कार्यकाल काफी अच्छा रहा। वे निष्ठापूर्वक लगन के साथ अपने कार्यों को किया। इनके कार्यकाल को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। समारोह में मौजूद लोगों ने उनके बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। मौके पर एसआई सह अपर थानाध्यक्ष सरोज कुमार, चौकीदार नवलेश कुमार, प्रमोद कुमार,मनोज कुमार, विद्या पासवान समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## 1443 लीटर देशी-विदेशी शराब का रजौली थाना परिसर में विनष्टीकरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)।** शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू करने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा निरंतर कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में शुक्रवार को रजौली थाना परिसर में 12 अलग-अलग थाना कांडों में जब्त 1443 लीटर देशी और विदेशी शराब को विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत नष्ट किया गया। विनष्टीकरण की यह कार्रवाई जिलाधिकारी के आदेश के आलोक में की गई, जिसकी देखरेख थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार और मजिस्ट्रेट के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी मो. गुफरान मजहरी ने की। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने जानकारी दी कि शराब निर्माण, परिवहन, भंडारण, बिक्री और सेवन के खिलाफ पुलिस की ओर से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। यह कार्रवाई भी उसी कड़ी का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि शराबबंदी कानून के उल्लंघन के मामलों में कड़ी कार्रवाई की जा रही है, ताकि समाज में नशा-मुक्त वातावरण सुनिश्चित किया जा सके। विनष्टीकरण के दौरान थाना क्षेत्र के स्थानीय चौकीदार, पुलिसकर्मी एवं अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे। पूरे कार्यक्रम को शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराया गया।

## मारपीट मामले में 11 आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिले में अपराध नियंत्रण को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत नेमदारगंज थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मारपीट कांड में संलिप्त 11 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर की गई, जिसमें आपसी रंजिश के चलते हुई हिंसक घटना के सभी नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में मलिकपुर और जोगी टोला गांव के निवासी शामिल हैं। नेमदारगंज थाना प्रभारी के अनुसार यह कार्रवाई शनिवार की सुबह की गई जब आरोपितों के संभावित ठिकानों पर एक साथ दबिश दी गई। गिरफ्तार अभियुक्तों में भूषण सिंह, कारू कुमार, पियूष कुमार, संजय सिंह सभी निवासीः मलिकपुर, थाना नेमदारगंज के है। नरेश शर्मा, सुमित कुमार उर्फ सुमित गोस्वामी, वीरेंद्र गोस्वामी, सत्यानंद गोस्वामी उर्फ गुड्डू गोस्वामी, डब्लू कुमार, संजय गोस्वामी, मुकेश गोस्वामी सभी निवासीः जोगी टोला, थाना नेमदारगंज के बताये जाते है। पीड़ित पक्ष की हरीर पर एफआईआर दर्ज कर मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई की गई। नेमदारगंज थाना पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि इलाके में शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतत निगरानी की जा रही है।

## नए नियमों को लेकर बिजली विभाग ने किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बजरंगबली चौक पर बिजली विभाग द्वारा बिजली के नए नियमों को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान बिजली विभाग के एसडीओ राहुल कुमार व जेई भुवनेश्वर कुमार के साथ लाइन मैन शशिभूषण कुमार, इंडियन कछुआ, सानू कुमार एवं मो. असलम आलम भी मौजूद रहे। एसडीओ ने बताया कि बिहार सरकार द्वारा हर घर बिजली योजना के सफल होने के बाद सस्ते दर पर आमलोगों को बिजली मुहैया कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के तहत सभी श्रेणी के घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को प्रति माह 125 यूनिट तक बिजली की खपत पर किसी प्रकार का शुल्क नहीं देना पड़ेगा। इस योजना से अनुमंडल क्षेत्र के लगभग 85900 उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। इस योजना से व्यवसाई वर्ग को लाभ से वंचित रखा गया है। साथ ही बताया कि यदि किसी उपभोक्ता द्वारा 125 यूनिट से ज्यादा बिजली खपत की जाती है, तो पूर्ववत में लग रहे बिजली शुल्कों में विद्युत ऊर्ज़ा शुल्क 30 रुपए एवं फिक्स चार्ज के रूप में ग्रामीण क्षेत्रों में 40 रुपए प्रति किलोवाट और नगर क्षेत्र में 80 रुपए प्रति किलोवाट है। उन्होंने बताया कि नगर क्षेत्र के उपभोक्ताओं को 125 यूनिट के अलावे खर्च होने वाले यूनिटों के लिए प्रति यूनिट 4.97 रुपए एवं ग्रामीण क्षेत्र के लिए 2.45 रुपए प्रति यूनिट देय होगा। उन्होंने बताया कि इस योजना को लेकर बिजली विभाग से कोई कॉल अथवा ओटीपी नहीं मांगा जाएगा। इसलिए लोगों से अपील है कि बिजली विभाग के नाम से कॉल आदि जाने पर रिस्पांस नहीं करें,अन्यथा आप साइबर क्राइम के शिकार हो सकते हैं। इस जागरुकता अभियान के दौरान सैकड़ों उपभोक्ताओं के बीच योजना से संबंधित पंपलेट का भी वितरण किया गया।

## विशाल सीडीएस की परीक्षा में लाया 333वीं रैंक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा।** प्रखंड के डोहड़ा पंचायत के डोहड़ा गांव के लाल विजेता विशाल ने यूपीएससी द्वारा आयोजित सीडीएस की परीक्षा में पूरे देश भर में 333 वीं रैंक लाकर गांव के साथ प्रखंड व जिला का मान बढ़ाया है। इस सफलता पाकर स्वजन के साथ घर परिवार व शुभचिंतकों में खुशी का मौहाल बना हुआ है। विशाल के पिता धनंजय कुमार धीरज भारतीय सेना में कनिष्ठ अधिकारी ( जेसीओ) के पद पर कार्यरत हैं। वही माता प्रतिमा देवी गृहिणी हैं। उन्होंने बताया कि विशाल बचपन से ही मेधावी विद्यार्थी रहा है। इसकी प्रारंभिक शिक्षा सैनिक स्कूल नालंदा से हुई।

## मारपीट के विरोध में सफाई कर्मी गए हड़ताल पर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** हरनौत नगर पंचायत के सफाईकर्मी शुक्रवार को सुपरवाइजर बंटी कुमार द्वारा मोबाइल जमा करने के आदेश और मारपीट के आरोप के विरोध में हड़ताल पर चले गए। कर्मियों का आरोप है कि आदेश का विरोध करने पर सुपरवाइजर व उसके साथियों ने लाठी-डंडों से मारपीट की और महिलाओं से गाली-गलौज व धक्का-मुक्की की। घटना में कई कर्मियों को चोटें आई। नाराज कर्मियों ने हरनौत थाना में लिखित शिकायत दर्ज कर नगर पंचायत कार्यालय पर प्रदर्शन किया। पीड़ित महिला कर्मियों ने पहले से उत्पीड़न की शिकायतें होने की बात भी बताई। कर्मियों ने चेतावनी दी कि जब तक आरोपी बर्खास्त नहीं होंगे, वे काम पर नहीं लौटेंगे।

## फिजिकल टेस्ट व लिखित परीक्षा के बाद हुआ एनसीसी कैडेट्स का चयन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नालंदा के रासबिहारी इंटर विद्यालय में एनसीसी कैडेटस के नामांकन को लेकर फिजिकल भर्ती प्रक्रिया पूरी कर ली गई। इस दौरान सीनियर डिवीजन के लिए 53 बॉयज कैडेट्स एवं सीनियर विंग के लिए 27 गर्ल्स कैडेट का चयन किया गया। उपरोक्त सभी कार्यक्रम 38 बिहार बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल राजेश बाहरी के निर्देशन में किया गया। जानकारी हो कि 38 बिहार बटालियन एनसीसी बिहारशरीफ से सम्बंद्ध नालंदा के रासबिहारी इंटर विद्यालय में कुल 80 कैडेट्स की एक कंपनी है। जिसके लिए नायब सूबेदार राजकुमार, हवलदार नवनीत व अन्य की देखरेख में फिजिकल टेस्ट लिया गया। इस कार्य के लिए सभी कैडेट्स को कई प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ा। जिसमें दौड़, सिट अप, पुश अप आदि कराये गए। इसके बाद सभी चयनित छात्र-छात्राओं के बीच लिखित परीक्षा आयोजित की गई। उसमें पास होने के बाद सभी कैडेट का चयन किया गया। अरबीआई के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट राकेश पाण्डेय ने कहा कि अगली कड़ी में अब सभी चयनित छात्र छात्राओं के द्वारा एनआईएस वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन एवं स्थानीय कार्यालय में ऑफलाइन फॉर्म भरे जाएंगे।


**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सूचना सं.: ईएलडी –300–डब्ल्यूसी–13–2025–26, दिनांक 31.07.2025,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/कर्षण वितरण, सियालदह, पूर्व रेलवे, कंट्रोल बिल्डिंग, प्रथम तल, डीआरएम कार्यालय, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता–700014 द्वारा ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैः **निविदा सं.** : ईएलडी–300–डब्ल्यूसी–13–2025–26, **कार्य का नाम** : "पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल के तहत मेन लाइन से साइडिंग को अलग करने के लिए लाइन सीबी के प्रावधान" के संबंध में 25 केवी ओएचई एवं संबंधित विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य :** रु.2,13,24,901/–, **निविदा कागजात का मूल्यः** शून्य। **बयाना राशि :** रु.2,56,600/–**समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 12 (बारह) माह। **अंतिम तिथि** : दिनांक 26.08.2025 को 15.00 बजे। निविदा सूचना एवं समय–समय पर जारी संशोधनी का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

SDAH-148/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**Public Health Engineering Department**

**Public Health Engineering Division, Aurangabad**

**SHORT RE-TENDER NIT No –16R1/2025-26/(LoT/PRD)**

National Competitive Bidding

(Through e-procurement mode on www.eproc2.bihar.gov.in)

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Designation and Address of Advertiser | Executive Engineer, P.H.Division, Aurangabad |
| 2 | Date of issue of Tender Notice | 25.07.2025 |
| 3 | Period of sale (downloading) of tender Bid Document | 08.08.2025 to 17.08.2025 up to17:00 Hrs. through www.eproc2.bihar.gov.in |
| 4 | Date, time & place of pre-bid meeting | 11.08.2025 at 11.30 hrs. hrs in the Office of Executive Engineer of concerned P. H. Division |
| 5 | Last date and time of receipt (uploading) of tender | 17.08.2025 up to 17:00Hrs on www.eproc2.bihar.gov.in |
| 6 | Date and time of opening of technical bid | 18.08.2025 at 11:00 Hrs on www.eproc2.bihar.gov.in |
| 7 | Date and time of opening of financial bid | To be informed later after the approval of technical bid. |
| 8 | Name of Work: Design, Construction, Supply of materials, Testing and Commissioning of Piped Water Supply Schemes (ward level schemes) for habitations left out under "Har Ghar nal Ka Jal" nischay yojna in panchayats where "Har Ghar nal Ka Jal" was executed by the "Panchayati Raj Department" with Electric Driven Pumps in the District of Aurangabad, Bihar on turn-key basis with 3 months Trial Run Period. | |

| Group No. | Block | Panchayat | Habitation | Ward | No. of Schemes in group | Estimated Cost (Rs in Lakh) | Earnest Money (Rs in Lakh) | Cost of Tender Document (Non-Refundable) (in Rs) | BSEDC Bid Processing Fee (in Rs) | Completion Period (In Month) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 4 | OBRA | SONHAULI | MUSLIM TOLA | 5 | 112 | 1731.04 | 27.32000 | 10000 | As per eproc-02 | 6 Month |
| | | | SONHAULI | 7 | | | | | | |
| | | | ADMA KA TOLA | 8 | | | | | | |
| | | | SONHAULI MAHADALT TOLA | 10 | | | | | | |
| | | | HEMAJA KA BHUIYA BIGHA | 11 | | | | | | |
| | | | KDIYAHI KHURD | 14 | | | | | | |
| | | BELL | SRIMAL CHAK | 1 | | | | | | |
| | | | NAROLA KA MAHADALI TOLA | 11 | | | | | | |
| | | CHANDA | PATHRA KA TOLA | 1 | | | | | | |
| | | | S.C TOLA | 3 | | | | | | |
| | | | BHUIA BIGHA | 4 | | | | | | |
| | | | MOMIN TOLA | 5 | | | | | | |
| | | | PISAY BIGHA | 6 | | | | | | |
| | | | S.C TOLA | 8 | | | | | | |
| | | | BIHARI BIGHA | 9 | | | | | | |
| | | | RAJBANSI TOLA | 11 | | | | | | |
| | | | CHANDRABASI TOLA | 12 | | | | | | |
| | | | BISHANPURA+ RAMNGAAR S.C TOLA | 14 | | | | | | |
| | | DEHARI | GAMHRIA TOL SURYA MANDIR KE PAS | 6 | | | | | | |
| | | | DINGRAHA TOLA | 12 | | | | | | |
| | | | GAMHRPUR | 14 | | | | | | |
| | | SARSAULI | DAULATPUR GANJ WEST SIDE | 1 | | | | | | |
| | | | KUTIPAR | 6 | | | | | | |
| | | | GOKUL BIGHA | 7 | | | | | | |
| | | | CHICHAMI TOLA ROAD SID | 8 | | | | | | |
| | | | MHTHU TOLA MAHBIR GANJ | 14 | | | | | | |
| | | | DEWKALI BLOK KE PAS | 16 | | | | | | |
| | | | DEWKALI WEST SID | 17 | | | | | | |
| | | | UKARRMI BIGHA | 18 | | | | | | |
| | | UBB | RAMPUR GIRI JEE BIGHA | 2 | | | | | | |
| | | | SITAL BIGHA | 3 | | | | | | |
| | | | LAL BIGHA | 3 | | | | | | |
| | | | PHATEHA | 4 | | | | | | |
| | | | UBB KE TOLA | 6 | | | | | | |
| | | | MOHAN BIGHA | 7 | | | | | | |
| | | | EKAWNA WEST TOLA | 9 | | | | | | |
| | | | BISHAMBHAR BIGHA | 10 | | | | | | |
| | | | BAR BISHAY BIGHA | 11 | | | | | | |
| | | | ARAIKHAP KA BIGHA | 12 | | | | | | |
| | | AMILOWNA | AMR BIGHA | 3 | | | | | | |
| | | | NISAD TOLA | 9 | | | | | | |
| | | | TENDUA TOLLA KE SITA BIGHA | 9 | | | | | | |
| | | | TENDUA TOLLA KE HATHI BORE | 10 | | | | | | |
| | | | KAITHI | 11 | | | | | | |
| | | | MEHNDAA TOLA SADA BIGHA | 12 | | | | | | |
| | | | KUNGI BIGHA | 14 | | | | | | |
| | | | PRYAG BIGHA | 15 | | | | | | |
| | | BHARUB | BHARUB TOLA AHRA NORTH SIDE | 1 | | | | | | |
| | | | BHARUB TOLA AHRA | 2 | | | | | | |
| | | | KURMI TOLA | 4 | | | | | | |
| | | | GANGA BIGHA | 5 | | | | | | |
| | | | TKEYAPAR | 9 | | | | | | |
| | | | GORTARA | 10 | | | | | | |
| | | | SADIPUR BGHA BHUMIHAR TOLA | 11 | | | | | | |
| | | | BANDHU BIGHA | 14 | | | | | | |
| | | | KALI GANJ | 14 | | | | | | |
| | | | BUDHA BIGHA | 15 | | | | | | |
| | | MAHUAWAN | MANGRU BIGHA | 2 | | | | | | |
| | | | BISUNPURA | 6 | | | | | | |
| | | | DIWAN BIGHA | 7 | | | | | | |
| | | | MAKHARA | 11 | | | | | | |
| | | | MAKHARA KA BIGHA | 12 | | | | | | |
| | | RATNPUR | NAWADIH | 2 | | | | | | |
| | | | KEWAL BIGHA | 3 | | | | | | |
| | | | ATROULI | 4 | | | | | | |
| | | | LOKAN BIGHA | 5 | | | | | | |
| | | | GIRA BIGHA | 6 | | | | | | |
| | | | PREM BIGHA | 7 | | | | | | |
| | | | RAM JIWAN BIGHA | 12 | | | | | | |
| | | TEJPURA | MAHDEWA FIELD KE PAS | 1 | | | | | | |
| | | | HAJARI BIGHA | 7 | | | | | | |
| | | | PASWAN TOLA YADAW TOLA | 11 | | | | | | |
| | | | YADAW TOLA | 12 | | | | | | |
| | | | DUMARI KE MAHADALIT TOLA | 13 | | | | | | |
| | | | S.C TOLA | 14 | | | | | | |
| | | GAINI | MISIR BIGHA | 2 | | | | | | |
| | | | NARAYN BIGHA | 2 | | | | | | |
| | | | GAINI MUSLMAN+ BHUMIHAR TOLA | 7 | | | | | | |
| | | | S.C TOLA | 8 | | | | | | |
| | | | MHADLIT TOLA MUSLMAN TOLA | 9 | | | | | | |
| | | | ARI KA BIGHA | 11 | | | | | | |
| | | | KUSHA | 12 | | | | | | |
| | | | PARIHAR PASWAN+YADAW TOLA | 14 | | | | | | |
| | | KANCHANPUR | MAHADALIT TOLA | 3 | | | | | | |
| | | | HEMAN BIGHA | 8 | | | | | | |
| | | | KATHBARI REVEENUE VILLAGE | 10 | | | | | | |
| | | | KATHBARI PASWAN TOLA | 11 | | | | | | |
| | | | NONIYA BIGHA | 12 | | | | | | |
| | | | PANCH RUKHIYA | 14 | | | | | | |
| | | KARA | SUBEDAR BIGHA | 1 | | | | | | |
| | | | KURMAIN KE BIGHA | 2 | | | | | | |
| | | | KARA WEST | 6 | | | | | | |
| | | KRSAWAN | KASIM BIGHA | 1 | | | | | | |
| | | | PADRIA BIGHA | 2 | | | | | | |
| | | | RUP KHAP | 4 | | | | | | |
| | | | HUSANBAD | 11 | | | | | | |
| | | | GHETRA NORTH SIDE | 13 | | | | | | |
| | | KHUDWAN | KHUDWAN TOLA KE DIH | 2 | | | | | | |
| | | | KHUDWAN TOLA GADH PAR | 3 | | | | | | |
| | | | FAGUI BIGHA | 10 | | | | | | |
| | | | BHAUTHADHI BIGHA | 13 | | | | | | |
| | | MALWA | MALWA KA BIGHA | 1 | | | | | | |
| | | | MALWA ROAD WEST SIDE | 3 | | | | | | |
| | | | MLAH TOLI | 7 | | | | | | |
| | | | SUNDARPUR BIRINDABAN | 9 | | | | | | |
| | | | MASIN GANJ | 12 | | | | | | |
| | | | CHATR PUR+KLYAN BIGHA | 12 | | | | | | |
| | | | CHATR TOLE RAGHU BIGHA | 13 | | | | | | |
| | | | LAHASHA BIGHAA | 14 | | | | | | |
| | | BABHNDIHA | RAMLAGN BIGHA | 11 | | | | | | |
| | | | KURAIPUR | 11 | | | | | | |
| | | DIHRA | KHUTHA YADAW TOLA | 6 | | | | | | |

PR- 010171 (PHED) 2025-26 For further details please visit : **www.state.bihar.gov.in/prdbihar**

**Executive Engineer**
**Public Health Division, Aurangabad**


नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

# डॉ. प्रेम कुमार ने किया गयाजी में विकास कार्यों का शंखनाद

## करोड़ों रुपये की लागत से विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**गया।** गया विधानसभा क्षेत्र में गुरुवार का दिन विकास की दृष्टि से ऐतिहासिक रहा। सहकारिता मंत्री और गया नगर विधायक डॉ. प्रेम कुमार ने मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना 2024-25 और मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के तहत गया नगर निगम क्षेत्र में करोड़ों रुपये की लागत से विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरुआत नगर के वार्डों में सड़क, नाली, शौचालय और सामुदायिक भवनों से जुड़े कार्यों की आधारशिला रखने के साथ हुई। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार जनहितकारी योजनाओं को जमीन पर उतारने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि गया के सर्वांगीण विकास के लिए मैं सतत प्रयासरत हूं। आज जिन कार्यों की शुरुआत हुई है, वे गया की तस्वीर और तकदीर बदलने की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे। आने वाले दिनों में और भी कई योजनाएं स्वीकृत कराकर जनता को समर्पित की जाएंगी। मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना 2024-25 के अंतर्गत वार्ड संख्या 30 के साकेतपुरी कटारी रोड स्थित पार्क के जीर्णोद्धार कार्य की शुरुआत 14 लाख 8 हजार 937 रुपये की लागत से हुई। अशोकनगर में पथ और नाली निर्माण कार्य की शुरुआत 35 लाख 4 हजार 940 रुपये की लागत से की गई। वहीं, वार्ड संख्या 4 और 5 में गांधी मोड़ से रविदास टोला होते हुए पटना मुख्य पथ तक नाली निर्माण का शुभारंभ 46 लाख 91 हजार 228 रुपये की लागत से किया गया। इसके अलावा, मीर सफायत रोड स्थित वार्ड संख्या 15 में पथ निर्माण कार्य की शुरुआत 80 लाख 80 हजार 165 रुपये की लागत से हुई, जिसे क्षेत्र में लंबे समय से प्रतीक्षित माना जा रहा था। मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के तहत भी कई कार्यों का शिलान्यास किया गया। इसमें गेवाल बिगहा (वार्ड 33) में शौचालय और सीढ़ी निर्माण कार्य (4 लाख 50 हजार रुपये), स्टेशन रोड (वार्ड 16) में नाली निर्माण (2 लाख 25 हजार रुपये) और लाला बाबू रोड (वार्ड 8) में सामुदायिक भवन के जीर्णोद्धार (2 लाख 25 हजार रुपये) शामिल हैं। इस मौके पर प्रेम सागर , बसंत परमार, देवानंद पासवान,शंभू यादव, पार्षद जयप्रकाश यादव, पार्षद दीपक चंद्रवंशी, पार्षद उपेंद्र चंद्रवंशी, सुरेंद्र यादव, हरि यादव, मनोज चंद्रवंशी, शिवनारायण, राजेश मस्तान, कौशलेंद्र , पम्मी सिंह, निकिता रजक , अभय सिंह, अमर चंद्रवंशी, शशि सिंह, अशोक साहनी, सरयू रजक, दिवाकर, गौतम, धीरू, अनिल कुमार, गाजो बाबा, विनोद पासवान, धर्मेंद्र , जितेंद्र, प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, पार्षद और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे। लोगों ने विकास कार्यों को लेकर संतोष जताया और कहा कि इन योजनाओं से क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं का समाधान होगा और आम लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। जनता की उपस्थिति और समर्थन को देखकर डॉ. प्रेम कुमार ने भरोसा दिलाया कि गया के चहुंमुखी विकास के लिए उनका संकल्प अटूट है और भविष्य में भी इसी तरह की योजनाएं धरातल पर उतरती रहेंगी।

# पितृपक्ष मेले में चोरों पर होगी कड़ी नजर

## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** गया जी में विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला लगने वाला है। इसी को मद्देनजर रखते हुए शुक्रवार को पुराने सचिवालय में अपर मुख्य सचिव, भूमि एवं राजस्व सुधार विभाग दीपक कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। उन्होंने संबंधित विभागों के सभी पदाधिकारियों से पितृपक्ष मेले के आयोजन से संबंधित तैयारियों की हाइब्रिड मोड में समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि इस वर्ष पितृपक्ष मेला 06 सितंबर से 21 सितंबर तक लगने वाला है। इस मेले में देश विदेश से लोग अपने पितरों के मोक्ष के लिए पिण्डदान करने के लिए गया जी और पुनपुन में आते हैं। गया जी के जिलाधिकारी ने बताया कि पिण्डदानियों के लिए आवासन की सुविधा पहले के वर्षों की तुलना में सरकारी आववासन की क्षमता दोगुनी कर दी गई है। विभिन्न स्थानों जैसे यात्री आवासन, पुलिस आवासन, वाहन पार्किंग आदि स्थलों पर चापाकल, पियाऊ, नल, वाटर टैंकर एवं वाटर एटीएम की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही जगह-जगह पर स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा गया है। आने वाले श्रद्धालुओं के लिए ठहरने की उत्तम व्यवस्था , 88 शौचालय, 18 स्नानागार, 52 चेंजिंग रूम और वृद्धजनों की सुविधा के लिए 50 व्हीलचेयर एवं खोया पाया (नियंत्राण कक्ष) की भी विशेष व्यवस्था की गई है। प्रशासन की तरफ से यात्रियों के लिए 12930 आवासन क्षमता वाले कुल 38 निःशुल्क सराकरी यात्री आवासन स्थल बनाया जा रहा है। पण्डा समाज के लिए 35043 की क्षमता वाले 339 निजी भवन एवं धर्मशालाएं बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा 6735 क्षमता वाले 106 होटल अथवा रेस्ट हाउस में भी पिंडदानियों के लिए व्यवस्था की जा रही है। संपूर्ण मेला क्षेत्र में सफाई कार्य युद्धस्तर पर जारी है। इसमें देवघाट पर गया जी डैम के जल को सुरक्षित रखने के लिए पिंड विसर्जन पिट का निर्माण किया गया है। इसके साथ ही 120 लीटर /240 लीटर क्षमता वाले 200 डस्टबिन स्थापित किए जाने की तैयारी है । स्वास्थ्य व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए मेला क्षेत्र में 70 स्वास्थ्य शिविरों की स्थापना की जाएगी। इन शिविरों के लिए 125 डॉक्टरों, 178 पारा मेडिकल, 52 चतुर्थ श्रेणी कर्मी की व्यवस्था की गई है। खाद्य पदार्थ की जांच के लिए 5 टीमें गठित की गई हैं। पितृपक्ष मेले को लेकर विभिन्न अस्पतालों में 70 बेड आरक्षित किए गए हैं। इसके साथ ही विद्युत एवं प्रकाश की उत्तम व्यवस्था, परिवहन व्यवस्था, विधि व्यवस्था, हेल्पलाइन, कॉल सेंटर, प्रचार प्रसार, आपदा प्रबंधन के दृष्टिकोण से भी व्यवस्था की गई है। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने कहा कि चोरों और पॉकेटमारों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। उन्होंने गया जी के जिलाधिकारी को आदेश दिया कि इन पॉकेटमारों पर कड़ी नजर रखने के लिए जगह जगह पर इनकी तस्वीरों का स्क्रीन पर डिस्प्ले कराया जाए और होर्डिंग पर भी इनकी तस्वीरें लगाई जाएं जिससे श्रद्धालु सर्तक रहें और इनके मन में भी पकड़े जाने का डर बना रहे।

# आचार्य विश्वनाथ सिंह पर केन्द्रित साहित्यिक समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**गया।** अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज, गया के स्वामी विवेकानन्द सभागार में शुक्रवार को हिन्दी विभाग एवं आई.क्यू.ए.सी. के संयुक्त तत्वावधान में हिन्दी के मूर्धन्य समालोचक, निबंधकार, प्रशासक और आध्यात्मिक व्यक्तित्व आचार्य विश्वनाथ सिंह के बहुआयामी व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर केन्द्रित विशिष्ट व्याख्यान-सह-पत्रिका लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया। बीए की छात्रा प्रतिमा की वन्दना तथा देमंती के स्वागत गान के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. प्रो. रणजीत कुमार वर्मा (संस्थापक कुलपति, मुंगेर विश्वविद्यालय) ने कहा कि आचार्य विश्वनाथ सिंह उस परंपरा के प्रतीक थे जहां शिक्षक केवल विषय नहीं पढ़ाता, बल्कि जीवन के मूल्यों, दृष्टिकोणों और अनुशासन का जीवंत पाठ भी पढ़ाता है। उनके भीतर आचार्य शंकर की स्थिरता, दयानंद की विवेकशीलता और विवेकानंद की विचारधारा का संगम दृष्टिगोचर होता था। डॉ. उमा शंकर सिंह, सहायक प्राध्यापक, हिन्दी विभाग ने कहा कि आचार्य विश्वनाथ सिंह हिन्दी आलोचना, ललित निबंध लेखन और अकादमिक प्रशासकीय कौशल के त्रिवेणी संगम थे। यह विशेषांक आचार्य विश्वनाथ सिंह के साहित्यिक अवदान को केवल संजोता नहीं, बल्कि नई पीढ़ी के लिए एक मार्गदर्शक ग्रंथ रूप में प्रस्तुत करता है। वस्तुतः यह अंक श्रम, समर्पण और शोध का जीवंत प्रमाण है। प्रो. पार्थ सारथी इतिहास विभाग ने कहा कि प्रबुद्ध प्रतिभा का साक्षात्कार केवल शब्दों से नहीं, संवेदना से होता है; आचार्य सिंह उस पीढ़ी के प्रतीक थे जो शिक्षण को तप मानती थी। उनकी इस स्मृति विशेषांक का लोकार्पण एक पत्रिका का विमोचन नहीं, बल्कि एक पीढ़ीगत विरासत का पुनराविष्कार है। डॉ. प्रो. उषा सिंह पूर्व विभागाध्यक्ष, हिन्दी विभाग ने कहा कि आचार्य विश्वनाथ सिंह केवल हिन्दी के अध्येता नहीं थे, वे भाषा के नैतिक अनुशासन के संरक्षक थे। उन्होंने हिन्दी आलोचना को 'संवेदना का संस्कार' प्रदान किया। उनके लेखन में जहां एक ओर आचार्य रामचंद्र शुक्ल की तर्कपरकता थी। डॉ. प्रो. के.के. नारायण पूर्व विभागाध्यक्ष, अंग्रेजी विभाग ने कहा कि आचार्य विश्वनाथ सिंह की आलोचना केवल विचार की परिपक्वता नहीं, बल्कि संवेदना की शुचिता भी है। उन्होंने आलोचना को केवल शब्दों का विमर्श न रहने देकर उसे एक सृजनात्मक औचित्य में रूपांतरित किया। उनका लेखन अकादमिक अन्वेषण और लोकमानस की अनुभूति का सुंदर समागम था।

# कोंचेश्वर मंदिर में दो दिवसीय मेले की तैयारी, एसडीओ ने किया निरीक्षण




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** 4 और 5 अगस्त को आयोजित होने वाले प्रथम दो दिवसीय कोंचेश्वर मंदिर मेले की तैयारी को लेकर टिकारी एसडीओ प्रवीण कुंदन ने मंदिर परिसर का निरीक्षण शुक्रवार को किया। इस दौरान उन्होंने मेला आयोजन से संबंधित आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बीडीओ विपुल भारद्वाज तथा अंचलाधिकारी मुकेश कुमार भी मौजूद रहे। टीम ने मेला स्थल की साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, सुरक्षा व्यवस्था और ट्रैफिक नियंत्रण जैसी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। एसडीओ ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए सभी जरूरी इंतजाम समय पर पूरे किए जाएं। बीडीओ और सीओ ने भी संबंधित विभागों के अधिकारियों को समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया। बताते चलें कि कोंचेश्वर मंदिर में सावन माह में हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में इस वर्ष पहली बार दो दिवसीय मेले का आयोजन विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा।

# पंचायत विकास सूचकांक विषय पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण सह कार्यशाला संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज(गयाजी)।** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार भवन में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर सिंह के देखरेख में पंचायत विकास सूचकांक विषय पर जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और कर्मियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित की गई। बीडीओ ने बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य पंचायत विकास योजनाओं की तैयारी और अपलोडिंग के संबंध में रणनीतियों, दृष्टिकोण और रोडमैप के बारे में उन्मुख करना है। यह कार्यशाला पंचायत राज के अधिकारियों, निर्वाचित प्रतिनिधियों, संकायों/प्रशिक्षकों और पंचायत के अन्य हितधारकों के लिए उपयोगी के लिये की गई कार्यशाला में, प्रतिभागी पंचायत विकास सूचकांक के बारे में जानकारी दी गई जो पंचायतों के समग्र विकास, प्रदर्शन और प्रगति का आकलन करने के लिए एक बहु-डोमेन और बहु-क्षेत्रीय सूचकांक है। पीएआई स्थानीय सतत विकास लक्ष्यों के साथ संरेखित नौ विषयों पर आधारित थी जो पंचायतों को विकास की कमी की पहचान करने और संसाधन आवंटन को प्राथमिकता देने में मदद करता है। इस कार्यशाला में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पंचायत विकास योजनाओं को तैयार करने और अपलोड करने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल की जानकारी दी गई जो पंचायतों को विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए ठोस कार्रवाई करने में मदद मिलेगी।

# ग्राहकों से चार अगस्त तक पोस्टऑफिस नहीं आने की अपील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** टिकारी स्थित पोस्ट ऑफिस में आज से आगामी सोमवार यानी चार अगस्त तक डाक विभाग में हो रहे तकनीकी बदलाव के कारण ग्राहकों के कामकाज ठप रहेंगे। पोस्टमास्टर प्रवीण कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि दो से चार अगस्त तक ग्राहकों के जमा निकासी, किसी प्रकार की बुकिंग व आधार और रेलवे काउंटर भी बन्द रहेगा। श्री कुमार ने बताया कि तकनीकी बदलाव के बाद ग्राहक घर बैठे भारतीय डाक की विभिन्न सेवाओं का लाभ ले सकेंगे। श्री कुमार ने ग्राहकों से चार अगस्त तक पोस्टऑफिस नहीं आने की अपील की। जानकारी हो कि डाक विभाग अपनी सेवाओं को और अधिक स्मार्ट, सुरक्षित व भविष्य के अनुरूप बनाने के लिए नई सॉफ्टवेयर आईटी 2.0 लांच की है। डाक विभाग द्वारा अपने सभी सिस्टम को इस नई सॉफ्टवेयर से लैस कर रहा है जिस कारण पोस्टऑफिस के कामकाज ठप रहेंगे। किसी को राखी भेजना व अन्य सामान भेजने की आवश्यकता होगी तो गया आरएमएस में सुविधा बहाल रहेगी।

# बैट्री चालित ट्राइसाइकिल का वितरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** समाज कल्याण विभाग (जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय), द्वारा संचालित मुख्यमंत्री दिव्यांगजन छत्र योजना अंतर्गत बैट्री चालित ट्राईसाइकिल वितरण कार्यक्रम के तहत दिव्यांगजनों द्वारा ऑनलाइन के माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्रों को जिला स्तर पर गठित चयन स्क्रीनिंग समिति द्वारा 54 आवेदन पत्रों को स्वीकृत किया गया है जिसमें सदर अनुमण्डल के 10 दिव्यांगजनों को गुरुवार को जिले के डीएम शशांक शुभंकर द्वारा समाहरणाय, गया में बैट्री चालित ट्राईसाईकिल का वितरण किया गया। शेष स्वीकृत आवेदन पत्रों को निदेशानुसार अनुमण्डल वार तिथि निर्धारित कर संबंधित अनुमण्डल कार्यालय में दिव्यांगजनों को बैट्री चालित ट्राईसाइकिल वितरण किया जाएगा।

# राजकीय प्राथमिक विद्यालय मौला बिगहा में शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** प्रखण्ड के तिनेरी पंचायत अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय मौला बिगहा में एक भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन गुरुवार को किया गया जिसमें विद्यालय की प्रधान शिक्षिका अरशी तब्बसुम का स्वागत किया गया और ट्रांसफर हुए प्रधान शिक्षक बालेंद्र दास और शिक्षिका विनीता कुमारी का पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र से सम्मान किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों, अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय तक पहुंचने के मार्ग की दयनीय स्थिति को लेकर उक्त कार्यक्रम के आयोजक सह सामाजिक कार्यकर्ता पुण्यदेव यादव और विद्यालय परिवार ने मुखिया प्रतिनिधि मो. इंतेशाब से मार्ग परिचालन की मांग की। उपस्थित जनों ने बताया कि खराब रास्ते के कारण बच्चों को स्कूल आने-जाने में काफी कठिनाई होती है। मुखिया प्रतिनिधि मो. इंतेशाब ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र ही मार्ग निर्माण/परिचालन कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा में किसी भी प्रकार की बाधा स्वीकार्य नहीं है और यह कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ जिसमें स्कूल प्रबंधन और ग्रामीणों ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : 222–एस/1/डब्ल्यू–II, दिनांक 30.07.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं.: टीएन–102–25–26, कार्य का नाम:** सियालदह मंडल की दमदम जंक्शन–डानकुनी शाखा के डानकुनी–बाली घाट स्टेशनों के बीच क्षयग्रस्त रेल बेयरर के ब्रिज नं. 13 सीसीआर की मरम्मत के साथ एच–बीम स्लीपर द्वारा चैनल स्लीपर का नवीनीकरण। **निविदा मूल्य :** रु. 11,97,11,537.71, **बयाना राशि :** रु.7,48,600/–, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** 25.08.2025 को 15.00 बजे। **कार्य की समापन अवधि:** 18 माह। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** 25.08.2025 को 15.30 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps. gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई–निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

SDAH-142/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**कार्यालय– जिला कृषि पदाधिकारी, गढ़वा**
**(कृषि प्रभाग)**

**किसान भाईयों के लिए आवश्यक सुचना**

गढ़वा जिला के किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2024-25 में PM-KUSUM Component-B (Phase-III) योजनान्तर्गत सिंचाई कार्य हेतु सोलर पम्पसेट का वितरण अनुदानित दर पर किसानों के बीच किया जाना है, जिसकी चयन प्रक्रिया एवं पात्रता की विवरणी निम्नवत् है–

1. इच्छुक किसान जिनके खेतों में Grid Connectivity उपलब्ध नहीं है, वह योजना के वेब पोंटल http://pmkusum.jharkhand.gov.in पर संबंधित दस्तावेजों के साथ 2HP (AC&DC), 3HP(AC&DC) एवं 5HP(AC &DC) क्षमता के सोलर पम्पसेट के लिए आवेदन कर सकते है।
2. कृषकों को व्यक्तिगत /सामुदायिक स्तर पर सोलर पम्पसेट उपलब्ध करायी जाएगी। कृषकों को पम्प की क्षमता के अनुसार सिंचाई कूप/4″/6″/8″/10″ व्यास की डीप बोरिंग अपने स्तर से करना होगा। यह योजना का लाभ सभी वर्ग/स्तर के कृषकों को दिया जायेगा, जिनके पास कृषि योग्य भूमि का होना अनिवार्य होगा।
3. कृषकों के चयन में लघु एवं सीमांत किसानों जो अर्थिक दृष्टिकोण से कमजोर हैं जो Micro & Drip Irrigation से जुडे हुए किसानों एवं महिला किसानों को प्राथमिकता दी जायेगी।
4. वैसे लघु एवं सीमांत किसानों को सोलर आधारित पम्पसेट का लाभ दिया जायेगा जो पहले ग्रीड अधारित/डीजल चालित पम्पसेट का प्रयोग कर पाने में सक्षम नहीं हैं वैसे स्थान पर सोलर पम्प लगाया जायेगा जहां बिजली की व्यवस्था पूर्व से न हो।
5. जिन किसानों/उनके परिवार के सदस्यों के नाम पर सोलर चालित पम्पसेट योजना का लाभ पूर्व में प्राप्त किया जा चुका है, उन किसानों को इस योजना में दोबारा लाभ नहीं दिया जायेगा।
6. कृषकों को ऊर्जा के उपयोग के आधार पर DC पम्प एवं AC पम्प का चयन स्वंय करना होगा तथा पानी के श्रोत के आधार पर Submersible/Surface पम्प का चयन करना होगा।
7. ज्रेडा द्वारा जारी वेब पोंटल पर Online विहित प्रपत्र के साथ प्रमाण (आधार कार्ड, मतादाता पहचान पत्र, राशन कार्ड, जमीन का अद्यतन रसीद एवं जलश्रोत के साथ लाभुक का फोटोग्राफ) कृषि योग्य भूमि होना अनिवार्य होगा।

http://pmkusum.jharkhand.gov.in

8- पोंटल के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया शुरू की गई है।

9. समूह के प्रत्येक व्यक्ति किसानों द्वारा संलग्न किये जाने वाले दस्तावेज–समूह के सभी किसानों का जमीन का अद्यतन लगान रसीद, समूह के सभी किसानों का एक स्वंय स्तयापित हाल की फोटो।
10. उक्त योजना अंतर्गत लाभुक अंशदान की राशि 2HP (AC&DC), 3HP(AC&DC) एवं 5HP(AC &DC) के लिए क्रमशः Rs. 5000/- Rs. 7000/- Rs. 10000/- मात्र निर्धारित है जो ऑनलाईन PM KUSUM PORTAL के माध्यम से आवेदन करते समय कृशक अंशदान का भुगतान करना अनिवार्य होगा। तथा शेष राशि अनुदान के रूप में राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार द्वारा वहन किया जायेगा।
11. वैसे लघु एवं सीमांत किसानों को सोलर आधारित पम्पसेट का लाभ दिया जायेगा जो पहले महंगे ग्रिड आधारित /डीजल पम्पसेट का प्रयोग कर पाने में सक्षम नहीं थें। वैसे स्थान पर सोलर पम्प लगाया जायेगा जहॉं बिजली की व्यवस्था पूर्व से न हो एक कृषक को केवल एक सोलर पम्पसेट हेतु आवेदन–पत्र स्वीकृत किया जायेगा।
12. वैसे आवेदन Data/Analysis के दौरान गलत पाये जाते हैं तो उसे रद्द कर दी जायेगी।
13. यदि एक बार ऊर्जा यंत्र लगा दिए जायेंगे तो उन्हें एक जगह से दूसरी जगह हस्तांतरित नहीं किया जायेगा और न ही सरकार द्वारा इसकी कोई जिम्मदारी ली जायेगा। इस यंत्र की संपूर्ण सुरक्षा की जिम्मेवारी किसान की होगी।
14. ज्रेडा द्वारा जारी वेब पोर्टल पर किसानों द्वारा भरे गये Online आवेदनों को जिला स्तरीय चयन समिति (DLMC) द्वारा आवेदन को स्वीकृत या अस्वीकृत की जायेगी तत्पश्चात स्वीकृत आवेदनों की सूची ऑनलाईन JREDA कार्यालय को अग्रसारित कर दी जायेगी।

जिला कृषि पदाधिकारी–सह–
नोडल पदाधिकारी, पी0एम0–कुसुम गढ़वा

PR 358766 Agriculture(25-26)#D

# बियाडा के लिए लाइन बिजली का कार्य पूरा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** रफीगंज ग्रीड से गुरारू पावर सब स्टेशन में बियाडा के लिए आ रही 33 के वी लाइन का काम गुरुवार को पूरा हो गया। उक्त तथ्य की जानकारी विद्युत कनीय अभियंता, गुरारू संजय चौधरी ने दिया। गौरतलब है कि बियाडा के तहत पूर्व चीनी मिल्स की भूमि को सरकार द्वारा कई उद्योगपतियों को उद्योग खोलने के लिए आवंटित किया है जिसमें स्लाइन वाटर प्लांट एवं टेक्सटाइल प्लांट का कार्य अंतिम चरण में है। इन उद्योगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए स्पेशल 33 के वी लाइन लाया जा रहा था। इस कार्य को करने के लिए हमेशा बिजली की आपूर्ति में रूकावट आ रही थी। आगे जेई संजय चौधरी ने बताया कि गुरारू पावर सब स्टेशन से परैया -गुरारू के लिए अलग-अलग विद्युत वितरण कर दिया गया है। अलग-अलग करने से दोनों प्रखण्डों के विद्युत लोड बंट गया है। अब विद्युत वितरण की समस्या एवं कम वोल्टेज की समस्या को काफी हद तक नियंत्रण कर लिया जाएगा। इस कार्य के संपन्न होने से विद्युत कर्मी सहित उपभोक्ताओं में काफी खुशी है।

**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सूचना सं.: ओ–एसी–टी–76 से 79–25–26 (खुली), दिनांक 30.07.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई–निविदाएँ (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. 1, केस सं. :** ओ–एसी–टी–76–25–26, **कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन/3/आसनसोल की शाखा में पीएफ सं. 4 और 5 के बीच लाइन सं. 6 और 7 में आसनसोल स्टेशन पर वॉशेबल एप्रॉन के विखंडन द्वारा स्लीपर के नीचे 300 मिमी की बैलस्ट कुशन प्रदान करते हुए मौजूदा क्षतिग्रस्त वाशेबल एप्रॉन की मरम्मत, जिसके कारण ट्रेन की आवाजाही में बाधा आ रही है, के लिए खुली ई–निविदा, **निविदा मूल्य :** रु. 78,57,840.54, **बयाना राशि :** रु. 1,57,200/–, **क्रम सं. 2, केस सं. :** ओ–एसी–टी–77–25–26, **कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन/3/आसनसोल के अधीन एसएसई/पीडब्ल्यू/ मानकर, दुर्गापुर और अंडाल–1 की शाखा में सेस मरम्मत/सब–बैंक कार्य द्वारा बैंक (तट) के पुनर्स्थापन के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 1,93,67,212.56, **बयाना राशि :** रु. 2,46,800/–, **क्रम सं. 3, केस सं. :** ओ–एसी–टी–78–25–26, **कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन/3/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत दुर्गापुर में 06 और बराचक में 04 सीटिंग क्षमता वाले आरपीएफ कार्यालय भवन के नए निर्माण के शेष कार्य के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 36,51,008.27, **बयाना राशि :** रु. 73,000/–**क्रम सं. 4, केस सं. :** ओ–एसी–टी–79–25–26, **कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन/3/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र में 12 सीट क्षमता वाले कार्यालय, आरपीएफ चैंबर, हाजत, शौचालय के प्रावधान के साथ आरपीएफ पोस्ट भवन की मरम्मत/नवीनीकरण तथा यूडीएल (ओएल) / आरपीएफ पोस्ट में फर्नीचर आदि के प्रावधान से संबंधित शेष कार्य के निष्पादन के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 21,65,543.39, **बयाना राशि :** रु. 43,300/–, **कार्य की समापन अवधि:** क्रम सं. 1 हेतु 08 माह, क्रम सं. 2 हेतु 12 माह, क्रम सं. 3 हेतु 09 माह और क्रम सं. 4 हेतु 06 माह। **बंद होने की तिथि और समय:** 22.08.2025 को 12.00 बजे प्रत्येक हेतु। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-138/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**Office of the Nagar Panchayat Chhatarpur**
**E-Procurement Notice**
**SHORT NIT No:- NPC-NIT-06/2025-26**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | REQUEST FOR PROPOSAL (RFP) FOR SELECTION OF CONSULTANT FOR PROVIDING CONSULTANCY SERVICES FOR PREPARATION OF DPRs AND PMC SERVICES FOR URBAN SANITATION, WASTE MANAGEMENT, USED/WASTEWATER MANAGEMENT, DRAINAGE PLANNING & URBAN INFRASTRUCTURE PROJECTS AT NAGAR PANCHAYAT CHATTARPUR, JHARKHAND |
| 4 | Cost of Bid Document (INR) | ₹ 05,000/- (Rupees Five Thousand Only); non-refundable |
| 6 | Date of e-publication of tender | 03-08-2025 |
| 7 | Document downloading start Date | 03-05-2025 |
| 11 | Bid submission end date | 18-08-2025 |
| 13 | Bid opening date (online | 19-08-2025 |
| 14 | Mode of Submission of Bids | e-tendering (https://Jharkhandtenders.gov.in) |
| 15 | Name &Address of office Inviting Tender | Executive Officer, Nagar Panchayat Chhatarpur |
| 16 | Helpline Number | 9608834366, 7004032340, 9471125404 |

**Note: Only e-Tender will be accepted**
**Complete bid document is available on website http://jharkhandtenders.gov.in)**

Executive Officer
Nagar Panchayat Chhatarpur

PR 358713 District(25-26)D

**कार्यालय, नगर पंचायत, छत्तरपुर**

**अति अल्पकालीन दर आमंत्रण सूचना संख्या–NPC-05/2025-26**

नगर पंचायत, छतरपुर अन्तर्गत नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड, रॉंची के द्वारा प्राप्त आवंटन के आलोक में कार्यालय सामग्री/यंत्र/उपस्कर का क्रय किया जाना है। इच्छुक पंजीकृत संवेदक **निर्माणकर्ता/अधिकृत** विक्रेता / आपूर्तिकर्ता से निम्नलिखित सामग्री के क्रय हेतु मुहरबंद निविदा के माध्यम से दर (सभी कर सहित) निविदा आमंत्रण किया जाता है। दर निविदा दिनांक–11.08.2025 को समय अपराह्न 2:00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत, छतरपुर में प्राप्त किया जायेगा। सभी सामग्रियों के प्रत्येक कम्पनी के अनुसार दर उल्लेख करना होगा तथा प्राप्त निविदा को उसी दिन अपराह्न समय–2:30 बजे छतरपुर के प्रोक्योरमेंट कमिटि के समक्ष खोला जायेगा। क्रय की जाने वाली सामग्री की विवरणी निम्न प्रकार है:–

| Sl | Machine / Equipment's | Details/ Basic Specification | Qty. | Remarks |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Almira (office self Almira) | Company- Brand :- Original , Material :- Steel Application:- Office, Color :- Grey/ Blue | 06 | |
| 2. | Laptop Computer (HP/Dell/) | 13th Gen Intel Core i5-1235U, 8GB, 1 TB- SSD, 15.6-inch(39.6cm), HD Camera. Win-11/12+MS OFFICE. | 02 | |
| 3. | Chair | Fiber Chair -30 pcs office Chair-10 pcs | 40 | |
| 4. | Table Executive | Officer Executive Table (Branded) | 02 | |
| 5. | All in one Desk top Computer | HP/Dell 24" All-in-One PC (5420), 13th Gen Intel i7-1355U, 16GB DDR4, 1TB SSD, | 01 | |
| 6 | All in one Desk top Computer | HP/Dell 24" All-in-One PC 13th Gen Intel i5-, 8GB DDR4, 1TB SSD | 01 | |
| 7 | Officer chair (high back revolving chair) | Branded | 02 | |
| 8. | Steel Stool (Moving) | Branded | 05 | |
| 9 | Office Assistant Table | Branded | 06 | |
| 1 | Laser Printer | M1005 HP LaserJet | 01 | |
| 1 | Inktank printer | EPSONL15150/ EPSON6580/CANON -MAXIFYGX7070 | 01 | |

उपर्युक्त दर्शायी गई सामग्री/यंत्र/उपकरण के निविदा की नियम एवं शर्तो को नगर पंचायत कार्यालय, छतरपुर के सूचना पट्ट एवं NIC पलामू के website:- www.palamu.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, छतरपुर।

PR.NO.358710 District(25-26):D

संपादकीय

# ऑपरेशन सिंदूर : कुछ जवाब बाकी

कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत द्वारा चलाए ऑपरेशन सिंदूर पर संसद के दोनों सदनों में करीब 32 घंटे चली चर्चा का लुब्बो लुआब केवल इतना है कि इस गंभीर मुद्दे पर सार्थक चर्चा कम, राजनीतिक आरोप प्रत्यारोप ज्यादा हुए। विपक्ष और सत्तापक्ष दोनों ने एक-दूसरे को कटघरे में खड़ा करने की ज्यादा कोशिश की और सारी बहस मानो मोदी विरोध और मोदी बचाव में तब्दील हो गई। हालांकि इस बहस का जवाब देते हुए मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कई सवालों के उत्तर स्पष्ट रूप से अथवा संकेतों में दिए, लेकिन कुछ बुनियादी सवाल जिन्हें भ्रम भी कहा जा सकता है, और जो जनता के मन में तैर रहे हैं, उनके उत्तर अभी भी बाकी हैं। कब मिलेंगे, कोई नहीं जानता। जैसे कि क्या पाकिस्तान के साथ युद्धविराम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कहने पर हुआ था या नहीं? सीमित युद्ध में भारत को कितना नुकसान हुआ, हुआ या नहीं और क्या युद्ध के दौरान भारत से कोई रणनीतिक गलती हुई, जैसे कि हमारे वरिष्ठ सैन्याधिकारियों ने बाहर दिए बयानों में कहा है? हालांकि प्रधानमंत्री ने विपक्ष और खासकर कांग्रेस पर तीखे हमले करते हुए उस पर मुद्दों के लिए पाकिस्तान पर निर्भर होते जाने का गंभीर आरोप लगाया और कहा कि सिंधु जल समझौते जैसी गलती नेहरूजी ने की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करीब दो घंटे चले भाषण में अलबत्ता अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान सीज़फ़ायर को लेकर 'मध्यस्थता' वाले दावे को सिरे से ख़ारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि भारत ने कभी किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार नहीं की और न अब करेगा। उन्होंने कहा कि युद्ध के दौरान अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने जरूर तीन चार बार फोन कर दबाव बनाने की कोशिश की थी। लेकिन उन्होंने यह भी स्पष्ट रूप से नहीं किया कि युद्धविराम में डोनाल्ड ट्रंप की कोई भूमिका नहीं थी। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कई बार दोहरा चुके हैं कि उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम में भूमिका निभाई थी। इससे पहले लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने ट्रंप के सीज़फ़ायर के दावों को लेकर मोदी सरकार को घेरा था और संसद में इस पर बयान देने की चुनौती दी थी। राहुल गांधी ने कहा कि ट्रंप ने 29 बार सीज़फ़ायर कराने का श्रेय लिया। अगर वे झूठ बोल रहे हैं, तो अगर पीएम मोदी में इंदिरा गांधी का 50 प्रतिशत भी साहस है, तो वे कहें कि ऐसा नहीं था। यही नहीं अमेरिकी राष्ट्रपति ने इसी महीने दावा किया था कि हाल के भारत पाक संघर्ष में पांच लड़ाकू विमान मार गिराए गए थे। लेकिन उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि ये विमान किस देश के थे? हालांकि भारत कह चुका है कि हमारा कोई नुकसान नहीं हुआ। ऑपरेशन सिंदूर पर दुनिया में भारत के समर्थन पर ज्यादातर देशों की 'चुप्पी' की व्याख्या पीएम मोदी ने भारत की कार्रवाई के समर्थन के रूप में की। जबकि पाकिस्तान के साथ तीन देश खुलकर साथ आए। बहस के दौरान एआईएमआईएम के असदुद्दीन औवेसी ने वाजिब सवाल उठाया कि जब पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के ख़िलाफ़ सख्त रुख अपनाया था, तो अब क्रिकेट के एशिया कप में भारत की टीम पाकिस्तान के खिलाफ़ कैसे खेलेगी? इसका कोई संतोषजनक जवाब सरकार की तरफ से नहीं आया है। ध्यान रहे कि भारत-पाकिस्तान संबंधों में तनाव के बीच एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) द्वारा जारी एशिया कप 2025 का शेड्यूल के अनुसार भारत और पाकिस्तान की टीमों के बीच पहला मुक़ाबला 14 सितंबर को है। लेकिन जब ट्रेड और टेरर साथ नहीं चल सकते तो स्पोर्ट्स और टेरर साथ कैसे चल सकते हैं?

# पीएम-किसान: किसानों के सशक्तिकरण का भारत का वैश्विक खाका

**डॉ. प्रमोद मेहरदा, अतिरिक्त सचिव**
**अरिंदम मोदक, सलाहकार**
**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार**

समावेशी विकास और ग्रामीण समृद्धि के सफर में, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना, भारत सरकार की एक अग्रणी पहल के रूप में उभर कर सामने आई है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 24 फरवरी 2019 को शुरू की गई, इस पहल ने लाखों छोटे एवं सीमांत किसानों के जीवन पर गहरा प्रभाव डाला है और पूरी तरह से डिजिटल, कुशल एवं पारदर्शी प्रणाली के जरिए प्रत्यक्ष आय सहायता प्रदान करने के एक वैश्विक मॉडल के रूप में खुद को स्थापित किया है।

**प्रत्यक्ष समर्थन के जरिए किसानों का सशक्तिकरण:** मूल रूप से, पीएम-किसान योजना पात्र किसान परिवारों को प्रतिवर्ष 6,000 रुपये की सहायता प्रदान करती है। यह सहायता राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) प्रणाली के जरिए 2,000 रुपये की तीन बराबर किस्तों में सीधे उनके बैंक खातों में जमा की जाती है। इस सुव्यवस्थित एवं तकनीक-संचालित कदम से बिचौलियों की भूमिका, लाभ मिलने में होने वाली देरी और त्रुटि की गुंजाइश खत्म होती है और एक-एक पाई इच्छित लाभार्थी तक पहुंचना सुनिश्चित होता है।

इस योजना की शुरुआत से लेकर अब-तक, कुल 3.69 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि किसानों को हस्तांतरित की जा चुकी है। इस प्रकार, पीएम-किसान दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल रूप से क्रियान्वित नकद हस्तांतरण कार्यक्रमों में से एक बन गया है। आंकड़ों से परे, यह कदम सब्सिडी से हटकर सशक्तिकरण की दिशा में बढ़ने संबंधी एक बदलाव का प्रतीक है। बात चाहे बीज की हो या उपकरण या शिक्षा या फिर स्वास्थ्य की, इस योजना से किसानों को यह तय करने की आजादी मिलती है कि वे इस सहायता का सबसे बेहतर इस्तेमाल कैसे करें।

**भारत के छोटे किसानों के हित में एक परिवर्तनकारी कदम:** दो हेक्टेयर से कम जमीन वाले भारत के 85 प्रतिशत से अधिक किसानों के लिए ये लाभ बुवाई या कटाई के मौसम में एक अहम आर्थिक सेतु का काम करते हैं। ये लाभ अल्पकालिक नकदी प्रवाह के तनाव को कम करते हैं, अनौपचारिक ऋण पर निर्भरता में कमी लाते हैं और संकट के समय एक सुरक्षा कवच प्रदान करते हैं।

वित्तीय सहायता से कहीं बढ़कर, पीएम-किसान योजना समावेशिता, सम्मान और राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में एक भागीदार के रूप में किसान की मान्यता का प्रतीक है।

**डिजिटल शासन की श्रेष्ठता:** पीएम-किसान की सफलता का श्रेय भारत के मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचे को जाता है। जेएएम की तिकड़ी - जन धन बैंक खाते, आधार बायोमेट्रिक पहचान और मोबाइल कनेक्टिविटी - ने बड़े पैमाने पर लाभ के निर्बाध वितरण को संभव बनाया है। स्व-पंजीकरण से लेकर भूमि स्वामित्व के सत्यापन और डीबीटी द्वारा समर्थ भुगतान तक, इस पूरी योजना का जीवनचक्र डिजिटल है।

राज्य सरकारों के सहयोग से, पीएम-किसान डिजिटल रूप से समन्वित तथा एक छोर से दूसरे छोर तक आसानी से पहुंचने वाले शासन के एक बेहतरीन मॉडल के रूप में कार्य करता है। इसने विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में भूमि अभिलेखों, लाभार्थियों के डेटाबेस और भुगतान प्रणालियों को सफलतापूर्वक समन्वित किया है और इससे दुनिया के किसी भी अन्य देश की तुलना में किसान-केन्द्रित एक उत्तम संरचना का निर्माण हुआ है।

पीएम किसान ने कृषि से जुड़े इकोसिस्टम में किसान ई-मित्र वॉयस-आधारित चैटबॉट और एग्री स्टैक जैसी नवीन परियोजनाओं को भी प्रेरित किया है। एग्रीस्टैक व्यक्तिगत, समय पर और पारदर्शी सेवाएं प्रदान करने के लिए तैयार है, जिससे भारतीय कृषि भविष्य की जरूरतों के अनुरूप तैयार हो सके।

उत्पादों की मांग को प्रोत्साहित किया है और घरेलू उपभोग के पैटर्न को मजबूत किया है। इसने महिलाओं को सशक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, खासकर उन मामलों में जहां बैंक खाते संयुक्त रूप से खोले जाते हैं।

इसके अलावा, यह एक समग्र और परस्पर संबद्ध ग्रामीण विकास इकोसिस्टम का निर्माण करके मृदा स्वास्थ्य कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम फसल बीमा योजना और ई-नाम जैसी अन्य प्रमुख योजनाओं का पूरक है। किसानों के लिए एक पेंशन योजना, पीएम-किसान मानधन योजना के साथ इसका एकीकरण, भारत के कृषि कार्यबल के लिए सामाजिक सुरक्षा जाल बनाने की दिशा में एक अहम कदम है।



**वैश्विक मानकों की स्थापना:** दुनिया भर में, प्रत्यक्ष लाभ कार्यक्रमों को गरीबी उन्मूलन के कारगर साधनों के रूप में तेजी से मान्यता मिल रही है। फिर भी, पीएम-किसान की कुछ अनूठी विशेषताएं हैं – इसका विशाल आकार, गति और डिजिटल विश्वसनीयता इसे बिखरी हुई कृषि सहायता प्रणालियों में सुधार के लिए प्रयासरत देशों के लिए एक अनुकरणीय मॉडल बनाती है।

आईएफपीआरआई, एफएओ, आईसीएआर और आईसीआरआईएसएटी जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने छोटे किसानों की आय बढ़ाने, ऋण की सुलभता में सुधार, असमानता को कम करने और आधुनिक कार्यप्रणालियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने की दिशा में पीएम किसान की भूमिका पर प्रकाश डाला है। कई देशों में जारी सशर्त हस्तांतरण के उलट, इसका विश्वास-आधारित व बिना शर्त वाला दृष्टिकोण, सहभागी एवं सम्मान-आधारित कल्याणकारी वितरण की दिशा में एक बड़ी छलांग है।

**ग्रामीण विकास को गति देना:** पीएम-किसान का सकारात्मक प्रभाव केवल व्यक्तिगत लाभार्थियों तक ही सीमित नहीं है। इसके तहत होने वाले अनुमानित नकदी प्रवाह ने ग्रामीण बाजारों को पुनर्जीवित किया है, कृषि-

**सुनहरे भविष्य का एक दृष्टिकोण-दृढ़ता, समानता और स्थिरता:** पीएम-किसान एक वित्तीय सहायता तंत्र से कहीं बढ़कर है। यह भारत सरकार के किसानों के नेतृत्व वाले विकास का एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण है। अधिकार से सशक्तिकरण की ओर, सहायता से स्वायत्तता की ओर स्थानांतरित होकर, यह राज्य और किसान के बीच अनुबंध को नए सिरे से परिभाषित करता है।

भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की आकांक्षा रखता है, ऐसे में पीएम-किसान जैसी पहल समावेशी प्रगति की नींव रखती है। उन्नत तकनीकों के निरंतर एकीकरण और जलवायु परिवर्तन के प्रति दृढ़ता, स्थिरता और सटीक कृषि पर ध्यान केंद्रित करने के साथ, यह योजना बदलाव की दिशा में एक बेहद शक्तिशाली कदम के रूप में विकसित होने के लिए तैयार है।

पीएम-किसान विश्वास, तकनीक और परिवर्तन की कहानी है। यह दुनिया के लिए भारत का योगदान है। यह योजना एक जीवंत उदाहरण है कि कैसे एक दूरदर्शी नीति, डिजिटल नवाचार और राजनीतिक इच्छाशक्ति के साथ मिलकर, लाखों लोगों को सशक्त बना सकती है और 21वीं सदी के शासन को नए सिरे से परिभाषित कर सकती है।

अध्यात्म

## अच्छी आदतें कामयाबी में चार चांद लगा देती हैं



कहा जाता है कि सफल और नाकाम आदमी में केवल एक अंतर यह होता है कि कामयाब आदमी अपने काम को विशेष ढंग से करता है और नाकामयाब आदमी अपने काम को सामान्य ढंग से। हालांकि आपकी सफलता में आपकी आदतें भी शामिल होती हैं। गलत आदतें आपको आगे बढ़ने से रोकती हैं, अच्छे अवसरों को खत्म कर देती हैं, वहीं अच्छी आदतें कामयाबी में चार चांद लगा देती हैं। एक शहर में एक गरीब व्यक्ति रहता था। एक दिन उसे किसी कबाड़ी के पास से बहुत पुरानी किताब मिल गई। उस किताब में लिखा हुआ था कि पारस पत्थर समुद्र तट पर अन्य पत्थरों के साथ मिलता है। वह दिखने में अन्य पत्थरों की तरह ही होता है, लेकिन वह अन्य पत्थरों की तुलना में कुछ गरम और मुलायम होता है। ऐसी लोक मान्यता है कि पुराने समय में कोई ऐसा पत्थर था, जिसके स्पर्श से कोई भी लोहे की वस्तु सोने में बदल जाती थी। पारस पत्थर का रहस्य जानकर वह व्यक्ति बहुत खुश हुआ। सोचने लगा कि उसे यह पत्थर मिल जाए, तो उसकी सारी गरीबी दूर हो जाएगी। वह समुद्र तट पर जाकर पारस पत्थर को खोजने में जी-जान से जुट गया। शुरुआत में उसे परेशानी आई क्योंकि बहुत से पत्थर होने के कारण वह एक ही पत्थर को कई बार छूकर देख रहा था। इसमें बहुत समय व्यर्थ हो रहा था। इसका उसने समाधान निकाला। वह पत्थर को छूता, वह गरम और मुलायम नहीं होता, तो उसे समुद्र में फेंक देता। उसने कई दिनों तक पत्थर उठा-उठाकर समुद्र में फेंका, पर उसे गरम और मुलायम पत्थर नहीं मिला। उसे निराशा ही हाथ लगी। लेकिन एक दिन उसके हाथ ऐसा पत्थर लग ही गया, जो सामान्य से गरम भी था और मुलायम भी। लेकिन उसने उसे भी उठाकर समुद्र में फेंक दिया। इतने लंबे समय तक रोज हजारों पत्थरों को समुद्र में फेंकते रहने के कारण उसकी यह आदत बन गई थी। हम जीवन में अवसर की तलाश करते रहते हैं, लेकिन जब अवसर मिलने को होता है, तो अपनी आदतों के कारण उसे गंवा भी देते हैं।

# वैश्विक सुस्ती के बीच स्थिर विकास की ओर भारत

**विकास की राह में जब वैश्विक अर्थव्यवस्था झुकी हुई हो, व्यापारिक नीतियाँ डगमगाने लगें, और भू-राजनीतिक तनाव बढ़ते जाएँ, तब किसी देश का आर्थिक रूप से 'स्थिर ? रहना मात्र एक आँकड़ा नहीं, बल्कि उसकी नीतिगत परिपक्वता, आंतरिक सामर्थ्य और व्यापक सामाजिक-संस्थागत दृढ़ता का प्रतीक होता है। आज जब विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों ने वैश्विक आर्थिक वृद्धि के अनुमानों में कटौती की है, ऐसे समय में भारत का आर्थिक रूप से स्थिर बने रहना न केवल एक उपलब्धि है, बल्कि भविष्य की संभावनाओं का द्वार भी खोलता है।**

**ममता कुशवाहा**

भारत की अर्थव्यवस्था जिस प्रकार से वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच अपनी गति बनाए रखने का संकेत दे रही है, वह न केवल इसके आर्थिक ढाँचे की लचीलापन को दर्शाता है, बल्कि इसके नीति-निर्धारकों की दूरदर्शिता की भी पुष्टि करता है। परंतु यह स्थिरता कोई संयोग नहीं है, बल्कि बहुस्तरीय प्रयासों, विश्लेषणों और सूक्ष्म संतुलनों का परिणाम है।

विश्व बैंक औरआईएमएफ दोनों ने अपने हालिया पूर्वानुमानों में वैश्विक वृद्धि दर को नीचे गिरा दिया है। आईएमएफ ने जहाँ 2025 के लिए वैश्विक विकास दर मात्र 2.8 प्रतिशत आँकी है, वहीं विश्व बैंक का अनुमान और भी निम्न 2.3 प्रतिशत पर है। इन अनुमानों में कटौती का कारण वैश्विक व्यापार में अनिश्चितता, भूराजनीतिक तनाव (विशेषकर रूस-यूक्रेन युद्ध, इजरायल-गाजा संघर्ष, चीन-अमेरिका तनाव आदि), आपूर्ति श्रृंखला की बाधाएँ और संरक्षणवादी व्यापार नीतियाँ हैं। ऐसे वैश्विक संकट के वातावरण में भारत की अनुमानित 6.5 प्रतिशत वृद्धि दर न केवल उल्लेखनीय है, बल्कि यह इंगित करती है कि भारत की आंतरिक अर्थव्यवस्था में संतुलन और गतिशीलता विद्यमान है।

भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा प्रस्तुत आर्थिक स्थिति रिपोर्ट और वित्त मंत्रालय की मासिक समीक्षा इस बात की पुष्टि करती है कि भारत की आर्थिक गतिविधियाँ लचीली बनी हुई हैं। इस लचीलापन के कई कारण हैं। सबसे पहले, कृषि क्षेत्र की स्थिति संतोषजनक रही है। खरीफ बुवाई के लिए परिस्थितियाँ अनुकूल रही हैं, जिससे ग्रामीण मांग को मजबूती मिली है। साथ ही, रबी की अच्छी फसल और सकारात्मक मानसूनी पूर्वानुमान ने ग्रामीण भारत की क्रय शक्ति को भी सशक्त किया है।

औद्योगिक क्षेत्र में क्षमता उपयोग का स्तर लंबे समय के औसत से ऊपर बना हुआ है, जिससे यह संकेत मिलता है कि उद्योगों में निवेश और उत्पादन दोनों सक्रिय हैं। इसके अलावा, ई-वे बिल, टोल कलेक्शन और डिजिटल पेमेंट्स जैसे उच्च-आवृत्ति संकेतक मजबूत आर्थिक गतिविधियों का परिचायक हैं। डिजिटल इकोनॉमी का सतत विस्तार, औपचारिकरण की प्रक्रिया और आधारभूत संरचना में सरकारी निवेश ने अर्थव्यवस्था को झटकों से उबरने की शक्ति प्रदान की है।

जहाँ एक ओर कुछ संकेतकों ने आर्थिक मजबूती का प्रदर्शन किया है, वहीं दूसरी ओर कुछ क्षेत्रों में गिरावट के संकेत भी स्पष्ट हैं। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (ढ्ढढ्ढक्क) अप्रैल में केवल 2.7 प्रतिशत बढ़ा, जबकि आठ कोर सेक्टर जैसे कोयला, स्टील, सीमेंट आदि ने अप्रैल-मई में मात्र 0.8 प्रतिशत की वृद्धि दिखाई। ढ्ढष्टक्रकी रिपोर्ट के अनुसार बिजली उत्पादन, टू-व्हीलर उत्पादन, पोर्ट कार्गो ट्रैफिक और घरेलू एयरलाइन यातायात जैसे आठ मुख्य संकेतकों में भी गिरावट दर्ज की गई है। शहरी मांग में भी नरमी



के संकेत मिले हैं, जिसका प्रभाव निर्माण क्षेत्र और वाहन बिक्री जैसे क्षेत्रों में देखा गया है।

निर्यात क्षेत्र में भी चिंता के संकेत हैं। वस्तु निर्यात में इस वर्ष अब तक मात्र 3 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है, जो अत्यंत सीमित है। यदि पेट्रोलियम उत्पादों को हटाया जाए, तो स्थिति थोड़ी बेहतर होती है, किंतु फिर भी यह वैश्विक माँग की कमजोरी और व्यापारिक अनिश्चितताओं का प्रतिबिंब है। ढ्ढरू्न के अनुसार वैश्विक व्यापार वृद्धि 2025 में मात्र 1.7 प्रतिशत रहने की संभावना है, जो पहले के 3.2 प्रतिशत अनुमान से 1.5 प्रतिशत अंक कम है। यह वैश्विक व्यापारिक मंदी भारत जैसे निर्यातक देश के लिए चिंता का विषय है, विशेषतः तब जब सेवा क्षेत्र और उच्च तकनीकी उत्पादों पर वैश्विक निर्भरता लगातार बढ़ रही है।

इन विरोधाभासी संकेतों के बीच भारत के नीति-निर्माताओं की सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वे घरेलू मांग को बनाए रखते हुए बाहरी जोखिमों का प्रभाव न्यूनतम करें। वित्त मंत्रालय का यह स्वीकारना कि 'बाहरी चुनौतियाँ भारत की विकास यात्रा को संभावित रूप से प्रभावित कर सकती हैं।' इस बात की गंभीर चेतावनी है कि यदि स्थिति का कुशलता से प्रबंधन नहीं किया गया, तो यह स्थिर विकास पथ बाधित हो सकता है। इसके लिए सरकार को कई मोर्चों पर सक्रिय रहना होगा, बुनियादी ढाँचे में निवेश को गति देना, स्वस्थ्य क्षेत्र को प्रोत्साहित करना, बैंकिंग प्रणाली में तरलता बनाए रखना, रोजगार निर्माण को प्राथमिकता देना और डिजिटल तथा हरित अर्थव्यवस्था को सशक्त करना। इसके साथ ही, निर्यात को प्रोत्साहन देने के लिए व्यापार समझौतों का पुनरावलोकन, वैश्विक साझेदारियों का विस्तार और उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजनाओं को तेज़ी से लागू करना आवश्यक होगा। वर्तमान संदर्भ में कृषि, सेवा और निर्माण, ये तीन क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ बन सकते हैं। कृषि क्षेत्र में अनुकूल मानसून और फसल उत्पादन की स्थिरता ने ग्रामीण भारत को सशक्त बनाया है। सेवा क्षेत्र, विशेषतः ढ्ढञ्ज, फिनटेक और स्वास्थ्य सेवा, वैश्विक प्रतिस्पर्धा में भारत को आगे रख रहे हैं। वहीं, निर्माण क्षेत्र जिसमें सड़क, रेलवे, आवास, बिजली जैसे बुनियादी ढाँचे शामिल हैं, न केवल रोजगार सृजन का बड़ा स्रोत है, बल्कि इसके जरिए निवेश और उपभोग का चक्र भी गति पाता है। यदि सरकार इन तीनों क्षेत्रों को एक समेकित नीति के तहत विकसित करती है, तो आने वाले वर्षों में भारत वैश्विक आर्थिक मंच पर एक स्थिर और सशक्त राष्ट्र के रूप में उभर सकता है। वास्तव में आज भारत एक ऐसे दोराहे पर खड़ा है, जहाँ एक ओर वैश्विक सुस्ती और अनिश्चितताएँ हैं, तो दूसरी ओर आंतरिक आर्थिक शक्ति, उपभोग क्षमता और नीति-निर्माण की स्थिरता है। आरबीआई और वित्त मंत्रालय की रिपोर्टें जहाँ अवसरों और उपलब्धियों की ओर इशारा करती हैं, वहीं वे यह भी संकेत देती हैं कि सावधानी, सूझबूझ और दूरदर्शिता के बिना यह विकासगाथा अस्थायी साबित हो सकती है। आज आवश्यकता इस बात की है कि भारत केवल 'होल्डिंग स्टेडी' न रहे, बल्कि 'फॉर्ज़िंग अहेड' की दिशा में अपने कदम बढ़ाए। इसके लिए आवश्यक होगा कि हम अपने आर्थिक संकेतकों की गहराई से निगरानी करें, समय रहते नीति-सुधार लाएँ और सामाजिक-सांस्कृतिक स्तर पर भी समावेशिता को बढ़ावा दें। तभी भारत न केवल वैश्विक संकटों के बीच खड़ा रह सकेगा, बल्कि उन्हें अवसरों में बदलने की सामर्थ्य भी अर्जित कर सकेगा।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

आपकी सलाह से लोगों को लाभ होगा। आपकी अच्छी आदतों से लोग प्रसन्न होंगे। प्रेमी जन से अपने प्रेम की अभिव्यक्ति कर सकते हैं।

**वृषभ**

व्यापार में नया प्रयोग कर सकते हैं। परोपकार में धन खर्च कर सकते हैं। अपनी क्षमताओं को विकसित करने पर काम कर सकते हैं।

**मिथुन**

जीवनसाथी के साथ रोमान्टिक पलों का आनन्द उठायेंगे। अविवाहित लोगों के विवाह को लेकर चर्चा हो सकती है। सरकारी कार्यों में अच्छा लाभ प्राप्त होगा।

**कर्क**

दाम्पत्य सम्बन्धों में मधुरता बढ़ेगी। अचल सम्पत्ति की खरीदारी कर सकते हैं। अति आत्मविश्वास के कारण नुकसान हो सकता है।

**सिंह**

आज आपका मूड काफी अच्छा रहेगा। स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है। धार्मिक कार्यों में मन लगेगा।

**कन्या**

माता के स्वास्थ्य की चिन्ता हो सकती है। दवाइयों पर धन खर्च हो सकता है। निरर्थक कार्यों में समय बर्बाद हो सकता है। आपकी सोच के अनुसार काम नहीं होंगे।

**तुला**

कला जगत से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। आय की स्थिति मजबूत रहेगी। परिस्थितियों में धीरे-धीरे सुधार आयेगा।

**वृश्चिक**

आपकी रुचि नये कार्यों को लेकर बढ़ेगी। नये सम्बन्ध विकसित होने के योग बन रहे हैं। प्रबन्धन सम्बन्धी कार्यों में सफलता मिलेगी।

**धनु**

उच्च शिक्षा के लिये विदेश यात्रा कर सकते हैं। घरेलू खर्चों में वृद्धि होगी। कोई महत्वपूर्ण काम पूर्ण हो सकता है। कर्मचारियों से अधिक बहसबाजी न करें। विवादित मामले उभरने की आशंका है।

**मकर**

आपका स्वास्थ्य कमजोर हो सकता है। पेट में जलन महसूस हो सकती है। शाम के समय जीवनसाथी के साथ डिनर के लिये जा सकते हैं। शत्रु पक्ष को कमजोर आँकने की गलती न करें।

**कुंभ**

नये कार्यों की शुरुआत करने के लिये दिन शुभ है। अधिकारियों से आपको प्रशंसा प्राप्त होगी। साझेदारी में काम करने से लाभ मिलेगा।

**मीन**

कार्यक्षेत्र में अधिकारियों की आज्ञा का पालन करना पड़ेगा। अनावश्यक बातों पर ध्यान न दें। गूढ़ विषयों का अध्ययन करने में रुचि जागृत होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### मकान निर्माण के दौरान भाड़ा टूटने से दो घायल

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** किशुनपुरा गांव में मकान निर्माण के दौरान बांस से बना भाड़ा अचानक टूट कर गिर पड़ा, जिससे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में मकान मालिक तारकेश्वर शर्मा (उम्र 60 वर्ष), पिता स्व. जनकदेव शर्मा तथा राजमिस्त्री संजय राय (उम्र 41 वर्ष), पिता गौरी शंकर राय घायल हो गए। बताया गया कि दूसरे तल्ले की ढलाई के दौरान दोनों लोग कार्यस्थल पर मौजूद थे, तभी बांस का सहारा टूट गया और दोनों नीचे गिर पड़े। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया है।

### 504.655 लीटर अवैध शराब का विनष्टीकरण

**इसुआपुर (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला दंडाधिकारी के आदेश के आलोक में इसुआपुर थाना परिसर में जप्त की गई कुल 504.655 लीटर अवैध देसी एवं विदेशी शराब का विनष्टिकरण किया गया। इसमें 472 लीटर स्प्रिट, 20.655 लीटर अंग्रेजी शराब तथा 12 लीटर देसी शराब शामिल थी। इस कार्रवाई में उत्पाद विभाग के अधिकारियों के साथ थानाध्यक्ष कमल कुमार राम, पुअनि संजय शर्मा एवं पुअनि सुधांशु कुमार उपस्थित थे। शराब निषेध कानून के तहत यह विधिवत नष्टिकरण प्रक्रिया संपन्न कराई गई।

### इजराइल में नौकरी का सुनहरा अवसर

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** श्रम संसाधन विभाग, बिहार सरकार के अधीन अवर प्रादेशिक नियोजनालय, छपरा द्वारा जानकारी दी गई है कि इजराइल में "होम बेस्ड केयरगिवर फॉर वृद्धजन" पद हेतु 5000 रिक्तियों की अधिसूचना जारी की गई है। चयनित अभ्यर्थियों को ₹1.50 लाख से अधिक मासिक वेतन मिलेगा, साथ ही मुफ्त भोजन और आवास की सुविधा भी दी जाएगी। यह दो वर्षों का अनुबंध होगा। आवेदन के लिए आयु सीमा 25 से 45 वर्ष निर्धारित है और न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास रखी गई है। अभ्यर्थियों को अंग्रेजी का ज्ञान आवश्यक है। आवेदन की अंतिम तिथि 5 अगस्त 2025 है। इच्छुक अभ्यर्थी प्रेम नगर, छपरा स्थित नियोजनालय कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं या 06152-273703 पर फोन कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### पुलिस और पब्लिक के बीच बेहतर संबंध जरूरी : इंस्पेक्टर

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुलिस अंचल कार्यालय में शुक्रवार को एक बैठक आयोजित की गई। इसमें अंचल थाना के सभी थानाध्यक्षों की उपस्थिति रहीं। मैनाटांड पुलिस



इंस्पेक्टर सरफराज अहमद की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विभिन्न कांडों का निष्पादन समय करने,डायरी को अधतन करने तथा अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस गश्त तेज करने का निर्देश दिया गया। साथ ही फरार चल रहे वारंटी,शराब तस्करों की गिरफ्तारी में तेजी लाने को कहा गया। इधर विधानसभा चुनाव को लेकर भी इंस्पेक्टर ने निर्देश दिए। इंस्पेक्टर ने कहा अपराध पर नियंत्रण हेतु पुलिस और पब्लिक के बीच मैत्री संबंध होना अति आवश्यक है। बैठक में मैनाटांड थानाध्यक्ष शम्भू शरण गुप्ता, इनरवा थानाध्यक्ष लवकांत शर्मा मानपुर के अर्चना सिन्हा,बलथर के लालदेव दास सिकटा के नितिश कुमार मोर्य कंगली पुरूषोत्तमपुर आदि के थानाध्यक्ष मौजूद रहें।

### डाटा एंट्री ऑपरेटरों के मानदेय बढ़ाने की मांग ने पकड़ा जोर

**महासंघ ने सरकार को दी खुली चेतावनी अब चुप नहीं बैठेंगे**

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिक्षा विभाग के बीआरसी में कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटरों की दयनीय स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए महासंघ ने राज्य सरकार पर सीधा निशाना। उन्होंने कहा कि मात्र 8,725 मासिक मानदेय में किसी भी कर्मचारी के लिए परिवार का भरण-पोषण करना असंभव है।संघ ने कहा कि यदि डाटा एंट्री ऑपरेटरों का मानदेय बढ़ाने व सेवा नियमित करने पर जल्द ठोस फैसला नहीं लिया गया, तो यह आंदोलन जिला स्तर से लेकर राज्य स्तर तक पहुंचेगा। अब महासंघ चुप नहीं बैठेगा। जब अन्य विभागों में काम कर रहे कर्मियों का मानदेय बढ़ाया जा सकता है, तो शिक्षा विभाग के डाटा एंट्री ऑपरेटरों के साथ भेदभाव क्यों? यह शोषण अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए शिविर का आयोजन

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अखिल भारतीय शिक्षा समागम कार्यक्रम के अंतर्गत लौरिया बीआरसी में शुक्रवार को 6 वर्ष से 18 वर्ष के दिव्यांग छात्र व छात्राओ के दिव्यांगता प्रमाणीकरण एवं जांच सह सहायता उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। करीब 25 बच्चों का रजिस्ट्रेशन किया गया। जिसमे पांच बच्चों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र,आठ बच्चों का यूडीआईडी कार्ड के लिए चिन्हित किया गया। तथा दस बच्चों को एआईडीआर एप्लिकेशन के लिए चिन्हित किया गया। इस बात की जानकारी जिला से आई महिला डॉक्टर शबाना खातून ने दी। साथ ही उन्होंने बताया कि सीएचसी लौरिया से डॉ दीलिप कुमार यादव के द्वारा दिव्यांगता प्रमाण पत्र बच्चों के लिए जारी किया जायेगा। मौके पर बीआरपी दुर्गा प्रसाद, शैलेन्द्र शुक्ला सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे।

### एसएसबी ने किया पौधरोपण, पर्यावरण का दिया संदेश

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एसएसबी 44 वी बटालियन द्वारा शुक्रवार को शहर के रेलवे प्रवेशिका प्लस टू विद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण अभियान 2025 के तहत पौधरोपण का कार्यक्रम किया गया। इस पौधरोपण कार्यक्रम का नेतृत्व एसएसबी 44 वी बटालियन के कमांडेंट बलवंत सिंह नेगी के द्वारा किया गया। जिसमें विद्यालय प्रांगण में दो सौ बालबृक्ष का पौधरोपण किया गया। कमांडेंट श्री नेगी ने अपने संबोधन में स्कूलों के छात्र/छात्राओं को कहा कि पर्यावरण रक्षा करना हम सभी लोगो का दायित्व है। इसलिए इसकी रक्षा में सभी लोग अपनी भागीदारी निभाये और पेड़ पौधों को लगाए। पेड़ पौधे हमारे जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने स्कूली बच्चों को कहा कि सभी अपने माता-पिता को बोलकर या खुद से अपने अपने गाँव-मुहल्ले में पेड़ लगाए और एक दूसरे को भी इसके लिए प्रेरित करें। पौधरोपण कार्यक्रम में एसएसबी के उप कमांडेंट ज्ञानेंद्र कुमार, सहायक कमांडेंट(संचार) रियास.पी,मनोज कुमार के साथ रेलवे प्रवेशिका प्लस टू विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुनील कुमार यादव, शिक्षक मो.-समुल्लाह के साथ विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षिका तथा बच्चे आदि शामिल रहे।

### चार शराबी समेत एक वारंटी गिरफ्तार, जेल

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर पुलिस में अलग-अलग जगह पर छापेमारी कर चार शराबी समेत एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शराबियों में रामनगर थाना क्षेत्र के बेला गोला निवासी छोटे खान,एवं डैनमरवा गांव निवासी साहेब खान व तौफीक आलम तथा मलदहिया पोखरिया निवासी रवि कुमार उर्फ अनिल कुमार राम शामिल है। वही चक्की पकड़ी से पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार वारंटी नागेन्द्र साह है। थानाध्यक्ष ज्वला कुमार सिंह ने बताया कि सूचना के आलोक में करवाई करते हुए अलग अलग जगहों से छापेमारी कर चार शराबियो को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही चक्की पकड़ी से एक वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### सहायक अभियंता ने की साठी-भसुरारी सड़क निर्माण जांच

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के साठी-भसुरारी मुख्य सड़क के निर्माण कार्य का शुक्रवार को ग्रामीण कार्य विभाग के सहायक अभियंता रोहित कुमार एवं जेई नवीन गौरव ने संयुक्त रूप से जांच किया। इस दौरान अधिकारियो ने बैतापुर, भसुरारी समेत अन्य कई जगहों पर जाकर निर्माण कार्य का जायजा लिया। जांच के क्रम में बैतापुर उत्क्रमित मध्य विद्यालय के समीप पीसीसी ढलाई के कार्य को देखकर



एसडीओ रोहित कुमार बिफर पड़े और लेबर मेठ एवं निर्माण एजेंसी के मुंशी को कड़ी फटकार लगाई। जांच में कई जगह अनियमितता पाये जाने की बात सहायक अभियंता ने की। उन्होंने संवेदक को सुधार करने की चेतावनी दी। श्री कुमार ने निर्माण कार्य को हर हाल में मानक के अनुसार गुणवत्तापूर्ण कराने का निर्देश दिया। विदित हो कि इस सड़क में पहले भी बेलवा गांव के लोगो ने निर्माण कार्य मे अनिमितता को लेकर विरोध प्रदर्शन किया था।वही बुधवार को भसुरारी चौक पर बिना मेटल दिए पीसीसी ढलाई किया जा रहा था। जिसका ग्रामीणों ने मानक के विपरीत कार्य करने का आरोप लगाते हुए विरोध किया था और निर्माण कार्य का जांच करने की मांग की थी।

# गहन पुनरीक्षण के बाद मतदाता सूची के प्रारुप का हुआ प्रकाशन

**जिले के 27.60 लाख में से 25.69 लाख मतदाताओं का नाम प्रारुप में शामिल**

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर गहन मतदाता पुनरीक्षण के बाद जिले के मतदाता सूची ड्राफ्ट प्रकाशन कर दिया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि ड्राफ्ट प्रकाशन के बाद मतदाता सूची की प्रति सभी मान्यताप्राप्त राजनैतिक दलों को सौंप दिया गया है। उन्होने बताया कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के पूर्व मतदाताओं की संख्या 27 लाख 60 हजार 990 थी। लेकिन 25 जून से लेकर 26 जुलाई तक चलाये गये गहन पुनरीक्षण के दौरान प्रपत्रों का संग्रहण किया गया है।



संग्रहण के बाद यह बात सामने आयी है कि जिले के करीब 1लाख 91 हजार 376 मतदाता या तो दूसरे राज्यों या संघ साशित प्रदेशों के है, या अस्तित्व में नही अर्थात मृत हो गये। या जिन्होंने 25 जुलाई तक अपना फार्म हीं नही भरा, या किसी कारण वश मतदाता सूची में पंजीकृत कराने को इच्छुक ही नही है। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रपत्रों के अपलोड होने के बाद जिले में प्रकाशित प्रारुप के अनुसार अभी 25लाख 69 हजार 614 मतदाताओं की संख्या रह गयी है। डीएम ने प्रकाशित प्रारुप में नाम जुड़ने से वंचित मतदाताओं में से यदि कोई मतदाता अपना दावा आपति देना चाहता है तो वे अंचलो, प्रखंडो, नगर निकायों के कार्यालयों में आगामी 1 सितंबर के पूर्व अपना दावा आपति दे सकता है। इसके साथ हीं 1अक्टूबर 2025 को जो किशोर अपनी उम्र सीमा 18 वर्ष पुरा कर रहा है वह भी प्रपत्र 6 में अपना नाम जोड़वाने के लिए आवेदन दे सकता है। जिलाधिकारी ने कहा कि दावा आपति दाखिल करने वाले मतदाताओं को अपने प्रपत्रों के साथ भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दस्तावेजो को संलग्न कर अपना दावा दे सकता है। इसके लिए तीन प्रपत्र जारी किये गये है। जिसमें निर्वाचक नामावली में नाम जोड़ने के लिए प्रपत्र 6, नाम विलोपित करने के लिए प्रपत्र 7 एवं प्रविष्ट नाम में संशोधन, स्थानांतरण, ईपिक निर्माण एवं दिव्यांग के पहचान के लिए प्रपत्र 8 में निर्धारित दस्तावेजो के साथ अपना दावा दे सकता है।

### सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु बच्चियों का टीकाकरण शुरू

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** क्षेत्र में सर्वाइकल कैंसर से बचाव को लेकर टीकाकरण अभियान का शुभारंभ शुक्रवार को किया गया। इस दौरान 9 से 14 वर्ष तक उम्र की करीब 190 बच्चियों को एचपीवी वैक्सीन दिया गया। जानकारी देते हुए अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ संजीव कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री बालिका कैंसर प्रतिरक्षण योजना के अंतर्गत 9 से 14 वर्ष आयु वर्ग की छात्राओं को निःशुल्क यह टीका लगाया जाना है। इसी क्रम में मतीसरा बालिका विद्यालय में 100 एवं भसुरारी स्थित कस्तूरबा विद्यालय में 90 बच्चियो को शिविर आयोजित कर निःशुल्क वैक्सीनेशन किया गया है।

## क्षेत्रीय उपनिदेशक ने किया पीएचसी का निरीक्षण

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शुक्रवार को रीजनल डिप्टी डायरेक्टर हेल्थ (आरडीडी) डॉ शंकर रजक ने मझौलिया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न विभागों जैसे लेबर रूम,जनरल वार्ड, ओपीडी,दवा भंडार,जांच कक्ष, स्वच्छता व्यवस्था एवं उपस्थिति रजिस्टर की बारीकी से जांच की।निरीक्षण के क्रम में डॉ. रजक ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अनुपम प्रसाद समेत अन्य चिकित्सकों और स्टाफ को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।उन्होंने मरीजों से बातचीत कर उनके इलाज,दवाओं की उपलब्धता और अस्पताल की स्वच्छता को लेकर प्रतिक्रिया भी ली। मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं पर संतोष जताया।डॉ. रजक ने निरीक्षण के उपरांत कहा कि अस्पताल की व्यवस्थाएं काफी हद तक संतोषजनक पाई गई।साफ-सफाई, दवाएं, चिकित्सकीय उपस्थिति एवं सेवा व्यवस्था संतुलित है।उन्होंने अस्पताल



प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि यह व्यवस्था बनी रहनी चाहिए और समय-समय पर सुधार भी होता रहना चाहिए।निरीक्षण के दौरान सीएचसी प्रभारी डॉ अनुपम प्रसाद,अकाउंटेंट राहुल झा, स्वास्थ्य कर्मी केदार राम,रविंद्र शर्मा,लैब टेक्नीशियन समेत अन्य स्टाफ मौजूद थे।ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की।

## अमृत भारत योजना के तहत 54 करोड़ की लागत से होगा बेतिया स्टेशन का कायाकल्प

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर मंडल अंतर्गत मुजफ्फरपुर नरकटियागंज रेलखं डमें बेतिया रेलवे स्टेशन के पुनर्निर्माण कार्य की शुरूआत हुयी। प.चंपारण के सांसद डा. संजय जायसवाल, सुबे की पशु संसाधन एवं मत्स्य विभाग की मंत्री रेणु देवी, समस्तीपुर मंडल रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव ने संयुक्त रुप से भूमि पूजन कर




भवन निर्माण की आधारशीला रखी।इस परियोजना पर 54 करोड़ रुपये की लागत आएगी, जिससे स्टेशन को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित विश्वस्तरीय स्वरूप प्रदान किया जायेगा। इसका स्वरुप बेतिया राज के पुराने शीशमहल के स्वरुप जैसा होगा। इस परियोजना के तहत बेतिया स्टेशन पर यात्रियों के लिए बेहतर सुविधाएं, आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर, उन्नत सुरक्षा व्यवस्था और पर्यावरण-अनुकूल सुविधाएं विकसित की जाएंगी। यह न केवल स्थानीय यात्रियों के लिए सुविधाजनक होगा, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक विकास को भी गति देगा। सांसद डॉ. संजय जयसवाल ने इस अवसर पर कहा, अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बेतिया स्टेशन का पुनर्विकास क्षेत्रवासियों के लिए गर्व का विषय है। यह परियोजना बेतिया को रेल कनेक्टिविटी के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। यह परियोजना केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी अमृत भारत स्टेशन योजना का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य देश भर के रेलवे स्टेशनों को आधुनिक और यात्री-अनुकूल बनाना है। बेतिया स्टेशन के इस कायाकल्प से न केवल स्थानीय लोगों को लाभ होगा, बल्कि यह क्षेत्र पर्यटन और व्यापार के लिए भी एक नया केंद्र बनेगा। डीआरएम विनय कुमार श्रीवास्तव ने पश्चिम चंपारण सांसद को धन्यवाद देते हुए कहा कि बेतिया रेलवे स्टेशन को विकसित करने में सांसद डॉ. संजय जायसवाल का महत्वपूर्ण योगदान है। उनके प्रयास से बेतिया रेलवे स्टेशन को विकसित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह योजना पहले 18 करोड़ की थी। लेकिन, 18 करोड़ की राशि स्टेशन के विकास के लिए काफी नहीं थी। इसको देखते हुए सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने काफी प्रयास किया और इसका प्रतिफल 54 करोड़ परियोजना राशि के रूप में मिला। मौके पर आयोजित समारोह का संचालन मंडल अध्यक्ष राहुल चतुवेर्दी ने किया। मौके पर विधायक नारायण प्रसाद, उमाकांत सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष रुपक श्रीवास्तव, महिला मोर्चा अध्यक्ष सीमा माधोगढ़िया, पायल गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष दीपेंद्र सर्राफ, संजय कुमार पांडेय,शैलेंद्र कुमार मिश्रा, आशीष गुप्ता, के अलावे अन्य भाजपा कार्यकर्ता एवं रेलवे के अधिकारी मौजूद थे।

## जिला पदाधिकारी ने किया चनपटिया स्टार्टअप जोन का निरीक्षण

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिलाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने आज नवप्रवर्तन स्टार्टअप जोन चनपटिया का निरीक्षण कर उद्यमिता विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की। यह निरीक्षण न केवल एक प्रशासनिक चुस्ती थी, बल्कि एक दूरदर्शी पहल थी, जिसका उद्देश्य जिले में उद्यमिता को बढ़ावा देना और स्थानीय स्तर पर आत्मनिर्भरता को सशक्त बनाना है।निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टार्टअप जोन में संचालित विभिन्न यूनिट्स का अवलोकन किया और उद्यमियों से उनके कार्यों, चुनौतियों और योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने वहां कार्यरत विभिन्न उद्यमियों से सीधे संवाद किया। उन्होंने प्रत्येक उद्यम के कार्यपद्धति, उत्पादन प्रक्रिया, विपणन तंत्र एवं भविष्य की योजनाओं की भी जानकारी ली।इस अवसर पर उद्यमियों ने जिला पदाधिकारी के समक्ष अपने कार्यों से जुड़ी समस्याएं और सुझाव रखे।



उन्होंने अपने अनुभव साझा किए और उन्हें आ रही व्यावहारिक चुनौतियों से भी अवगत कराया।उद्यमियों द्वारा उठाए गए मुद्दों को जिला पदाधिकारी ने अत्यंत गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि सभी समस्याओं के समाधान हेतु उच्चस्तरीय स्तर पर वार्ता की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन उद्यमियों के साथ खड़ा है और उनकी सफलता को सुनिश्चित करने हेतु हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन उद्यमिता को प्रोत्साहित करने और स्थानीय युवाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।जिला पदाधिकारी ने उद्यमियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए और उन्हें यह भरोसा दिलाया कि प्रशासनिक स्तर पर हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। चनपटिया मॉडल को देशभर में एक आदर्श के रूप में प्रस्तुत करने की दिशा में यह पहल एक और मजबूत कदम साबित होगा।इस अवसर पर विशेष कार्य पदाधिकारी, सुजीत कुमार, जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक रोहित राज सहित अन्य पदाधिकारी एवं उद्यमी उपस्थित थे।

### खेत पटवन कर रहे किसान की करंट की चपेट में आने से मौत

**तरैया (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के भलुआ शंकरडीह गांव में मोटर से खेत पटवन कर रहे एक किसान की विद्युत करंट लगने से मौत हो गई। मृतक उक्त गांव निवासी 50 वर्षीय शंभु सिंह बताया गए हैं। बताया जाता हैं कि शंभु सिंह कृषि कार्य के लिए खेतों में लगे बिजली से मोटर चला कर धान की रोपनी के लिए खेत में पानी डाल रहे थे इसी दौरान वह अचानक विद्युत करंट की चपेट में आ गये और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। हालांकि परिजनों व ग्रामीणों ने मिलकर आनन-फानन में लेकर रेफरल अस्पताल तरैया पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं सूचना पाकर तरैया थाना पुलिस रेफरल अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपर सदर अस्पताल भेज कर आगे की प्रक्रिया में जुट गई है। वहीं मृतक की पत्नी संगीता देवी व 10 वर्षीय पुत्री अमृता कुमारी व अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## मढ़ौरा में डॉ. नूतन कुमारी ने दिखाई जन समर्थन की ताकत, भारी वर्षा के बावजूद जुटी हजारों की भीड़

**छपरा/मढ़ौरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मढ़ौरा विधानसभा क्षेत्र के इसरौली पंचायत में "जन सुराज" की बिहार बदलाव यात्रा के अंतर्गत एक विशाल जनसभा "बिहार बदलाव संवाद" का आयोजन किया गया। यह जनसभा जन सुराज की भावी प्रत्याशी डॉ. नूतन कुमारी द्वारा आयोजित की गई थी। जनसभा में मढ़ौरा प्रखंड के 35 गांवों से भारी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। गौरतलब है कि यह डॉ. नूतन कुमारी की तीसरी बड़ी जनसभा थी, जिसमें भारी बारिश के बावजूद हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लेकर न केवल जन सुराज के प्रति विश्वास जताया, बल्कि डॉ. नूतन कुमारी को खुला समर्थन भी दिया। जनसभा में मुख्य अतिथि के रूप में जन सुराज चुनाव समिति के अध्यक्ष किशोर कुमार मुन्ना उपस्थित रहे। अपने संबोधन में डॉ. नूतन कुमारी ने जनता को धन्यवाद देते हुए कहा कि बिहार की बदहाल व्यवस्था को बदलने के लिए जनता को अब जागरूक होना होगा। उन्होंने आह्वान किया। इस बार वोट अपने बच्चों के भविष्य के लिए दीजिए। उन्होंने मंच से जनता के साथ संकल्प लिया कि इस बार हम सब मिलकर जनता का राज लाएंगे और मढ़ौरा को सुंदर बनाएंगे। सभा में जन सुराज के जिला एवं प्रदेश स्तर के कई वरिष्ठ पदाधिकारी भी उपस्थित थे। इनमें राज्य परिषद के सुरेश सिंह, चुनाव समिति के उपाध्यक्ष राम प्रकाश सिंह एवं राजीव रंजन सिंह, सारण जिला प्रवक्ता कुलदीप महासेठ, राज्य परिषद सदस्य शकील अहमद, मढ़ौरा विधानसभा के उपाध्यक्ष विनोद मांझी, युवा जिला अध्यक्ष कुमार शिवम्, महासचिव भारतेश्वर सिंह मरोड़ा, युवा अध्यक्ष नवनीत राय (सारण व वैशाली), चुनाव समिति मढ़ौरा अध्यक्ष नीलेश सिंह, महिला युवा अध्यक्ष प्रीति रानी, उपाध्यक्ष बाबर खान एवं मोहम्मद मकबूल हुसैन, पूर्व





सैनिक व जन सुराज नेता भाई वीरेंद्र सिंह, तथा सारण जिला उपाध्यक्ष अभय कुमार शर्मा प्रमुख रूप से शामिल थे। जनसभा को संबोधित करते हुए श्री किशोर कुमार मुन्ना ने डॉ. नूतन कुमारी की सराहना करते हुए कहा कि वे न केवल मढ़ौरा की जनता तक जन सुराज की विचारधारा पहुंचा रही हैं, बल्कि एक ईमानदार, शिक्षित और लोकप्रिय विकल्प के रूप में उभर रही हैं। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने बताया कि जन सुराज जल्द ही प्रत्याशियों की घोषणा करेगा और पार्टी ऐसे ही मेहनती व जनता की पसंद के नेताओं को टिकट देगी।

### बस की ठोकर से घोड़े की मौत

**तरैया (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के तरैया-मढ़ौरा एसएच-73 मुख्य सड़क पर डेवढ़ी गांव स्थित मध्य विद्यालय के समीप टर्निंग पॉइंट पर बुधवार को पटना जा रहे राज सागर बस की ठोकर से एक घोड़े की मौके पर ही मौत हो गई। मृत घोड़ा मढ़ौरा थाना क्षेत्र के यादव रहीमपुर गांव निवासी राम शरण सिंह का बताया गया है। जिसकी कीमत लगभग 80 हजार रुपये हैं। वही बस की ठोकर से घोड़े की मौत के बाद आकर्षित ग्रामीणों ने विरोध में बस को घेर लिया और अपना विरोध जताने लगे। राज सागर बस सवारी लेकर सिवान से पटना जा रही थी।

## पश्चिमी महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष बनीं भाजपा नेत्री चंदा पाठक

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री की सहमति से भाजपा संगठनात्मक जिला पश्चिम के विभिन्न मोर्चों के अध्यक्षों की घोषणा की गई। इस क्रम में महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी पार्टी ने सक्रिय नेत्री चंदा पाठक को सौंपी है। घोषणा के अनुसार, युवा मोर्चा के अध्यक्ष अखिलेश माझी, किसान मोर्चा के अध्यक्ष जय किशन सिंह, पिछड़ा मोर्चा के शंकर दयाल, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्यारे अंगद, तथा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष अली को नियुक्त किया गया है। महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष नियुक्त होने पर चंदा पाठक ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उनके लिए गर्व और जिम्मेदारी का क्षण है। उन्होंने कहा कि जब मुझे यह सूचना मिली कि मुझे पश्चिमी महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है, तो लोगों से फोन और सोशल मीडिया पर



लगातार बधाइयों का सिलसिला शुरू हो गया। मैं प्रदेश अध्यक्ष, संगठन महामंत्री एवं वर्तमान महाराजगंज सांसद का आभार प्रकट करती हूं जिन्होंने मुझ पर भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो दायित्व सौंपा है, उसका वे निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगी और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का कार्य करेंगी। चंदा पाठक के इस मनोनयन पर पार्टी कार्यकताओं एवं समर्थकों में खुशी की लहर देखी जा रही है।

## बेतिया (पश्चिम चंपारण) में सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स के नए शोरूम का शुभारंभ

**देश के 183वें शोरूम के साथ बिहार में अब कुल 7 शोरूम**

**बेतिया/पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** देशभर में अपनी शानदार विरासत और ग्राहकों के भरोसे का प्रतीक बन चुके सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स ने आज बेतिया, पटना में अपना 77वा फ्रैंचाइजी शोरूम लॉन्च किया। इस भव्य उद्घाटन के साथ बिहार में कंपनी के कुल शोरूम की संख्या 7 हो गई है। पूर्वी भारत में सबसे ज्यादा शोरूम वाली ज्वेलरी कंपनी, सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स के पूरे देश में 183 से ज्यादा शोरूम्स हैं। इसे लगातार चौथे साल टीआरए की रिपोर्ट में देश का दूसरा सबसे भरोसेमंद ज्वेलरी ब्रांड चुना गया है। साथ ही, 2024 में इसे 'सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले ज्वेलरी ब्रांड्स' में शामिल किया गया, जहाँ यह अपने ज्यादातर प्रतिस्पर्धियों से काफी आगे रहा। यह नया शोरूम सुप्रिया रोड, बिशप हाउस




के सामने, सेंट जोसेफ स्कूल, हाथीखाना, बेतिया में स्थित है। 4000 वर्ग फुट से अधिक क्षेत्रफल में फैला यह अत्याधुनिक शोरूम अपनी भव्य साज-सज्जा और विस्तृत कलेक्शन के साथ ग्राहकों को एक खास, आरामदायक और यादगार खरीदारी अनुभव प्रदान करता है।

नए शोरूम के भव्य शुभारंभ पर सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स के एमडी और सीईओ सुवंकर सेन ने कहा, "बेतिया, बिहार में हमारे नए शोरूम के शुभारंभ की घोषणा करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है। मध्य भारत में अपनी मौजूदगी को आगे बढ़ाते हुए यह हमारे लिए एक अहम पड़ाव है। बंगाल के कुशल कारीगरों द्वारा बेहद बारीकी से तैयार किया गया हमारा विस्तृत कलेक्शन अब इस शहर के सम्मानित ग्राहकों के और भी करीब होगा।" सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स के बेतिया शोरूम के फ्रेंचाइजी मालिक, श्री राकेश कुमार कुशवाहा ने कहा, "सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स जैसे विश्वसनीय और प्रतिष्ठित ज्वेलरी ब्रांड के साथ जुड़कर हमें बेहद खुशी हो रही है। यह साझेदारी हमारे लिए एक नया और उत्साहजनक अध्याय है, जिससे हम सेन्को की शानदार कारीगरी और बेहतरीन क्वालिटी को अपने स्थानीय ग्राहकों तक पहुँचा सकेंगे। हम ब्रांड की तरक्की के साथ-साथ अपने ग्राहकों को बेहतरीन प्रोडक्ट्स और सर्विस देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।" शोरूम के भव्य शुभारंभ के अवसर पर सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स अपने ग्राहकों के लिए कई आकर्षक ऑफर्स पेश कर रहा है। ग्राहक यहाँ गोल्ड ज्वेलरी के मेकिंग चार्ज पर 25% तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं, जिससे उन्हें अपनी पसंदीदा ज्वेलरी को किफायती दामों पर खरीदने का बेहतरीन मौका मिलेगा। साथ ही, गोल्ड एक्सचेंज पर 0% डिडक्शन का फायदा भी दिया जा रहा है। डायमंड ज्वेलरी पर 20% तक की छूट भी ऑफर में शामिल है। ईयररिंग्स की डिजाइन रेंज सिर्फ 20,000 रुपए की शुरूआती कीमत पर उपलब्ध है। ग्राहकों को अधिक विकल्प देने के लिए हाल ही में 32,400 नई गोल्ड ज्वेलरी डिजाइन्स और 25,000 नई डायमंड ज्वेलरी डिजाइन्स पेश की गई हैं, जो सेन्को के कलेक्शन को और भी आकर्षक और ट्रेंडी बनाती हैं।

# जहानाबाद में धूमधाम से मना 39वां जिला सृजन दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





**जहानाबाद।** जिले के स्थापना की 39वीं वर्षगांठ पर जहानाबाद में सृजन दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर अब्दुल बारी नगर भवन में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से पूरा माहौल उल्लासमय हो उठा। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय, पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार, स्थानीय विधान परिषद एवं विधानसभा सदस्यों की उपस्थिति में हुआ। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की गई। इस अवसर पर डीएम अलंकृता पांडेय ने जिले में चल रहे विभिन्न विकास योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क निर्माण, कृषि और डिजिटल सेवाओं के क्षेत्र में जिला प्रशासन ने कई उल्लेखनीय पहल की हैं। उन्होंने आम नागरिकों से भी जिले के विकास में भागीदारी की अपील की। जिले की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक एकता की झलक कार्यक्रमों में साफ दिखाई दी। सृजन दिवस पर जिले के कई विभागों द्वारा प्रदर्शनी और जागरूकता शिविर भी लगाए गए थे, जिससे लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी मिली।

**जिला सृजन दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित**

जहानाबाद जिला सृजन दिवस के अवसर पर स्वयं सेवी संस्था रक्त सेवा जहानाबाद द्वारा एक महत्वपूर्ण रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर, 11 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया, रक्तदान करने के लिए 15 लोग पहुंचे जिसमें से 11 लोगों का रक्त सेवा के लिए अनमोल योगदान मिला। रक्तदान करने वालों में अमन कौशिक, ममता प्रिया, सौरभ कुमार, सचिन कुमार, अमित कैप्टन, धनंजय कुमार, अमित सिन्हा, सर्वोदय कुमार, आदर्श कुमार, राजीव कुमार ने अपना अमूल्य रक्त दान किया। ब्लड बैंक प्रभारी, डॉक्टर अमर कुमार ने इस अवसर पर कहा, रक्तदान एक महान कार्य है और यह समाज के हर नागरिक की जिम्मेदारी बनती है। रक्त सेवा के अमन कौशिक ने बताया कि यह रक्तदान शिविर खास तौर पर थैलीसीमिया से ग्रसित बच्चों के लिए आयोजित किया गया है। थैलीसीमिया से जूझ रहे बच्चों को जीवनभर रक्त की आवश्यकता होती है, और हम उनके लिए यह प्रयास कर रहे हैं कि रक्त की कमी के कारण किसी बच्चे को इधर उधर न भटकना पड़े। इस रक्तदान शिविर में रक्त सेवा के अमित कैप्टन, अवनीश कुमार, डिंपी कुमारी का अहम योगदान रहा।

# जल संरक्षण व प्रदूषण उन्मूलन पर छात्रों के प्रोजेक्ट को जिला स्थापना दिवस पर मिली सराहना

**तीनों प्रतिभावान छात्र सम्मानित कार्यपालक पदाधिकारी ने दी शुभकामनाएं**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जहानाबाद।** जिला स्थापना दिवस के अवसर पर नगर पंचायत घोसी क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में छात्रों द्वारा प्रस्तुत प्रोजेक्ट ने सबका ध्यान आकर्षित किया। विशेष रूप से आदर्श मध्य विद्यालय घोसी के कक्षा अष्टम के तीन छात्रों–अंशु कुमार, समीर पाण्डेय और पवन कुमार–द्वारा जल संरक्षण और प्रदूषण उन्मूलन विषय पर तैयार किए गए प्रोजेक्ट को सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया। प्रतियोगिता के उपरांत नगर पंचायत कार्यालय में एक सादे समारोह में कार्यपालक पदाधिकारी अनु कुमारी ने तीनों छात्रों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों की रचनात्मकता की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रोजेक्ट न केवल पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का प्रतीक है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि नई पीढ़ी अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों के प्रति सजग है। कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा आप सभी का कार्य आपके विचारों, भावनाओं और कल्पनाओं को अभिव्यक्त करने का एक सशक्त माध्यम है। ऐसी रचनात्मक गतिविधियाँ बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं। इस अवसर पर नगर स्वच्छता पदाधिकारी सिमरन कुमारी, शिक्षक बचन देव कुमार, कार्यालय कर्मी दीनानाथ कुमार समेत कई शिक्षक, अभिभावक और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्रतिभागी छात्रों का उत्साह देखते ही बनता था।

# जाफरगंज पुल से नदी में गिरकर पेंटर की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** कहते हैं जिंदगी बहुत नाजुक होती है, और कभी-कभी एक छोटी-सी चूक अपनों को हमेशा के लिए छीन लेती है। कुछ ऐसा ही हुआ जहानाबाद के जाफरगंज पुल पर, जहां काम से लौट रहे एक युवक की नदी में डूबकर मौत हो गई। मृतक की पहचान 30 वर्षीय गुलाम शाहिद के रूप में हुई है, जो पेंटिंग का काम कर अपने परिवार का पेट पालता था। परिजनों के अनुसार, हर दिन की तरह शाहिद गुरुवार को भी अपने काम से लौट रहा था। थका-हारा शाहिद जाफरगंज पुल पर रुका, जहां वह हाथ-मुंह धोने लगा। लेकिन शायद किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। पुल पर रेलिंग नहीं थी और जलस्तर भी सामान्य से ऊपर था। इसी बीच उसका संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे तेज बहाव वाली नदी में जा गिरा। स्थानीय लोगों ने काफी प्रयास कर उसे बाहर निकाला और अस्पताल भी पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# पत्रकार डॉ. राजीव नयन सिंह की माता का निधन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दनियावां (पटना)।** नवबिहार टाइम्स के संवाददाता एवं वरिष्ठ पत्रकार डॉ. राजीव नयन सिंह की माता प्रमिला सिन्हा का सोमवार को पटना स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वे 80 वर्ष की थी। उनके निधन की सूचना मिलते ही उनके पैतृक गांव सरथुआ में शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों और शुभचिंतकों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की। परिजनों ने बताया कि प्रमिला सिन्हा अत्यंत धार्मिक स्वभाव की महिला थी और साहित्य में भी गहरी रुचि रखती थी।

# बच्चे की नहर में डूबने से मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** हुलासगंज थाना क्षेत्र के गिदरपुर गांव में गुरुवार की शाम एक दर्दनाक हादसे में तीन वर्षीय मासूम हर्ष राज की नहर में डूबने से मौत हो गई। अचानक हुई बारिश के बीच यह हादसा पूरे गांव को गमगीन कर गया। परिजनों के अनुसार गुरुवार की देर शाम बारिश शुरू होते ही सभी लोग छत पर सूख रहे कपड़े समेटने दौड़े। इसी बीच मासूम हर्ष राज घर से बाहर निकल गया और अचानक लापता हो गया। जब काफी देर तक खोजबीन के बाद भी वह नहीं मिला तो परिजनों को शक हुआ कि कहीं पास की नहर में तो नहीं गिर गया। कुछ घंटे तलाश किये जाने के बाद गांव के पास की नहर में ही बच्चे का शव मिला, जिसे देख परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। आवश्यक प्रक्रिया के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है।

# पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर टेहटा थाना ने सड़कों पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान वाहन चालकों की डिक्की, हेलमेट, सीटबेल्ट, ड्राइवरी लाइसेंस एवं अन्य कागजातों की जांच की गई। जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया के पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर प्रत्येक दिन थाना क्षेत्र में वाहन जांच किया जा रहा है। इसी को लेकर शुक्रवार के दिन टेहटा थाना की पुलिस ने सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया है।जिसमें वाहन चालकों से कागजात एवं डिक्की की तलाशी की गई। साथ ही उन्होंने बताया कि नियम का पालन न करने वालों का चालान भी काटा गया है।

# कोहरा गांव से पुलिस ने शराब की बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जिले के टेहटा थाना की पुलिस ने पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर शराबबंदी कानून को सफल बनाने के उद्देश्य से अवैध रूप से शराब का कारोबार कर रहे लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कोहरा गांव में छापेमारी कर टुनटुन चौधरी के घर से 65 लीटर शराब बरामद किया है। जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर शराबबंदी कानून को सफल बनाने के उद्देश्य से छापेमारी की जा रही है। उसी को लेकर कोहरा गांव में छापेमारी की गई जिसमें टुनटुन चौधरी के घर से 65 लीटर शराब बरामद किया गया। साथ ही उन्होंने बताया कि पुलिस को आता देख कारोबारी भागने में सफल रहा जिसके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। जल्द उसकी गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

## एक नजर

### रफीगंज में विद्यार्थी परिषद का सदस्यता अभियान तेज



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की रफीगंज इकाई द्वारा नगर सह मंत्री रोहन गुप्ता के नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों में सदस्यता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत गर्ल्स हाइड स्कूल और टउट हाई स्कूल में छात्र-छात्राओं को संगठन की विचारधारा से जोड़ा गया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हार्दिक सिंह राजपूत ने बताया कि इस वर्ष यह अभियान 21 जुलाई से 16 अगस्त तक चलेगा। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने परिषद की सदस्यता ग्रहण कर राष्ट्र निर्माण में भागीदारी का संकल्प लिया। छात्रों ने कहा कि एबीवीपी केवल छात्र संगठन नहीं, बल्कि एक वैचारिक आंदोलन है जो युवाओं के बौद्धिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास को दिशा देता है। मौके पर प्रांशु सिंह राजपूत, उज्ज्वल मिश्रा, सनी कुमार, सत्यम कुमार, रिया कुमारी, प्रियंका कुमारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### लट्ठा गांव में कीचड़ से मेन रोड बदहाल

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड के लट्ठा पंचायत के वार्ड नं. 9 में मुख्य सड़क पर कीचड़ और गंदे पानी का जमाव गंभीर समस्या बन गया है। इससे राहगीरों और ग्रामीणों को आने-जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यह सड़क यदु बिगहा समेत कई गांवों को जोड़ती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नाली का पानी बहकर सड़क पर फैल गया है, जिससे पूरी सड़क जर्जर हो चुकी है। वार्ड पार्षद टुनि कुमार, मनीष कुमार, कालू कुमार, मुकेश कुमार, भूलन सिंह, बिट्टू कुमार, मंटू कुमार, धीरज कुमार और निर्भय कुमार सहित अन्य ग्रामीणों ने कई बार प्रशासन और पंचायत प्रतिनिधियों से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई है।

### स्कूल में तोड़फोड़ कर सीसीटीवी हार्ड डिस्क और टीवी की चोरी

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** गोह पथ स्थित मखदुमपुर में संचालित द अलूपी विद्यापीठ एकेडमी स्कूल में बुधवार रात्रि अपराधियों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। उन्होंने सीसीटवी कैमरे की हार्ड डिस्क चोरी कर ली और खक्कटीवी को क्षतिग्रस्त कर दिया। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, इस घटना में लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। सुबह घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। स्कूल डायरेक्टर प्रभात चंद्र यादव और इंचार्ज मनोज कुमार ने बताया कि अपराधियों ने छत पर सीढ़ी लगाकर प्रवेश किया और ऑफिस व स्टाफ रूम का ताला तोड़कर भीतर घुसे। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि इस प्रकार के बेखौफ अपराधियों को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जाए। उल्लेखनीय है कि 20 दिन पहले भी न्यू एरिया स्थित स्कूल की दूसरी शाखा में तोड़फोड़ की गई थी, जिसकी घटना सीसीटीवी में कैद हुई थी।

### किसान महासम्मेलन का उद्घाटन 18 को



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज निवासी व उपप्रमुख प्रतिनिधि कमलेश यादव को राजद किसान प्रकोष्ठ बिहार प्रदेश सचिव बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी। यह घोषणा किसान न्याय यात्रा के दौरान की गई। नवनियुक्त सचिव कमलेश यादव ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष डॉ. गोपाल कृष्ण उर्फ चंदन यादव ने जो भरोसा जताया है, वे उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि 18 अगस्त को पटना स्थित बाबू सभागार में किसान महासम्मेलन आयोजित होगा, जिसका उद्घाटन नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव करेंगे। उन्होंने कहा कि देश कृषि प्रधान है, लेकिन किसानों को जितना उत्पीड़न झेलना पड़ रहा है, वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। यदि इंडिया महागठबंधन की सरकार बनती है, तो किसानों के हित में मजबूत नीतियां लागू की जाएंगी। इस मौके पर राजद जिलाध्यक्ष अमरेंद्र कुशवाहा, प्रदेश महासचिव कौलेश्वर यादव, प्रो. डॉ. संजय सिंह यादव, डॉ. संजय यादव, विक्की सिंह यादव समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 13 सितंबर को आयोजित होगी लोक अदालत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** आगामी 13 सितंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला जज राज कुमार की अध्यक्षता में बीमा कंपनियों के पदाधिकारियों और अधिवक्ताओं के साथ बैठक आयोजित की गई। यह बैठक प्रधान जिला जज के प्रकोष्ठ में हुई, जिसमें विशेष रूप से मोटर दुर्घटना वादों के निष्पादन को लेकर रणनीति बनाई गई। बैठक में नेशनल इंश्योरेंस कंपनी के प्रबंधक ज्ञानेन्द्र कुमार, न्यू इंडिया इंश्योरेंस के प्रतिनिधि, तथा अधिवक्ता रसिक बिहारी सिंह, राम नरेश यादव, अरविंद सिंह सहित कई प्रतिनिधि मौजूद रहे। सभी ने बीते लोक अदालतों की तुलना में इस बार अधिक वादों के निष्पादन का संकल्प लिया और पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया।

**मध्यस्थता से होगा शीघ्र निपटारा**

प्रधान जिला जज ने उपस्थित बीमा कंपनियों से कहा कि वे स्वयं अपना लक्ष्य तय करें और पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि सभी सुलह योग्य वादों को मध्यस्थता के जरिए निस्तारित किया जाए, ताकि मध्यस्थता राष्ट्र निर्माण की इस मुहिम को बल मिले।

**युद्धस्तर पर हो रही तैयारियां**

जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव तान्या पटेल ने कहा कि समय अल्प है, लेकिन हमारी कोशिश है कि अधिकतम मामलों का निष्पादन हो सके। इसके लिए तैयारियां युद्धस्तर पर चल रही हैं। उन्होंने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से यदि मोटर दुर्घटना वादों का समाधान होता है तो इससे पीड़ितों को आर्थिक राहत के साथ जीवन पुनः सामान्य करने में सहायता मिलेगी।

**जनता से अपील**

प्रधान जिला जज ने आमजन से अपील की कि वे 13 सितंबर को आयोजित लोक अदालत में अधिक से अधिक भाग लें और अपने सुलहनीय वादों का समाधान कराएं। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति अपने मामले के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए किसी भी कार्य दिवस में जिला विधिक सेवा प्राधिकार कार्यालय में संपर्क कर सकता है।

# श्रीडीह गांव में जलजमाव और कीचड़ से ग्रामीण बेहाल, न सड़क है न नाली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** दक्षिणी उमगा पंचायत के श्रीडीह गांव में सड़क और नाली जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव ने ग्रामीणों की परेशानी बढ़ा दी है। खासकर बारिश के मौसम में हालात और भी बदतर हो गए हैं। गांव की कच्ची सड़कें कीचड़ और गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं, जिससे लोगों का चलना-फिरना दुश्वार हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में बनी नालियों की स्थिति अब पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है, जिससे गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है और जगह-जगह जलजमाव हो गया है। इस कारण बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को रोजाना भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। गांव के ललन यादव, बलम यादव, शत्रुधन साव, नंदकिशोर साव, सुनील साव, कमलेश साव, शंभू गुप्ता, नंदू गुप्ता, पंकज गुप्ता और सुरेंद्र गुप्ता सहित अन्य ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि मुखिया द्वारा गांव के दो हिस्सों में भेदभाव किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के पश्चिमी हिस्से में पीसीसी सड़क और नाला का निर्माण हो चुका है, जबकि पूर्वी क्षेत्र अब भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। यहां ना सड़क बनी है और ना ही नाले का निर्माण कराया गया है। इस संबंध में मुखिया प्रतिनिधि शिवकुमार गुप्ता ने बताया कि वे पीसीसी सड़क बना रहे थे, लेकिन ग्रामीणों द्वारा नाला निर्माण की भी मांग की गई, जिस कारण कार्य आगे नहीं बढ़ सका। ग्रामीणों की मांग है कि स्थानीय प्रशासन शीघ्र हस्तक्षेप कर गांव के पूर्वी हिस्से में भी नाली और पक्की सड़क का निर्माण कराए ताकि उन्हें इस नारकीय स्थिति से राहत मिल सके।

# भाजपा की कार्यशाला आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने में जुट गई है। इसी क्रम में शुक्रवार को अंबा प्रखंड के कर्मा बसंतपुर पंचायत के बारियांवा एवं तेलहारा पंचायत के ढोंगरा गांव में बूथ सशक्तिकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कर्मा बसंतपुर पंचायत की बैठक की अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष पंकज सिंह ने की, जबकि तेलहारा पंचायत की बैठक का संचालन पंचायत अध्यक्ष संतन सिंह ने किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने बताया कि दोनों पंचायतों के सभी बूथों पर कमिटी का पुनर्गठन और सत्यापन कर लिया गया है। उन्होंने पंचायत अध्यक्षों को निर्देशित किया कि मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत जिन योग्य मतदाताओं का नाम छूट गया है, उन्हें बीएलओ के माध्यम से नियमपूर्वक मतदाता सूची में जोड़ा जाए। प्रवीण कुमार ने यह भी कहा कि सभी बीएलए के हस्ताक्षर सहित निहित प्रपत्र की तीन प्रतियां अनिवार्य रूप से मंडल कार्यालय में शीघ्र जमा कराई जाए।

# तुलसी जयंती पर संगोष्ठी व सम्मान समारोह आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** गोस्वामी तुलसीदास की जयंती के अवसर पर जनेश्वर विकास केंद्र और साहित्य संवाद के संयुक्त तत्वावधान में शहर के अधिवक्ता संघ भवन में संगोष्ठी एवं कवि-संवाद व कला प्रेमी सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में नगर के साहित्यकारों, संगीत प्रेमियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामाजी सिंह ने की, जबकि पंचदेव धाम मंदिर के संस्थापक अशोक सिंह, विष्णु धाम महोत्सव के अध्यक्ष अजीत सिंह, समकालीन जवाबदेही पत्रिका के संपादक सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा, ज्योतिषविद शिव नारायण सिंह, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष संजय सिंह, कवित्री सुषमा सिंह, साहित्यकार रामकिशोर सिंह और वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेमेंद्र मिश्रा ने दीप प्रज्वलन और तुलसीदास जी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जन विकास परिषद के उपाध्यक्ष रामचंद्र सिंह, खेल कौशल संयोजक वीरेंद्र सिंह, साहित्य संवाद अध्यक्ष लालदेव प्रसाद, प्रो. दिनेश प्रसाद, शिक्षक बैजनाथ सिंह और सुरेश सिंह ने अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम को गति दी। नंदनी पाठक और रिया पाठक ने अपनी मधुर आवाज में भक्ति गीत प्रस्तुत किए, जिन पर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए और खूब तालियां बटोरीं।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/689, दिनांक 31.07.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्यों के लिए ओपन ई–टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं : **क्रम संख्या:1, निविदा संख्या: ईएल–एचडब्ल्यूएच–25–21–3280–आर, कार्य का नाम** : टिकियापाड़ा कोचिंग यार्ड एवं सॉर्टिंग यार्ड कोचिंग कॉम्प्लेक्स में एलईडी फ्लड लाइट/स्ट्रीट लाइट से मेटल हेलाइड/सोडियम वेपर लाइट फिटिंग्स को बदलने के साथ आवश्यक केबलिंग कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 25,94,820/– **बोली सुरक्षा (जमा धनराशि):** रु. 51,900/–, **पूर्णता अवधि:** 120 दिन। **क्रम संख्या:2, निविदा संख्या: ईएल–एचडब्ल्यूएच–25–21–3472, कार्य का नाम** : एलएचबी नॉन एसी कोचों में वायरिंग के साथ इमरजेंसी फीड टर्मिनल्स (ईएफटी) का प्रावधान। **निविदा मूल्य :** रु. 49,20,593/–, **बोली सुरक्षा (जमा धनराशि):** रु. 98,400/–, **पूर्णता अवधि:** 6 माह। **समापन तिथि एवं समय:** 22.08.2025 को 15.00 बजे। यदि किसी कारणवश उपर्युक्त समापन तिथि को अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा जमा करने की तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस वेबसाइट पर समापन तिथि और समय के बाद कोई निविदा जमा नहीं की जा सकती। हालांकि, निविदाओं का ऑनलाइन उद्घाटन समापन तिथि के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन किया जा सकता है। निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि उपरोक्त वेबसाइट पर अपनी निविदा ऑनलाइन प्रस्तुत करें। HWH-224/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter



**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
(CIN No.:U40108JH2013SGC001704)
Regd. Office: 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building Kusai Colony, Doranda, Ranchi - 834002
Fax No.:0651-2400123 (E-mail:cetjusnl@gmail.com)

**e-TENDER NOTICE**

E-tender in two parts i.e. Technical (Part-I) and Financial (Part – II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound firm for the following works : -

| NIT No. | Name of the works | Estimated cost (In Rs.) | Earnest money online mode (In Rs.) | Cost of BOQ (Non-Refundable) online mode (in Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| 298/PR/JUSNL/ 2025-26 | Design, Engineering, Supply of Materials/ Equipments, Erection, Testing and Commissioning of 02 nos. additional 132 kV Line bay at GSS, Bhawanathpur (Nagaruntari) on turnkey basis. | 7,80,88,005.48 | 15,61,800.00 | 10,000.00 + GST |
| 299/PR/JUSNL/ 2025-26 | Design, Engineering, Supply of Materials/ Equipments, Erection, Testing and Commissioning of 02 nos. additional 132 kV Line bay at GSS, Japla on turnkey basis. | 8,75,19,375.00 | 17,50,400.00 | 10,000.00 + GST |
| 300/PR/JUSNL/ 2025-26 | Design, Engineering, Supply of Materials/ Equipments, Erection, Testing and Commissioning of 132 kV D/C 3ph Muhammadganj TSS – 132/33 kV GSS, Japla Transmission Line on turnkey basis. | 21,02,88,234.00 | 42,05,800.00 | 15,000.00 + GST |
| 301/PR/JUSNL/ 2025-26 | Design, Engineering, Supply of Materials/ Equipments, Erection, Testing and Commissioning of 132 kV D/C 3ph Nagaruntari TSS – 132/33 kV GSS, Bhawnathpur (Nagaruntari) Transmission Line on turnkey basis. | 20,41,14,285.00 | 40,82,300.00 | 15,000.00 + GST |

| | |
|---|---|
| Start Date & Time of Download the Tender Documents | 08.08.2025 at 11:00 AM |
| Start Date and time of upload of BID | 08.08.2025 at 11:00 AM |
| End date and time of upload of BID | 28.08.2025 upto 04:00 PM |
| BID Opening date for technical part | 29.08.2025 at 04:00 PM |
| BID Opening date for price part | Will be communicated |
| Procurement Officer and address for communication | General Manager, C&M (NWBP), 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002 |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned **(6202162568)** during office hours.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager C&M (NWBP)

PR 358778 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd (25-26)_D



**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई–निविदा सूचना**

**खुली ई–निविदा सूचना सं० – सोनपुर 2025–26 (104 एवं 107)**

मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी०)/सोनपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित करते हैं। ई–निविदा की अंतिम तिथि 20.08.2025 को 17:30 बजे तक निर्धारित है। ई–निविदा संबंधी एवं निविदा प्रपत्र का अवलोकन वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर किया जा सकता है।

**कार्य का नामः–** 104. मौजूदा स्टेशन भवन का नवीनीकरण और हाजीपुर स्टेशन के एबीएसएस चरण–1 का शेष कार्य। **अनुमानित लागत (रू. में) :** 1,69,61,358.72, **बयाने की राशि (रू. में):** 2,34,800.00

**कार्य का नाम :** 107. सोनपुर में:– सोनपुर रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं, सिविल, विद्युत, सुगम्यता, सौंदर्य संबंधी कार्यों और फर्नीचर के प्रावधान का व्यापक उन्नयन और नवीनीकरण। **अनुमानित लागत (रू. में) :** 1,80,43,469.46, **बयाने की राशि (रू. में):** 2,40,200.00

उपरोक्त निविदा सूचना वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा संबंधी रेल का अधिकार– किसी भी निविदा को स्थगित करने /निरस्त करने अथवा निविदा में सुधार करने हेतु रेलवे का अधिकार सुरक्षित रहेगा। निविदादाता का इसमे कोई दावा मान्य नही होगा।

**मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी0)**
**पूर्व मध्य रेल, सोनपुर**
पीआर/0706/एसईई/ईएलईसीटी/टी/25–26/40



**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा सूचना**

**निविदा सूचना सं. डी.एन.आर./एस.एण्ड टी./सिंग/2025/16 दानापुर, दि. 30.07.2025**

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (सिगनल एवं दूर संचार) पूर्व मध्य रेलवे, दानापुर मंडल, निम्नलिखित कार्य हेतु रेलवे के वेबसाइट पर निविदाएं आमंत्रित करते हैं:–

**1. कार्य का नाम एवं स्थानः–** दानापुर मंडल के शेष 70 स्टेशनों पर ट्रैक फीड चार्जर की विफलता की चेतावनी अलार्म के प्रावधान के हेतू कार्य।, **2. अनुमानित लागत :** रूपये 26147860.55, **3. बयाना राशि :** रुपये 280700.00, **4. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय :** दिनांक 22.08.2025 को 15:00 बजे तक।, **5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :** दिनांक 22.08.2025 को 15:00 बजे। **6. वेबसाइट विवरण : www.ireps.gov.in., 7. कार्यालय का पता, जहाँ से निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है :** वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियंता कार्यालय, दानापुर

**नोटः–** विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। यदि जरुरत हुई तो शुद्धि पत्र उपरोक्त वेब साईट पर 14 दिन पहले अपलोड कर दिया जाएगा

**मं. सं. एवं दूर सं. अभि०**
**पूर्व मध्य रेल, दानापुर**
पीआर/0707/डीएनआर/एस&टी/टी/25–26/36

# बारिश से सड़कें बनीं झील, आम लोग परेशान

## मोटर पंप के सहारे की जा रही जल निकासी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दानापुर।** चार दिन पूर्व हुई बारिश से सडकों पर जल जमाव हो गया था. नगर परिषद प्रशासन द्वारा मोटर पंप से जल निकासी कार्य में जुटे हुए थे। शुक्रवार की सुबह हुई बारिश से नगर परिषद व छावनी परिषद के विभिन्न इलाकों में सडकों पर जल जमाव से झील बन गया है। सडकों पर जल जमाव के कारण पूरा नगर नरक बना रहा। बारिश के कारण नगर के कई वार्डो के मोहल्लों के अलावे मुख्य सडकों पर जलजमाव का नजारा दिखा। नगर में सडकों पर जल जमाव व कीचड के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। एक बार फिर मानसून की तैयारियों में प्रशासनिक नाकामी की उजागर कर दिया है। नगर बीबीगंज, चित्रकूट नगर, पंचशील नगर, गोसाई टोला रोड, झखडी महादेव रोड, खरजां रोड, बाला जी नगर, उर्ज़ा नगर, अर्पणा बैंक कॉलोनी, पूर्वी गोला रोड, कालीकेत नगर, जजेज कॉलोनी, विजय बिहार कॉलोनी, भट्ठा रोड, बाजार समिति समेत आदि कॉलोनियों व मोहल्लों के सडकों पर जल जमाव का दृश्य बना हुआ है। झखडी महादेव महादलित टोला में घरों में जल जमाव हो गया है और राजकृीत धनेश्वरी देवनंदन कन्या इंटर स्कूल और गोसाई टोला प्राथमिक स्कूल परिसर में जल जमाव हो गया है। यही हाल छावनी क्षेत्र के लाल कोठी, मार्शल बाजार, अस्पताल रोड, पीपा पुल मार्ग, बस पडाव, सब्जी मंडी समेत आदि इलाकों में जल जमाव व कीचड से लोगों को परेशानी झेलना पड रहा है। जदयू के प्रदेश महासचिव विनोद कुमार सिंह, ग्रामीण अध्यक्ष मनोज कुमार व राजद के प्रधान महासचिव अफरोज आलम उर्फ गुड्डू ने बताया कि परिषद प्रशासन द्वारा मानसून के पूर्व नाला उडाही कार्य केवल खानापूर्ति करने के नतीजा है। हल्की बारिश से सडकों पर जल जमाव से झील से नरक बना गया है। परिषद के ईओ पंकज कुमार ने बताया कि जल जमाव से निजात दिलाले के लिए करीब 50 मोटर पंपों से दिन-रात जल निकासी युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। सुपर सकर मशीन व सक्शन मशीन से जल निकासी युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रूपसपुर नहर के पाया संख्या 242 पर दो मोटर पंप, रूपसपुर नहर पर मोटर पंप, पाया संख्या 196 पर दो डीजल मोटर पंप, वार्ड 11 में दो मोटरपंप, 15 में एक, वार्ड 19 में 8, वार्ड 20 में एक, वार्ड 21 में 12, वार्ड 24 में तीन, वार्ड 35 में 6, वार्ड 38 में एक और धनश्वरी स्कूल में एक मोटर पंप से जल निकासी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसको लेकर टीम गठित कर निरीक्षण किया जा रहा है।छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी पदाधिकारी सपन कुमार ने बताया कि जल निकासी युद्ध स्तर पर किया जा रहा है।

# प्रा. विद्यालय सुपहली में छत का गिरा प्लास्टर, बाल-बाल बचे छात्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय सुपहली में एक बडा हादसा होते टल गया, दरअसल पढ़ाई के दौरान कक्षा में छत का प्लास्टर अचानक गिर पड़ा। हालांकि इस दौरान बच्चे बाल बाल बच गए। बताया जा रहा है की जब बच्चों को क्लासरूम में बिठाकर पढ़ाया जा रहा था, उसी दौरान छत का एक बडा सा प्लास्टर पीछे के दो बैंच पर गिर गया, हालांकि बच्चों को चोट नहीं लगी, लेकिन कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता था। प्राथमिक विद्यालय सुपहली के प्रधानाध्यापक अनिता कुमारी ने बताया कि हमारे विद्यालय में बस एक ही कमरा है चार शिक्षक हैं और करीब 50 बच्चे हैं। आज बच्चों की संख्या कम थी, नहीं तो पूरा कक्षा अगर भरा हुआ रहता तो कोई भी एक बड़ी घटना हो सकती थी। विद्यालय भवन जर्जर है। कई बार ऊपर के पदाधिकारी को हमने लिखित रूप से आवेदन दिया है कि विद्यालय का भवन जर्जर है पढ़ने और पढ़ाने मे भय बना रहता है, बच्चों के बिच दहशत बनी रहती है। ऐसे में बरसात के दिनों में सीमेंट का प्लास्टर लगातार गिरता रहता है और अचानक प्लास्टर का बड़ा सा टुकड़ा बेंच पर गिरा है जिससे बच्चे और टीचर दोनों बच गए हैं वहीं इस मामले में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजेंद्र ठाकुर ने कहा कि प्राथमिक विद्यालय सुपहली का भवन जर्जर की सूचना मिली है बगल के पोआवा स्कूल में इन्हें शिफ्ट कर दिया जाएगा। वहीं आसपास की ग्रामीणों ने भी इस दहशत से प्रशासन से मांग की है कि जल्द स्कूल का भवन का निर्माण कराया जाए।

# जीवन बीमा अभिकर्ता संघ का द्विवार्षिक चुनाव सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा (भोजपुर)।** लाइफ इंश्योरेन्स एजेंट फ़ेडरेशन ऑफ़ इंडिया 1964 (लियाफी) के भोजपुर इकाई कि द्विवार्षिक चुनाव सम्पन्न हो गया। कार्यक्रम कि अध्यक्षता मनोरंजन पाण्डेय, मंच संचालन इंद्रजीत मिश्रा एवं धन्यवाद ज्ञापन मिडिया प्रभारी अनिल कुमार त्रिपाठी ने किया। अध्यक्ष, सचिव, एवं अध्यक्ष पदों के लिए चुनाव प्रक्रिया वरिष्ठ अभिकर्ता कामेश्वर राय के देखरेख में चुनाव समिति के माध्यम से मतपत्र के माध्यम से गुप्त रूप से बिल्कुल पारदर्शीता के साथ सम्पन्न हुआ। इस दौरान अध्यक्ष पद के लिए तीन, सचिव एवं कोषाध्यक्ष के लिए दो उम्मीदवारों द्वारा नामांकन किया गया था। मतगणना के बाद मतदान पदाधिकारी कामेश्वर राय ने अध्यक्ष पद के लिए श्रीभगवान तिवारी, सचिव ब्रह्माशंकर तथा कोषाध्यक्ष सियाराम तिवारी विजयी घोषित किया। इस दौरान संघ के पूर्व अध्यक्ष मनोरंजन पाण्डेय ने संघ की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला तथा एलआईसी मैंनेजमेंट द्वारा अभिकर्ताओं के कमीशन की कटौती किए जाने पर जमकर भंडास निकाली। वरीय शाखा प्रबंधक मंगत राम ने कहा कि आरा शाखा पटना डिवीजन का दशा एवं दिशा बदलने का माद्दा रखता है। शाखा प्रबंधक पवन पाण्डेय ने कहा कि एलआई सी अभिकर्तातओं के बदौलत ही अन्य निजी बीमा कम्पनियों में अग्रणी है।

# स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रपति की विशेष मेहमान बनेंगी मसौढ़ी तारेगनाडीह की सबिता देवी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** स्वतंत्रता दिवस में शामिल होने के लिए बिहार के मसौढ़ी तारेगनाडीह की सबिता देवी के पास राष्ट्रपति ने बुलावा भेजा है. सबिता देवी को स्वतंत्रता दिवस पर विशेष अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया है. राष्ट्रपति का आमंत्रण पत्र मिलते ही सबिता देवी को खुशी का ठिकाना नहीं है.उनके मुहल्ले के लोगों में खुशी की लहर है। लोगों का कहना है कि हमारी मुहल्ले के रहने वाली सबिता देवी भारत के राष्ट्रपति के मेहमान के तौर पर शिरकत करना गर्व की बात है। बहरहाल बता दें की नगर परिषद मसौढ़ी दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजिविका मिशन मे



कार्यरत है। जहां प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना 1.0 के तहत आवास योजना का लाभ मिला था और अपना अच्छा घर बनाया है। जिसको लेकर पूरे बिहार में आवास योजना के लाभुकों में से सविता देवी का चयन किया गया है। वहीं सबिता देवी नगर परिषद मे स्वयं सहायता समुह मे सीआरपी के तौर पर कार्यरत है। 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रपति द्रोपदी मूर्मू के विशेष मेहमान के तौर पर उपस्थित होंगे। बहरहाल मसौढ़ी के तरेगनाडीह गांव की रहने वाली सविता देवी पति स्वर्गीय शिव शंकर पंडित को प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के लाभों के तौर पर राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू के समक्ष शिरकत करने पर नगर परिषद के तमाम अधिकारियों ने उन्हें शुभकामना और बधाई दी है। जिसमें कार्यपालक पदाधिकारी नवीन कुमार, मुख्य पार्षद पिंकी देवी, उपमुख्य पार्षद चंद्रकांता कुमार, स्थाई सशक्त कमेटी के सदस्य शंभू सिंह, आवास योजना के एमआईएस स्पेशलिस्ट नवीन कुमार, कनिय अभियंता वरुण कुमार, सिटी मैनेजर शेखर कुमार प्रसाद एवं आवास सहायक मनोज कुमार, रामाधार प्रसाद, शिव प्रकाश, रविरंजन आदि ने सविता देवी को बधाई और शुभकामना दी है।

# ट्रिपल लोडेड मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त, तीन गंभीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बाढ़।** मोकामा- पटना फोरलेन पर बाढ़ थाना क्षेत्र के पूरा गांव के पास मोटरसाइकिल पर सवार होकर तेज गति से बेगूसराय से नवादा जिला जा रहा था। अचानक एक कुत्ता सामने आ जाने से उससे बचने के दौरान मोटरसाइकिल चालक ने अपना नियंत्रण को दिया और कुत्ते को टक्कर मारने के बाद बीच सड़क पर हादसा ग्रस्त हो गया। गनीमत थी कि पीछे से कोई भारी वाहन नहीं आ रहा था। हादसे के दौरान तीनों युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गये। सुबह-सुबह जब स्थानीय लोगों ने सड़क पर हादसा होते हुए देखा तो दौड़कर सभी को उठाया और ऑटो पर बिठाकर तीनों को इलाज के लिए बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती करवाया। तीनों घायल हिसुआ नवादा जिला के रहने वाले हैं। घायलों में 22 वर्षीय विक्रम कुमार 25 वर्षीय हरीश कुमार और 25 वर्षीय राणु कुमार जख्मी हो गया जो परीक्षा देकर अपने घर वापस लौट रहा था। एक युवक की हालत चिंताजनक है।

## चार धंधेबाज गिरफ्तार

**मसौढ़ी।** ऑपरेशन देसी शराब के खिलाफ चलाए जरा अभियान के दौरान धनरूआ थाना क्षेत्र के वीर और 11 गांव में छापेमारी करते हुए चार शराब धंधेबाजों को पुलिस ने शराब बेचने के दौरान रंगे हाथ दबोच है जहां गले में चार शराब धंधेबाज के साथ 30 लीटर देसी शराब को जब्त किया है। थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने बताया कि लगातार शराब धंधेबाज के खिलाफ जगह पर मुहिम चलाकर भाटिया तोड़ी जा रही है।

# बिहार के बुनकर कमलेश कुमार राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार के लिए चयनित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** बिहार के नालंदा ज़िले के सिलाव, नेपुरा के पारंपरिक हथकरघा बुनकर कमलेश कुमार को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। हथकरघा विकास आयुक्त कार्यालय द्वारा स्थापित यह पुरस्कार उनके उत्कृष्ट शिल्प कौशल और जटिल बावन बूटी साड़ी बुनाई परंपरा के गहन ज्ञान को मान्यता प्रदान करता है। बुनकर सेवा केंद्र, भागलपुर द्वारा अनुशंसित, कुमार का चयन बिहार की समृद्ध हथकरघा विरासत, विशेष रूप से दुर्लभ और उत्कृष्ट बावन बूटी बुनाई को उजागर करता है, जो राज्य के बाहर काफी हद तक अज्ञात है। एक कुशल कारीगर कमलेश कुमार ने इस अनूठी वस्त्र कला के संरक्षण और संवर्धन के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया है। बिहार के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में श्री कुमार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में 11वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह के दौरान आगामी 7 अगस्त को भारत के महामहिम राष्ट्रपति द्वारा यह पुरस्कार प्रदान



किया जाएगा। बातचीत में कमलेश कुमार ने बताया कि यह कल उन्हें विरासत में मिली है तथा लंबे समय से वह इससे जुड़े हुए हैं। राजगीर के शांति स्तूप को तसर साड़ी मे उकेरने के कार्य के लिए यह पुरस्कार दिया जा रहा है । वह निफ़्ट पटना सहित अनेक संस्थानों में बावन बूटी कला के प्रशिक्षण कार्य से भी जुड़े हुए हैं। बुनकर सेवा केंद्र, भागलपुर के उपनिदेशक राजेश चटर्जी ने बताया कि पहली बार बिहार के किसी बुनकर को इस पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। इसके माध्यम से बुनकर समाज की काला को प्रोत्साहन दिया जा रहा है तथा उन्हें एक नयी पहचान भी मिल रही है। बुनकर सेवा केंद्र, भागलपुर के तकनीकी पर्यवेक्षक प्रभात कुमार सिंह द्वारा हथकरघा को बढ़ावा देने के उपायों के बारे में बताया गया।

# कुश्ती प्रतियोगिता में बाढ़ के युवाओं ने दिखाया दम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बाढ़।** अनुमंडल के किशोर और युवा पहलवानों ने कुश्ती प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर बाढ़ का नाम रोशन किया है। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में 26 जुलाई से 29 जुलाई तक चलने वाला राष्ट्रीय ग्राफ़िलंग कुश्ती प्रतियोगिता मे आधा दर्जन पहलवानों ने बिहार के लिए मेडल बटोरा विशेष कर पंडारक के 59 वजन के पहलवान बजरंगी कुमार ने दिल्ली के विनय कुमार सिंह को 10/00 से हराकर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। आदर्श राज ने 100 किलो वजन मे केरल के



हरीश को हराकर गोल्ड प्राप्त किया। वही सौरभ ने हरियाणा के प्रवीण ठाकुर को हराकर सिल्वर जीता जबकि शुभम ने 60 किलो वजन में गुजरात के युवराज को हराकर गोल्ड प्राप्त किया। गोविंद ने आंध्र प्रदेश के अक्षय को हराकर गोल्ड जीता। वही 22 किलो वजन वाले पहलवानी में अनुराग ने विष्णु को हराकर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इस जीत के पीछे मुख्य प्रेरणा रहे लोहिया जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्णवीर सिंह यादव (उर्फ लल्लू मुखिया) तथा लगातार सहयोग देने वाले राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रणवीर कुमार यादव। इन दोनों नेताओं के नेतृत्व और मार्गदर्शन ने बाढ़ के युवाओं को नई दिशा दी। उस्ताद रामअर्जुन पहलवान के प्रशिक्षण में खिलाड़ियों ने यह सफलता हासिल की। लोहिया जनता दल के द्वारा खिलाड़ियों को हर संभव मदद दिए जाने के साथ-साथ उन्हें हर वक्त सहयोग करने की चर्चा शहर में है इस मौके पर शहर के दर्जनों लोगों ने भागीरथ पेट्रोल पंप के पास खिलाड़ियों का सम्मान भी किया।

## पेज 1 का शेष

### नई शिक्षा नीति ने ...

7.12 लाख से अधिक वंचित समुदाय की बालिकाएं पढ़ाई कर रही हैं। जनजातीय और पीवीटीजी छात्रों के लिए छात्रावास और विशेष अभियान चलाए गए हैं। शिक्षा मंत्री ने बताया कि 14,500 पीएम श्री स्कूल एनईपी के मॉडल स्कूल के रूप में उभर रहे हैं। विद्यांजलि प्लेटफॉर्म ने 8.2 लाख स्कूलों को 5.3 लाख वॉलंटियर्स और 2000 से अधिक कॉर्पोरेट सामाजिक साझेदारों से जोड़ा है जिससे 1.7 करोड़ छात्रों को सीधा लाभ मिला है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। कुल नामांकन 3.42 करोड़ से बढ़कर 4.46 करोड़ हो गया है जिसमें लगभग 48 प्रतिशत छात्राएं हैं। महिला पीएचडी नामांकन दोगुना हो गया है। अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समुदायों के छात्रों की भागीदारी भी बढ़ी है। एनईपी के तहत मल्टीपल एंट्री-एग्जिट, अकादमिक क्रेडिट बैंक और नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क जैसे उपायों से शिक्षा प्रणाली को लचीला और छात्र-केंद्रित बनाया गया है। 21.12 करोड़ छात्रों को अपना एकीकृत शिक्षा पहचान पत्र (एपार आईडी) जारी किया गया है। 153 विश्वविद्यालयों में मल्टीपल एंट्री और 74 में एग्जिट विकल्प लागू किए जा चुके हैं। शोध और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में भारत की रैंकिंग 81 से बढ़कर 39 हो गई है। 400 से अधिक उच्च शिक्षण संस्थानों में 18,000 स्टार्टअप इनक्यूबेट किए गए हैं। 6,000 करोड़ रुपये की 'वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन' योजना और पीएमआरएफ 2.0 जैसे कार्यक्रम शोध को अधिक लोकतांत्रिक बना रहे हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्मों पर भी भारत ने बड़ी छलांग लगाई है। स्वयं और स्वयं प्लस पर 5.3 करोड़ से अधिक नामांकन हो चुके हैं। दीक्षा और पीएम ई-विद्या के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण सामग्री देश के दूर-दराज़ क्षेत्रों तक पहुंची है। द्विवार्षिक प्रवेश और डुअल डिग्री जैसी व्यवस्थाएं उच्च शिक्षा को बहुविषयक और उद्योगोन्मुखी बना रही हैं। धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि अब शिक्षा केवल नीति नहीं बल्कि सबसे बड़ा राष्ट्रीय निवेश बन चुकी है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत का शिक्षा तंत्र एक ऐसे समाज की नींव रख रहा है जहां ज्ञान, समावेशिता और नवाचार के बल पर एक अरब से अधिक नागरिक न सिर्फ सक्षम बनेंगे बल्कि नए भारत के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाएंगे।

### महिला लाभुकों को मिल...

टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच शिविरों एवं नशा मुक्ति अभियान की अद्यतन स्थिति पर प्रकाश डाला गया। पीएचईडी द्वारा हर घर नल योजना, जल जीवन मिशन तथा जल गुणवत्ता जांच की प्रगति से अवगत कराया गया। कृषि विभाग द्वारा किसानों को अनुदानित बीज एवं उर्वरक की आपूर्ति, जैविक खेती को बढ़ावा देने के प्रयास, किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत की गई राशि भुगतान की स्थिति से अवगत कराया गया। वन विभाग द्वारा जिले में चल रहे हरियाली मिशन, वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं सामुदायिक सहभागिता से हरित क्षेत्र विस्तार पर जानकारी दी गई। लघु जल संसाधन विभाग द्वारा जिले में आहर, पइन, चेक डैम एवं तालाबों के जीर्णोद्धार, जल संचयन एवं सिंचाई योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। प्रभारी मंत्री ने सभी उठाए गए मुद्दों को गंभीरतापूर्वक संज्ञान में लेते हुए संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे सभी मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें एवं समस्या समाधान की जानकारी वरीय अधिकारियों के माध्यम से उपलब्ध कराएं। प्रभारी मंत्री द्वारा सभी विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे निष्पक्ष एवं पूरी क्षमता के साथ कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करें। अंत में जिलाधिकारी द्वारा प्रभारी मंत्री की अनुमति से धन्यवाद ज्ञापन कर बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी रुचि सिंह, डीपीआरओ इफ्तेखार अहमद, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश सभी वरीय उप समाहर्ता, सिविल सर्जन सभी विभाग के कार्यपालक अभियंता एवं जिला स्तरीय सभी पदाधिकारी के साथ-साथ जिला कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

# न्यू खाना खजाना रेस्टोरेंट सील

**पालीगंज (नबिटा संवाददाता)।** पाली- बिहटा मेन रोड पर स्थित न्यू खाना खजाना रेस्टोरेंट एंड गेस्टहाउस को पुलिस ने शुक्रवार को सील कर दिया। यह कार्रवाई अनुमंडल कार्यालय के पास मजिस्ट्रेट के रूप में अंचल अधिकारी श्वेता कुमारी की उपस्थिति में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार के नेतृत्व में की गई। 24 जुलाई को पालीगंज पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त रेस्टोरेंट में लंबे समय से अवैध रूप से जिस्मफरोशी का धंधा चल रहा है। सूचना के आधार पर पालीगंज डीएसपी राजीव चंद्र सिंह के नेतृत्व में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस ने तीन युवक और तीन युवतियों को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा था। वहीं, रेस्टोरेंट के मैनेजर राजकुमार को गिरफ्तार कर लिया गया था। मामले में होटल के मालिक, मैनेजर राजकुमार सहित पकड़े गए युवक और नाबालिग युवतियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। कार्रवाई के बाद शुक्रवार को रेस्टोरेंट को पूरी तरह सील कर दिया गया।

## दिया गया प्रमाण पत्र

**मसौढ़ी।** भदौरा पैक्स चुनाव में जीते हुए प्रत्याशियों को जीत का प्रमाण पत्र दिया गया। जिसमें जीते हुए प्रत्याशियों में जयराम शर्मा, विनोद साह, रजन पंडित, रामेश्वर रविदास को प्रमाण पत्र दिया गया है।


**पूर्व रेलवे**

**संक्षिप्त निविदा सूचना सं. : ईएल-एसएन-सीओएन-टीआरडी-176-2025-एनआईटी, निविदा सं. : ईएल-एसएन-सीओएन-टीआरडी-176-2025, दिनांक 31.07.2025,** उप मुख्य बिजली इंजीनियर (निर्माण), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा पर्याप्त अनुभवी एवं यथा वित्तीय सम्पन्न विद्युत ठेकेदारों, पार्टनरशिप फर्मों आदि से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल के तहत कालीपहाड़ी डीएफसीसी चैनेज 205.778 (केपीके किमी 205 समेत) से प्रधानखुंटा डीएफसीसी चैनेज 261.135 (पीकेए - किमी- 260.2) तक मल्टी ट्रैकिंग डीएफसीसीआईएल कार्य के संबंध में 2X25 केवी ए.सी. सिंगल फेज ओवरहेड इक्विपमेंट, एलटी सप्लाई ट्रांसफार्मर, एल्यूमिनियम फीडर वायर, एईसी अर्थिंग और बीईसी अर्थिंग की डिजाइन, ड्रॉइंग, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और आरंभ करना। **निविदा मूल्य : रु.94,92,48,475.64, बयाना राशि : रु.48,96,300/-, निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि : 30 (तीस)** माह। **अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 27.08.2025 को 15.00 बजे। इस निविदा के लिए ऊपर वर्णित निविदा की अंतिम तिथि और समय पर या उससे पहले ऊपर उल्लिखित "निविदा कागजात की लागत" एवं "बयाना राशि" के ऑनलाइन भुगतान के बाद www.ireps.gov.in से निविदा कागजात डाउनलोड किया जा सकता है एवं बोली जमा की जा सकती है। इस निविदा के लिए हर पहलू से संपूर्ण निविदा एवं ऊपर वर्णित सभी कागजात www.ireps.gov.in पर अपलोड किए जाने चाहिए। निविदा के लिए बोली उक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जानी चाहिए। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। निविदा कागजात, निविदा सूचना का विवरण, समय-समय पर जारी संशोधनी का विवरण (यदि कोई है) एवं अन्य बुनियादी जानकारी www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं। यह निविदा सूचना उप मुख्य बिजली इंजीनियर/निर्माण, पश्चिम बर्द्धमान, आसनसोल-713301 के सूचना पट में भी देखी जा सकती है।

CON-30/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं

हमें यहाँ देखें @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**समाहरणालय औरंगाबाद**
**(जिला निर्वाचन कार्यालय)**
Phone No. – 06186-222362, E-mail ID – dyeo_aurangabad@ yahoo.com

**अति अल्कालीन पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना**

विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 से सम्बंधित ग्रुप– (F)– चाय नाश्ता, भोजन इत्यादि का आपूर्ति का दर निर्धारण हेतु द्विलिफाफा पद्धति के माध्यम से मुहरबंद लिफाफा में अंतिम तिथि– 18.08.2025 को 01.00 बजे अपराह्न तक आवश्यक योग्यता को पूर्ण करने वाले इच्छुक, अनुभवी एवं आर्थिक रूप से सक्षम प्रतिष्ठानों से अति अल्कालीन पुर्ननिविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड अलग–अलग लिफाफा में मुहरबंद कर एक बड़े लिफाफा में मुहरबन्द करेंगे तथा इस बड़े लिफाफा को जिला निर्वाचन कार्यालय के नाजीर को हाथों–हाथ या निबंधित डाक से जिला निर्वाचन कार्यालय औरंगाबाद को जमा करेंगे। लिफाफा पर "विधान सभा आम निर्वाचन, 2025", निविदा ग्रुप एवं निविदादाता का पूर्ण पता अवश्य अंकित करेंगे। सभी प्राप्त निविदा को दिनांक. 18.08.2025 को .1:30 बजे अपराह्न में जिला क्रय समिति के समक्ष समाहरणालय सभागार में खोला जायेगा। निविदा का विहित प्रपत्र, निविदा प्रकाशन की तिथि पश्चात् निर्धारित राशि का बैंक ड्राफ्ट (नहीं लौटाने योग्य) जो किसी अनुसूचित बैंक से जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह– जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद के नाम से निर्गत हो, जमा कर निर्वाचन कार्यालय, औरंगाबाद से कार्यावधि में प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र की राशि देय होगी। ग्रुप–F के कार्य की विवरणी निम्न प्रकार है:–

| क्रम संख्या | ग्रुप संख्या | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित राशि (लाख रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये में) | अग्रधन की राशि अनुमानित राशि का 2% (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 5 |
| 1 | F | चाय नाश्ता, भोजन इत्यादि का आपूर्ति | 40.00 | 5,000.00 | 80,000.00 |

निविदा की विस्तृत विवरणी औरंगाबाद जिला के वेबसाईट www.aurangabad.bih.nic.in पर भी देखी जा सकती है।

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–
जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद

PR- 010355 (Election) 2025-26

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार



**बिहार सरकार**

**समाहरणालय, औरंगाबाद**
**(जिला प्रोग्राम शाखा)**
E-mail- dpo.icds.augbd-bih@gov.in Mobile No.:- 9431005027

**-:आम सूचना:-**

निदेशक आई0सी0डी0एस0, बिहार पटना से प्राप्त निदेश एवं विज्ञापन संख्या–02/2025 से राष्ट्रीय पोशण मिशन औरंगाबाद अंतर्गत जिला परियोजना सहायक एवं प्रखण्ड समन्वयक पदों पर नियोजन हेतु ईमेल एवं डाक के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किये गये थे। प्राप्त आवेदन में से पदवार पदों हेतु योग्य/अयोग्य अभ्यर्थी की सूची तैयार कर प्रकाशित की जा रही है। जिससे संबंधित शर्ते इस प्रकार निम्न है:–

- प्रकाशित योग्य/अयोग्य सूची से संबंधित दावा/आपत्ति दिनांक–02.08.2025 तक लिखित रूप में जिला प्रोग्राम कार्यालय, समाहरणालय परिसर औरंगाबाद में जमा करेंगे।
- आपत्ति किसी अन्य माध्यम से स्वीकार नहीं किया जायेगा
- आपत्ति निराकरण से संबंधित सूचना जिले के NIC पोर्टल एवं जिलें के सूचना पट्ट पर दी जायेगी।
- चयन संबंधित सभी सूचना जिले के NIC पोर्टल एवं विभागीय सूचना पट्ट पर दी जायेगी।

राष्ट्रीय पोषण मिशन के रिक्त पदो पर नियोजन की कार्रवाई पूर्ण करने हेतु समय तालिका निम्नवत निर्धारित की गई है–

| दावा आपत्ति की तिथि | दावा आपत्ति निराकरण की तिथि | काउंसलिंग तिथि | साक्षात्कार की तिथि | परिणाम का प्रकाशन |
|---|---|---|---|---|
| प्रकाशन तिथि से 02.08.2025 | 04.08.2025 से 06.08.2025 तक | 08.08.2025 | 12.08.2025 एवं 13.08.2025 तक | 14.08.2025 |

जिला पदाधिकारी,
औरंगाबाद

PR. No. 010434 (SWD) 2025-26

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

अगर मन में हो एच.आई.वी. अथवा यौन जनित रोग से जुड़े सवाल तो तुरन्त 1097 पर करें कॉल।



**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं. एफ-डीवाई-प्रोड-ओएफएफ-एसडब्ल्यूएल-91-सीएएमसी, दिनांक 30.07.2025,** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (उत्पादन), पूर्व रेलवे, जमालपुर लोकोमोटिव वर्कशॉप, जमालपुर, जिला-मुंगेर, बिहार-811214 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए एकल पैकेट प्रणाली के तहत प्रतिष्ठित फर्म (ओईएम) से भारतीय रेल पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से एकल ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम :** ओईएम के साथ एकल निविदा के माध्यम से जमालपुर वर्कशॉप के सीएनसी सरफेस व्हील लेद (एसडब्ल्यूएल-91), प्रस्तुतकारक-मेसर्स एचवाईटी/पुणे, प्लांट नं. 10790/डब्ल्यूएस का 05 वर्ष के लिए सीएएमसी। **कार्य स्थल:** पूर्व रेलवे वर्कशॉप, जमालपुर, मुंगेर (बिहार), पिन-811214, **निविदा मूल्य:** रु. 3,35,56,044/-, **बोली प्रतिभूति/बयाना राशि:** रु.3,17,800/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य, **समापन अवधि:** मशीन का सीएएमसी कार्य भौतिक रूप से शुरू होने की तिथि से 05 वर्ष (60 माह)। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 21.08.2025 को 15.00 बजे। **निविदा का माध्यम:** ओईएम मेसर्स एचवाईटी-पुणे के साथ एकल ई-निविदा। **प्रस्ताव की वैधता:** निविदा के खुलने की तिथि से 60 दिन। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट का स्थान जहाँ निविदा का संपूर्ण विवरण आदि देखा जा सकता है:**(www.er.indianrailways.gov.in के साथ हाइपरलिंक्ड www.ireps.gov.in) एवं उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (उत्पादन), पूर्व रेलवे, लोकोमोटिव वर्कशॉप, जमालपुर के कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस को।

MISC-152/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं

हमें यहाँ देखें @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# शुभमन ने गावस्कर और सोबर्स का रिकॉर्ड तोड़ा

## इंग्लैंड में एक सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विदेशी कप्तान बने; रन आउट भी हुए

**ओवल(एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का पांचवां और आखिरी टेस्ट लंदन के द ओवल स्टेडियम में खेला जा रहा है। गुरुवार को मुकाबले के पहले दिन शुभमन 21 रन बनाकर रन आउट हुए। छोटी पारी के बावजूद उन्होंने सुनील गावस्कर और गैरी सोबर्स के 2 रिकॉर्ड तोड़ दिए। राहुल ने सीरीज में एक हजार गेंदें भी खेल लीं।

1. **सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय कप्तान-** शुभमन गिल 21 रन बनाकर आउट हुए। इस पारी के साथ उनके मौजूदा सीरीज में 743 रन हो गए हैं। इसी के साथ शुभमन एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय कप्तान बन गए। उन्होंने सुनील गावस्कर का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 1978 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 6 टेस्ट की सीरीज में 732 रन बनाए थे।
2. **सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विदेशी कप्तान** - शुभमन 743 रन के साथ इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज के दौरान सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विदेशी कप्तान भी बन गए। इस मामले में उन्होंने वेस्टइंडीज के दिग्गज सर गारफील्ड सोबर्स का रिकॉर्ड तोड़ा। सोबर्स ने 1966 में 722 रन बनाए थे।
3. **राहुल ने सीरीज में 1000 गेंदें खेलीं** - टीम इंडिया के ओपनर केएल राहुल 40 गेंद पर 14 रन बनाकर आउट हुए। इसी के साथ वे एक टेस्ट सीरीज में एक हजार से ज्यादा गेंदें खेलने वाले तीसरे भारतीय ओपनर बन गए। किसी भारतीय ओपनर ने 11 साल बाद यह कारनामा किया। 2014 में मुरली विजय ने इंग्लैंड में ही 1054 गेंदें खेली थीं। इन 2 के अलावा सुनील गावस्कर ओपनिंग करते हुए 5 बार एक टेस्ट सीरीज में 1000 से ज्यादा गेंदें खेल चुके हैं।
4. **भारत ने लगातार 15वां टॉस गंवाया** - गुरुवार को द ओवल स्टेडियम में इंग्लैंड के कप्तान ओली पोप ने टॉस जीता और बॉलिंग चुनी। टीम इंडिया ने इंटरनेशनल क्रिकेट में लगातार 15वीं बार टॉस गंवा दिया। भारत सीरीज में एक भी टॉस नहीं जीत सका। टीम ने इससे पहले चैंपियंस ट्रॉफी में भी सभी टॉस गंवाए थे। भारत ने इसी साल फरवरी में इंग्लैंड के खिलाफ राजकोट में टी-20 मैच के दौरान आखिरी टॉस जीता था।
5. **भारत ने अबतक इस सीरीज में 3393 रन बनाए** - भारत ने अब तक इस सीरीज में इंग्लैंड के खिलाफ कुल 3393 रन बनाए हैं, जो कि किसी भी टेस्ट सीरीज में टीम का बेस्ट बैटिंग परफॉर्मेंस है। यह 1978-79 में वेस्टइंडीज के खिलाफ छह मैचों की घरेलू सीरीज में बनाए गए 3270 रनों से ज्यादा है। 1995 के बाद यह किसी भी टीम द्वारा एक टेस्ट सीरीज में बने सबसे ज्यादा रन हैं।
6. **करुण ने 3149 दिन बाद 50+ का स्कोर बनाया** - करुण नायर ने 2016 में अपने तिहरे शतक के 3149 दिन बाद किसी टेस्ट पारी में 50+ का स्कोर बनाया। यह भारत के लिए किसी बल्लेबाज द्वारा दो 50+ स्कोर के बीच का दूसरा सबसे लंबा गैप है। इससे पहले सबसे लंबा गैप पार्थिव पटेल का है, जिन्होंने अक्टूबर 2004 में 54 रन और नवंबर 2016 में 67* रन के बीच 4426 दिन लिए थे।
7. **अपने ही कॉल पर रन आउट हुए शुभमन** - 28वें ओवर में टीम इंडिया के कप्तान शुभमन गिल रन आउट हो गए। ओवर की दूसरी बॉल गस एटकिंसन ने गुड लेंथ पर फेंकी। शुभमन ने डिफेंस किया और रन लेने के लिए दौड़ पड़े, लेकिन नॉन स्ट्राइकर एंड पर साई सुदर्शन ने उन्हें मना कर दिया। शुभमन वापस लौटने लगे, इतने में एटकिंसन ने गेंद उठाई और स्टंप्स को मार दी। गिल 21 रन बनाकर आउट हुए।



| प्लेयर | रन | टेस्ट | कब |
|---|---|---|---|
| शुभमन गिल, IND | 743 | 5 | 2025 |
| गैरी सोबर्स, WI | 722 | 5 | 1966 |
| गैरी स्मिथ, SA | 714 | 5 | 2003 |
| एलन बॉर्डर, AUS | 597 | 6 | 1985 |
| विराट कोहली, IND | 593 | 5 | 2018 |

# ओवल टेस्ट- टी-20 जैसी बैटिंग कर रहे थे इंग्लिश ओपनर्स

- भारत पहली पारी में 224 रन पर ऑलआउट
- इंग्लैंड के 13 ओवर में ही 97 रन बना दिए थे



**लंदन (एजेंसी)।** भारत ओवल टेस्ट की पहली पारी में इंग्लैंड के खिलाफ 224 रन पर ऑलआउट हो गया। जवाब में इंग्लैंड ने 13 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 97 रन बना दिए थे। जैक क्रॉली और बेन डकेट नाबाद हैं। दोनों 7 से ज्यादा के रन रेट से रन बना रहे हैं। शुक्रवार को मुकाबले के दूसरे दिन टीम इंडिया ने 204/6 के स्कोर से खेलना शुरू किया और आखिरी 4 विकेट 20 रन बनाने में गंवा दिए। पहले दिन नाबाद लौटे करुण नायर ने 57 रनों की पारी खेली। जबकि वॉशिंगटन सुंदर 26 रन बनाकर आउट हुए। साई सुदर्शन ने 38 और कप्तान शुभमन गिल ने 21 रनों की पारी खेली। इंग्लैंड की ओर से गस एटकिंसन ने 5 विकेट झटके। जोश टंग को 3 विकेट मिले। एक विकेट क्रिस वोक्स के खाते में आया। गुरुवार को मैच के पहले दिन इंग्लैंड के स्टैंड-इन कैप्टन ओली पोप ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी।

### प्लेइंग-11 में 4-4 बदलाव हुए

भारत और इंग्लैंड दोनों ही टीमों ने अपनी-अपनी प्लेइंग-11 में 4-4 बदलाव किए। इंग्लैंड से कप्तान बेन स्टोक्स, जोफ्रा आर्चर, ब्रायडन कार्स और लियम डॉसन को बाहर बैठाया गया। इनकी जगह जैमी ओवर्टन, जोश टंग, गस एटकिंसन और जैकब बेथेल को मौका मिला।

भारत ने भी प्लेइंग-11 में 4 चेंज किए। जसप्रीत बुमराह, शार्दूल ठाकुर, ऋषभ पंत और अंशुल कम्बोज को बाहर बैठाया गया। इनकी जगह आकाशदीप, प्रसिद्ध कृष्णा, करुण नायर और ध्रुव जुरेल को मौका मिला।

### दोनों टीमों की प्लेइंग-11

**भारत** - शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, करुण नायर, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, मोहम्मद सिराज, आकाशदीप, प्रसिद्ध कृष्णा।

**इंग्लैंड** - ओली पोप (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, जो रूट, हैरी ब्रूक, जैकब बेथेल, जैमी स्मिथ (विकेटकीपर), क्रिस वोक्स, गस एटकिंसन, जैमी ओवर्टन, जोश टंग।

# इंग्लिश पेसर क्रिस वोक्स ओवल टेस्ट से बाहर हुए

## भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट के पहले दिन चोटिल हुए थे, बाउंड्री बचाने में कंधे में चोट लगी

**ओवल (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का पांचवां और आखिरी टेस्ट लंदन के द ओवल स्टेडियम में खेला जा रहा है। मैच के पहले दिन इंग्लैंड टीम को बड़ा झटका लगा। टीम के पेसर क्रिस वोक्स इंजर्ड हो गए और वे अब कंधे की चोट के कारण बचे हुए मैच से बाहर हो गए हैं। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।



**57वें ओवर में चोटिल हुए वोक्स** - वोक्स को यह चोट पहले दिन भारत की पहली पारी के 57वें ओवर में लगी। मिड-ऑफ पर फिल्डिंग कर रहे वोक्स ने बाउंड्री पर ड्राइव लगाया और चौका बचाने में कामयाब रहे। लेकिन चौका बचाने के दौरान वे अजीब तरह से गिरे और कंधा चोटिल कर बैठे। तभी इंग्लैंड के फिजियो बेन डेविस दौड़कर मैदान पर आए और चोट की जांच की। इसके बाद वे बाएं हाथ को एक अपने जंपर की स्लिंग में बांधकर मेडिकल जांच के लिए मैदान से बाहर चले गए। इसके बाद वोक्स को स्कैन के लिए ले जाया गया था।वोक्स को यह चोट पहले दिन भारत की पहली पारी के 57वें ओवर में लगी। वे मिड-ऑफ पर चौका बचाने में कंधा चोटिल करा बैठे।

**देखने से तो यह ठीक नहीं लग रहा- एटकिंसन** - पहले दिन का खेल खत्म होने के बाद इंग्लिश पेसर गस एटकिंसन ने कहा था, मुझे चोट के बारे में अभी ज्यादा कुछ नहीं पता है, लेकिन देखने से तो यह ठीक नहीं लग रहा है। यह सीरीज का आखिरी मैच है और जब कोई भी खिलाड़ी चोटिल होता है, तो यह दुखद होता है। मैं उम्मीद करता हूं कि यह गंभीर न हो। उन्हें टीम का पूरा सपोर्ट मिलेगा। भारत के खिलाफ इस सीरीज में वोक्स का प्रदर्शन शानदार रहा है। उन्होंने अब तक 5 मैचों की 9 पारियों में 11 विकेट लिए हैं। उनका बेस्ट बॉलिंग फिगर 3/84 रहा है।

# चहल बोले-धनश्री से तलाक के समय सुसाइड का ख्याल आया

## सिर्फ 2 घंटे सोता था, मैदान पर मेरा दिमाग काम नहीं कर रहा था

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल ने हाल ही में राज शमानी के पॉडकास्ट में अपनी पूर्व पत्नी, कोरियोग्राफर और इन्फ्लुएंसर धनश्री वर्मा से तलाक के बाद के मानसिक तनाव का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि तलाक की प्रक्रिया के दौरान वह एक महीने तक केवल दो घंटे ही सो पाए और उनके मन में आत्महत्या के विचार आए। चहल ने कहा, मैंने अपने दोस्तों से यह बात साझा की। मुझे क्रिकेट से ब्रेक चाहिए था। मैदान पर भी मेरा दिमाग काम नहीं कर रहा था। चहल और धनश्री के तलाक को 20 मार्च 2025 को मुंबई की फैमिली कोर्ट ने मंजूरी दी थी। दोनों ने 11 दिसंबर 2020 को शादी की थी।युजवेंद्र चहल ने 11 दिसंबर 2020 में कोरियोग्राफर और इन्फ्लुएंसर धनश्री वर्मा से शादी की थी।

**सोशल मीडिया पर साथ रहने का करते थे दिखावा** - चहल ने बताया कि उनका तलाक अचानक नहीं हुआ, बल्कि यह एक लंबी और निजी प्रक्रिया थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी परेशानियों को छिपाकर सामान्य जोड़े की तरह दिखने की कोशिश की। चहल ने कहा, हमने फैसला किया था कि जब तक अंतिम निर्णय नहीं हो जाता, हम कुछ नहीं कहेंगे। सोशल मीडिया पर हम सामान्य जोड़े की तरह दिखते थे, लेकिन मैं दिखावा कर रहा था।

**महत्वाकांक्षी जिंदगियों में तालमेल की कमी** -चहल ने बताया कि उनकी और धनश्री की महत्वाकांक्षी जिंदगियों के कारण उनके बीच तालमेल नहीं बैठ पाया। उन्होंने कहा, रिश्ते में समझौता जरूरी है। अगर एक गुस्से में हो, तो दूसरे को सुनना पड़ता है। दो महत्वाकांक्षी लोग साथ रह सकते हैं, लेकिन सबके अपने लक्ष्य और जिंदगी होती है।



**अफवाहों पर चहल का जवाब** - तलाक के दौरान चहल के खिलाफ धोखेबाजी की अफवाहें फैलीं। उन्होंने दुख जताते हुए कहा, लोगों ने मुझे धोखेबाज कहा, लेकिन मैंने कभी धोखा नहीं दिया। मैं बहुत वफादार इंसान हूं। सिर्फ किसी के साथ दिखने से लोग अफवाह फैलाते हैं। मेरी दो बहनें हैं, मुझे महिलाओं का सम्मान करना आता है।

**कपिल शर्मा शो में नए रिलेशनशिप पर बात की** -चहल ने द ग्रेट इंडियन कपिल शो में आरजे महवश के साथ अपने रिलेशनशिप को स्वीकार किया। शो में कृष्णा अभिषेक और कीकू शारदा ने उनकी खिंचाई की। कीकू ने चहल की शर्ट पर लिपस्टिक मार्क दिखाकर पूछा, ये क्या चल रहा है? चहल ने हंसते हुए जवाब दिया, इंडिया जान चुका है। इस दौरान ऋषभ पंत ने मजाक में कहा, फ्री है न अब, थोड़ा ये चहल और धनश्री की लव स्टोरीधनश्री ने झलक दिखला जा-11 में बताया था कि मई-जून 2020 के लॉकडाउन में चहल ने उनसे डांस सीखने के लिए संपर्क किया था। यहीं से दोनों की प्रेम कहानी शुरू हुई और 11 दिसंबर 2020 को शादी हुई। हालांकि, जून 2022 से उनके रिश्ते में दरार आ गई। दोनों ने सोशल मीडिया पर एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया और चहल ने धनश्री के साथ तस्वीरें हटा दीं।


**तलाक की कानूनी प्रक्रिया-** फरवरी 2025 में दोनों ने मुंबई की फैमिली कोर्ट में तलाक के लिए अर्जी दी। कोर्ट ने छह महीने का कूलिंग-ऑफ पीरियड दिया, जिसके खिलाफ चहल ने बॉम्बे हाईकोर्ट में अपील की। 19 मार्च 2025 को हाईकोर्ट ने फैमिली कोर्ट को अगले दिन फैसला सुनाने का आदेश दिया। 20 मार्च 2025 को तलाक को मंजूरी मिल गई।

**धनश्री कोरियोग्राफर और फेमस डेंटिस्ट हैं** - धनश्री वर्मा कोरियोग्राफर और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हैं। इसके अलावा फेमस डेंटिस्ट भी हैं। धनश्री टीवी के पॉपुलर डांस रिएलिटी शो झलक दिखला जा 11 में भी नजर आई थीं। धनश्री वर्मा इस डांस रिएलिटी शो के फाइनल तक पहुंची थीं। यूट्यूब चैनल पर उनके 27.90 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। इंस्टाग्राम पर 63 लाख फॉलोअर्स हैं।

# मेसी दिसंबर में भारत दौरे पर आएंगे

## 14 दिसंबर को मुंबई में एक इवेंट में शामिल होंगे, तीन शहरों का दौरा करेंगे

**मुंबई (एजेंसी)।** अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी दिसंबर में भारत दौरे पर आएंगे। मेसी 14 साल के लंबे समय के बाद भारत आ रहे हैं। वो 13 से 15 दिसंबर तक भारत में रहेंगे और कुल तीन शहरों का दौरा करेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, मेसी 13 से 15 दिसंबर तक कोलकाता, दिल्ली और मुंबई का दौरा करेंगे। मुंबई में वानखेड़े स्टेडियम 14 दिसंबर को एक इवेंट में शामिल होंगे। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के सूत्रों ने मीडिया को बताया कि कुछ क्रिकेटर्स भी इस इवेंट में शामिल होंगे।



**ईडन गार्डन्स स्टेडियम भी जाएंगे** -इसके अलावा मेसी कोलकाता भी जाएंगे और वहां उनको ईडन गार्डन में सम्मानित किया जाएगा। इस इवेंट में वेस्ट बंगाल की चीफ मिनिस्टर ममता बनर्जी भी शामिल हो सकती हैं। मेसी कोलकाता में बच्चों के लिए एक फुटबॉल वर्कशॉप भी आयोजित करवाएंगे और साथ ही वो फुटबॉल क्लिनिक भी लॉन्च करेंगे।

**फ्रेंडली मैच भी खेलेंगे** - इससे पहले, 6 जून को केरल के स्पोर्ट्स मिनिस्टर वी. अब्दुरहीमन नहीं इस बात की पुष्टि की थी कि अर्जेंटीना फुटबॉल टीम जिनकी कप्तानी लियोनेल मेसी करेंगे वो अक्टूबर या नवंबर में केरल एक फ्रेंडली मैच खेलने आएंगे। ये मुकाबला तिरुवंतपुरम के ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में होगा। केरल सरकार से इसकी बात हो चुकी है।

**साल 2011 में भारत आए थे मेसी** -मेसी सहित अर्जेंटीना फुटबॉल टीम पिछली बार 2011 में वेनेजुएला के खिलाफ इंटरनेशनल फ्रेंडली मैच के लिए भारत आई थी। अर्जेंटीना और वेनेजुएला के बीच यह मैच 2 सितंबर को कोलकाता के सॉल्ट लेक स्टेडियम में खेला गया था। इस मैच में मेसी के असिस्ट से निकोलस ओटामेंडी ने दूसरे हाफ में हेडर से गोल कर अर्जेंटीना को 1-0 से जीत दिलाई थी।

**अर्जेंटीना मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन** - अर्जेंटीना मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन है। टीम ने 2022 में खेले गए फीफा वर्ल्ड कप फाइनल में फ्रांस को पेनल्टी शूट आउट में 4-2 से हराकर खिताब जीता था।

# पाक ने वेस्टइंडीज को पहले टी-20 में हराया

## अयूब ने 57 रन, 2 विकेट लिए; नवाज ने 3 विकेट झटके

**फ्लोरिडा (एजेंसी)।** पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज दौरे की शुरुआत जीत के साथ की है। पाकिस्तान ने लॉडरहिल (फ्लोरिडा) के सेंट्रल ब्रोवार्ड रीजनल पार्क स्टेडियम में खेले गए पहले टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 14 रन से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर लीॉ पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 178 रन बनाए, जबकि 179 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम 7 विकेट पर 164 रन ही बना सकी। सईम अयूब की अर्धशतकीय पारी और मोहम्मद नवाज की शानदार गेंदबाजी ने पाकिस्तान की जीत में अहम भूमिका निभाई।



**सईम अयूब और फखर जमान की अहम साझेदारी** -टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान 12 गेंदों पर 14 रन बनाकर 26 के स्कोर पर आउट हो गए। इसके बाद सईम अयूब और फखर जमान ने पारी को संभाला और दूसरे विकेट के लिए 51 गेंदों में 81 रन की शानदार साझेदारी की।

# बैडमिंटन-थारुन मन्नेपल्ली पहली बार बीडब्ल्यूएफ सुपर-300 के सेमीफाइनल में

## 75 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल में चीनी खिलाड़ी को हराया

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत के युवा बैडमिंटन खिलाड़ी थारुन मन्नेपल्ली ने शुक्रवार को मकाऊ ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट में मेन्स सिंगल्स के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। उन्होंने चीन के हु झे के खिलाफ कड़े मुकाबले में 21-12, 13-21, 21-18 से जीत हासिल की। यह मैच 75 मिनट तक चला।



**पहली बार बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे** - यह थारुन का पहला मौका है जब वे किसी बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। इससे पहले, फरवरी में वे जर्मन ओपन के क्वार्टरफाइनल तक पहुंचे थे।

**पहले गेम में पिछड़ने के बाद वापसी की** - मैच की शुरुआत में थारुन पहले गेम में 4-7 से पीछे थे, लेकिन उन्होंने शानदार वापसी की और स्कोर को 12-9 तक पहुंचाया। इसके बाद, उन्होंने लगातार छह अंक हासिल कर 15-11 से बढ़त बनाई और पहला गेम 21-12 से अपने नाम किया। दूसरे गेम में हु झे ने बेहतर प्रदर्शन किया। उन्होंने 6-2 की बढ़त बनाई और फिर 15-6 तक स्कोर को बढ़ाया। थारुन इस गेम में वापसी नहीं कर सके और हु ने इसे 21-13 से जीत लिया। निर्णायक तीसरे गेम में थारुन ने शुरू से ही दबदबा बनाया और 5-0 की बढ़त ले ली। उन्होंने 19-15 तक अपनी बढ़त बनाए रखी। हालांकि, आखिरी पलों में मुकाबला रोमांचक हो गया जब हु ने लगातार तीन अंक हासिल किए।

# साई किशोर और यजुवेंद्र चहल का काउंटी चैंपियनशिप में जलवा, दोनों ने झटके 5-5 विकेट

**लंदन (एजेंसी)।** भारत के बाएं हाथ के स्पिनर साई किशोर और यजुवेंद्र चहल ने काउंटी चैंपियनशिप में अपनी-अपनी टीमों के लिए बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पांच-पांच विकेट झटके। साई किशोर के पंजे की बदौलत सरी ने डरहम को पांच विकेट से हराकर काउंटी चैंपियनशिप खिबात जीतने की दिशा में एक बड़ा कदम बढ़ा लिया है।

इस मैच के दौरान सरी के लिए खेल रहे साई किशोर ने दूसरी पारी में 72 रन देकर पांच विकेट झटके, जबकि सैम करन ने भी 40 रन बनाकर लक्ष्य का पीछा करने में मदद की। डरहम ने पहली पारी में 153 और दूसरी में 344 रन बनाए थे, जबकि सरी ने 322 और पांच विकेट पर 176 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। साई किशोर ने पहली पारी में भी दो विकेट लिए थे।

इस जीत से सरी को 21 अंक मिले, जिससे डिविजन-वन की अंक तालिका में शीर्ष पर है और उसकी पकड़ भी मजबूत हो गई है और वे लगातार चौथा खिताब जीतने की ओर बढ़ रहे हैं। वहीं डरहम को सिर्फ तीन अंक मिले, जिससे उनके रेलिगेशन की चिंता का विषय बनी हुई है। डरहम की दूसरी पारी में ग्राहम क्लार्क (42) और कोडी यूसुफ (43) ने 71 रन की अहम साझेदारी की, जिससे उनकी बढ़त 136 तक पहुंच गई। लेकिन लंच के बाद साई किशोर और सैम करन की धारदार गेंदबाजी ने डरहम के आखिरी चार विकेट 33 रन देकर उनकी को समेट दिया।

इसके बाद सरी को 176 रन का लक्ष्य मिला, जिसे उसने डॉम सिबली ने 35 रन, कप्तान रोरी बर्न्स (24) और रियान पटेल (28) ने भी उपयोगी सहयोग के बाद लक्ष्य की ओर तजी करन और डैन लॉरेंस (नाबाद 32) ने दिखाई। जब लक्ष्य मात्र नौ रन दूर था, तब करन लॉन्ग ऑन पर कैच हुए और अगले ही ओवर में बेन फोक्स भी बोल्ड हो गए, लेकिन जॉर्डन क्लार्क ने पहली ही गेंद को कवर के पार दो रन के लिए खेलकर सरी की जीत पक्की कर दी। यह साई किशोर का सरी के लिए इस सीजन का आखिरी मैच था और उन्होंने इसे अपने पंजे के साथ यादगार बना दिया। चहल की भी बेहतरीन गेंदबाजी की।



वहीं नॉर्थैम्पटनशायर की ओर से खेल रहे भारतीय लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने इस सीजन का पहला पंजा झटका, जिससे उनकी टीम को डर्बीशायर के खिलाफ पहली पारी में 173 रनों की बढ़त मिली। दूसरी पारी में भी वह अब तक दो विकेट झटक चुके हैं और उनकी टीम अंतिम दिन पारी की जीत हासिल करने की कोशिश करेगी। ऑलराउंडर जस्टिन ब्रॉड और रॉब कीओघ की शानदार शतकीय पारियों की बदौलत युज़वेंद्र की टीम ने डर्बीशायर की पहली पारी के 377 रनों के जवाब में नौ विकेट पर 550 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया।

ब्रॉड ने 171 रनों की शानदार पारी खेली, जिसमें 18 चौके और एक छक्का शामिल था। यह उनका इस महीने का दूसरा 150 से अधिक का स्कोर है। वहीं कीओघ ने नाबाद 125 रन बनाए। दोनों ने सातवें विकेट के लिए 208 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी की, जो डर्बीशायर के खिलाफ नॉर्थैम्पटनशायर की सातवें विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। इससे पहले चहल ने पहली पारी में 118 रन देकर 6 विकेट लिए थे और डर्बीशायर की टीम 377 रनों पर ऑलआउट हो गई।

इस पारी में मार्टिन एंडरसन ने 105 रन बनाए। डर्बीशायर की दूसरी पारी की शुरुआत भी बेहद खराब रही।

# आकांक्षा हाट से लोकल उत्पादों को मिलेगा बढ़ावा : संतोष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** आकांक्षा हाट जिले के प्रतिभाशाली कारीगरों और छोटे व्यवसायियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। यह पहल वोकल फॉर लोकल के प्रधानमंत्री के सपनों को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह बात बिहार सरकार के लघु जल संसाधन सह जिला प्रभारी मंत्री संतोष कुमार सुमन ने जिला परिषद कार्यालय के मुख्य द्वार पर आकांक्षा हाट का उद्घाटन करते हुए कहीं। प्रभारी मंत्री ने जनसमूह को संबोधित करते हुए इस पहल को आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में एक मजबूत कदम बताया। उद्घाटन के उपरांत मंत्री द्वारा हाट में स्थापित सभी स्टॉलों का भ्रमण कर वहां प्रदर्शित स्थानीय उत्पादों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने उत्पादों की गुणवत्ता, उनकी पैकेजिंग एवं विपणन व्यवस्था की सराहना की तथा उत्पादकों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल स्थानीय कारीगरों, किसानों एवं महिला समूहों को प्रोत्साहन मिलता है बल्कि इनके माध्यम से पारंपरिक एवं स्वदेशी उत्पादों को पहचान भी मिलती है। आकांक्षा हाट में जीविका, उद्यान, कृषि एवं उद्योग विभाग सहित अन्य विभागों तथा स्थानीय स्व-सहायता समूहों द्वारा स्टॉल लगाए गए। जीविका समूह की दीदियों द्वारा निर्मित उत्पादों जैसे शहद, अचार, आंवला मिक्चर, सत्तू, हस्तनिर्मित चूड़ी, अगरबत्ती आदि को बिक्री हेतु प्रदर्शित किया गया। उद्यान विभाग की ओर से अमरूद के पौधे एवं अन्य फलदार एवं सजावटी पौधों की किस्में प्रदर्शित की गईं। कृषि विभाग द्वारा अरहर, ज्वार, मड़ुआ, जीरा जैसे पारंपरिक अनाज एवं फसलों से संबंधित जानकारी, बीज एवं कीटनाशक दवाओं के स्टॉल लगाए गए। उद्योग विभाग के अंतर्गत निरंजनपुर डुमरा प्राथमिक कंबल बुनकर सहयोग समिति द्वारा पारंपरिक कंबलों एवं खादी वस्त्रों की प्रदर्शनी सह बिक्री की गई, जो आगंतुकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इस प्रकार हाट में ग्रामीण अर्थव्यवस्था, स्थानीय प्रतिभा एवं पारंपरिक उत्पादों को एक साथ जोड़ते हुए आत्मनिर्भरता की भावना को बल दिया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, जिला स्तरीय पदाधिकारीगण, जीविका से जुड़ी महिलाएं, किसान, स्थानीय उद्यमी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे। विदित हो कि यह आकांक्षा हाट सात दिनों तक लगेगा।

# मतदाता सूची में जोड़ें प्रत्येक पात्र व्यक्ति का नाम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** विशेष गहन पुनरीक्षण, 2025 के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा हेतु भारत निर्वाचन आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त संजय कुमार के निर्देशानुसार आज जिला निर्वाचन कार्यालय में बैठक की गई। इस बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं समस्त निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के साथ समीक्षा की गई। बैठक में ईपी अनुपात, लिंग, युवा मतदाता, पीडब्लूडी मतदाताओं, गणना प्रपत्र एवं मतदाता सूची से संबंधित कार्यों की गहन समीक्षा की गई एवं महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। निर्वाचन कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं व्यापक सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु उप निर्वाचन आयुक्त ने सभी पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज हो, यह सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में प्राप्त गणना प्रपत्र की स्थिति तथा 2003 में जन्मे मतदाताओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए यह जानकारी दी गई कि कुल 19,27,443 मतदाताओं में से 540009 मतदाता 2003 में जन्मे हैं, जिनकी पहचान कर सूची में अंकन किया गया है। प्राप्त गणना प्रपत्रों की कुल संख्या 17,67,465 रही। वहीं, 1,59,978 फॉर्म विभिन्न कारणों से अपूर्ण और अस्वीकृत घोषित किए गए, जिनमें मुख्यतः अनुपस्थित, अन्यत्र स्थानांतरित या पूर्व से ही नामांकित शामिल हैं। यह विशेष समीक्षा बैठक आगामी निर्वाचन प्रक्रिया की सफलता हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# विकास कार्यों को बढ़ावा देने के लिए मंत्री ने कर्मियों को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** आकांक्षी प्रखंड एवं जिला कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न प्रक्षेत्रों के संकेतको में बेहतर कार्य करने वाले पदाधिकारी एवं कर्मियों को जिला प्रभारी मंत्री संतोष कुमार सुमन द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। जिले में विकास कार्यों को गति प्रदान करने के लिए भारत सरकार द्वारा संचालित अति महत्वकांक्षी योजना आकांक्षी एवं प्रखंड कार्यक्रम के तहत जिले के चार प्रखंडों यथा मदनपुर, नबीनगर, देव एवं कुटुंबा प्रखंड को चयनित किया गया है। उल्लेखनीय है कि जिले के सभी छह प्रक्षेत्रों से संबंधित संकेतकों में परिपूर्णता प्राप्त करने के निमित नीति आयोग द्वारा जिला पदाधिकारी श्रीकान्त शास्त्री को गोल्ड मेडल एवं प्रशस्ती पत्र प्रेषित कर सम्मानित किया गया है। मंत्री द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में जिलाधिकारी को गोल्ड मेडल एवं प्रशस्ती पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के दौरान विधान पार्षद दिलीप कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष, अशोक कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सदस्यगण, नगर निकायों के अध्यक्षगण एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण भी उपस्थित थे। इसके अलावा जिला योजना पदाधिकारी, जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक, जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज, रसायन एवं मिट्टी जांच प्रयोगशाला सहायक निदेशक रॉकी रावत सहित अन्य पदाधिकारीगण भी उपस्थित थे।

# राजनैतिक दलों को मिला निर्वाचक सूची का प्रारूप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के मद्देनजर समाहरणालय अवस्थित सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि के साथ बैठक आयोजन किया गया। बैठक में मतदान केन्द्रों के अंतिम प्रकाशन एवं निर्वाचक सूची का प्रारूप प्रकाशन की हार्डकॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी (पेनड्राईव सहित) तथा वैसे निर्वाचक की सूची जिनका नाम प्रारूप मतदाता सूची में नाम नहीं है उसका सूची सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को उपलब्ध कराया गया। अर्हता तिथि 01.07.2025 के आधार पर विशेष गहन पुनरीक्षण के क्रम में निर्वाचक सूची की शुद्धता सुनिश्चित करने के संबंध में सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों से आवश्यक सहयोग करने का अपील किया गया। बैठक में उपस्थित राजद जिलाध्यक्ष अमरेन्द्र कुशवाहा, जनता दल यूनाईटेड के प्रखण्ड महासचिव-सह-सदस्य जिला कार्यकारणी रितेश कुमार सिंह, भारतीय जनता पार्टी दप कार्यालय प्रभारी रंजीत कुशवाहा, लोजपा (रा.) जिलाध्यक्ष चंद्रभूषण कुमार सिंह, जिलाध्यक्ष मुनारीक राम, धनपत ठाकुर, सीपीआईएम जिलाध्यक्ष कपिल कुमार सिंह, राष्ट्रीय लोक समता पार्टी के अमर उजाला, जिलाध्यक्ष इंडियन नेशनल काँग्रेस पार्टी शैलेन्द्र मिश्रा, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्कसिस्ट) जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह उपस्थित थे।

# लिपिक की मौत के कारण बंद रहा देव प्रखंड कार्यालय

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** देव प्रखंड के अंचल कार्यालय में कार्यरत एक निम्नवर्गीय लिपिक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इसके कारण शुक्रवार को देव प्रखंड कार्यालय बंद रहा। जानकारी के अनुसार मृतक संजय कुमार औरंगाबाद शहर के नावाडीह स्थित वार्ड नंबर 20 के निवासी थे और वह देव ब्लॉक में निम्नवर्गीय लिपिक के पद पर कार्यरत थे। गुरुवार की शाम अंचल के कार्य को समाप्त कर अपने घर जाने के लिए वह देव मोड़ के पास ऑटो का इंतजार कर रहे थे तभी एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें रौंद दिया जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद अंचल कार्यालय में कार्यरत सभी कर्मियों ने मृतक के प्रति अपनी शोक संवेदना व्यक्त की है।

# मां के लिए खाना ले जाने के दौरान स्पर्शाघात से युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**


**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड के कड़सारा गांव में अपने मां का खाना ले जाने के क्रम में दिवंगत उधेश चंद्रवंशी के 20 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार की मौत करंट की चपेट में आने से हो गई। मृतक के चाचा राबोध चंद्रवंशी ने बताया कि मृतक की मां सहेगानी देवी खेत मे धान रोप रही थी। दोपहर में 2 बजे वह अपनी मां को खाना देने जा रहा था। इसी क्रम में घर के पास ही खेत में करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। बाद में प्रशासन द्वारा लाइन को कटवाया गया। सूचना मिलते ही रफीगंज अंचल के कर्मचारी पहुंच कर जायजा लिया। परिजनों एवं स्थानिय लोगों द्वारा शव का रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया जहां पोस्टमार्टम के लिए कागजी प्रक्रिया की गई। मृतक के चाचा ने बताया कि बिजली विभाग की लापरवाही से इस तरह की घटना हो रही है। परिजन ने सरकार से मुआवजे की मांग की है। अंचलधिकारी भारतेंदु सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं कागजी प्रक्रिया पूर्ण होने पर मृतक के परिजनों को सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा दिया जाएगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# प्रभारी मंत्री ने डॉ. रवि रंजन को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा के लिए दिया सम्मान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रहे डॉ. रवि रंजन को आज विशेष सम्मान से नवाजा गया। जिला गैर संचारी रोग पदाधिकारी के रूप में उनकी सक्रिय भूमिका और उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें आकांक्षी ब्लॉक संपूर्णता अभियान के तहत सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह का आयोजन जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की ओर से किया गया, जहां जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन और जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने संयुक्त रूप से डॉ. रवि रंजन को प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। डॉ. रवि रंजन ने जिले में विशेष रूप से गैर संचारी रोगों जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, कैंसर, मानसिक स्वास्थ्य और तंबाकू नियंत्रण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। उनकी देखरेख में जिले में स्क्रीनिंग, परामर्श, इलाज और जनजागरूकता जैसे महत्वपूर्ण प्रयासों को मजबूती मिली है। आकांक्षी ब्लॉक संपूर्णता अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाओं को पंचायत स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने की जो कोशिशें की गईं, उसमें डॉ. रवि रंजन की टीम की कार्यशैली को पूरे राज्य में सराहा गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ. रवि रंजन ने कहा कि यह सम्मान मेरे लिए प्रेरणा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम और जिला प्रशासन के सहयोग से ही हम जिले के दूरदराज के गांवों तक भी गैर संचारी रोगों की पहचान और इलाज की सुविधा पहुंचा सके हैं। हमारा प्रयास रहेगा कि आने वाले समय में और प्रभावी ढंग से काम कर लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाया जा सके। समारोह में स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक, पंचायत स्तर के स्वास्थ्यकर्मी और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपित किशोर निरुद्ध

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** नाबालिग लड़की से दुष्कर्म मामले में एक विधि विरुद्ध किशोर को दाउदनगर पुलिस द्वारा निरुद्ध किया गया है। मामला थाना क्षेत्र के एक गांव की है। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि गुरुवार को सूचना मिली कि एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म की घटना घटित हुई है। पूछताछ के क्रम में विधि विरूद्ध किशोर ने अपना अपराध स्वीकार किया एवं उक्त किशोर को न्यायिक संरक्षण में भेजा जा रहा है।

# बिहार ग्रामीण बैंक ने खाताधारक के आश्रित को दिया दो लाख का बीमा कवरेज

**ओबरा(नबिटा संवाददाता।** बिहार ग्रामीण बैंक शाखा अरंडा द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से जुड़े खाताधारक की मृत्यु हो जाने पर उसके आश्रित के खाते में 2 लाख की राशि दी गई। इस मौके पर बिहार ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक गौतम कुमार ने बताया कि ग्राम भरुब निवासी दुर्गावती देवी पति प्रदीप पांडेय बैंक के माध्यम से इस योजना से जुड़ी थी। खाताधारक के आकस्मिक मृत्यु होने के बाद बैंक द्वारा आवश्यक प्रक्रिया कर आश्रित परिवार के खाते में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत कवरेज राशि 2 लाख रुपए प्रदान किया गया। लाभुक परिवार ने बताया कि इस राशि से उनके परिवार को काफी सहारा मिलेगा। इसके लिए लाभुक परिवार ने बिहार ग्रामीण बैंक एवं जीवन ज्योति बीमा योजना के प्रति आभार व्यक्त किया। शाखा प्रबंधक गौतम कुमार ने आम लोगों से अपील किया कि बैंक से जुड़कर सरकार द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा एवं बीमा योजना का लाभ ले और अपने एवं अपने परिवार का भविष्य सुरक्षित करें।

# आहर में डूबने से बच्चे की मौत

**रफीगंज (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** कासमा थाना क्षेत्र के रमन बिगहा स्थित आहर में डूबने से अवधेश यादव के 14 वर्षीय पुत्र अनिल यादव की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि खेलने से क्रम में आहर में डूबने से उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही कासमा थानाध्यक्ष इमरान आलम दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को निकलवा कागजी प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया है। परिजनों ने सरकार से मुआवजा की मांग की है। अंचलाधिकारी भारतेंदु सिंह ने बताया कि सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा दिया जाएगा।

# शिक्षाविद डॉ. धनंजय एवं सर्वेश कुमार भाजपा में शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** शिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय और लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल समूह के निदेशक डॉ. धनंजय कुमार एवं सर्वेश कुमार ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। वे लॉर्ड बुद्धा एजुकेशनल डेवलपमेंट फाउंडेशन के अध्यक्ष भी हैं। भाजपा में शामिल होने के बाद डॉ. कुमार ने कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और उनके दूरदर्शी नेतृत्व से प्रेरित होकर पार्टी से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का मंच न केवल राजनीतिक बल्कि सामाजिक और शैक्षणिक विकास के लिए भी एक प्रभावशाली माध्यम है। डॉ. कुमार ने कहा कि मैं भाजपा के इस विशाल और पवित्र मंच का प्रयोग शिक्षा के क्षेत्र में जागरूकता और नवाचार लाने के लिए करूंगा। समाज में शैक्षणिक सुधार, गुणवत्ता युक्त शिक्षा और युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करना मेरी प्राथमिकता होगी। उन्होंने यह भी कहा कि अधिवक्ताओं, शिक्षकों और बुद्धिजीवी वर्ग के साथ मिलकर वे राष्ट्र निर्माण की दिशा में काम करना चाहते हैं ताकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के न्यू इंडिया के विजन को साकार किया जा सके। डॉ. कुमार की भाजपा में एंट्री को शिक्षा और बौद्धिक जगत के बीच एक सकारात्मक संकेत के रूप में देखा जा रहा है। पार्टी से जुड़ने पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया और उनके अनुभव का लाभ संगठन को मिलने की उम्मीद जताई।

# फुटपाथ दुकानदारों को उपलब्ध कराएं निश्चित स्थान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** शहर के एमजी रोड स्थित एक निजी होटल में फुटपाथ फ़ेरी विक्रेता संघ के जिलाध्यक्ष शशि सिंह द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस क्रम में प्रशासन से फुटपाथी दुकानदारों के लिए निश्चित स्थान उपलब्ध करवाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि फुटपाथी दुकानदार लगातार परेशानी उठा रहें हैं। बार-बार हमारी सजी-सजाई दुकानों को उजाड़ दिया जाता है। हमलोगों से जबरन जुर्माना वसूला जाता है। हमारी परेशानी पर स्थानीय अधिकारी और नगर परिषद कोई ठोस पहल नहीं कर रहा है। अतिक्रमण हटाने के नाम पर हमें बार-बार उजाड़ा जाता है, आखिर हम सब्जी और अन्य जरूरत की चीजें बेचना बंद कर दें, या फिर हम कहां जाएं, प्रशासन बताये। हमें भी आजीविका का अधिकार है और प्रशासन को हमारी समस्याओं का समाधान करने के लिए ठोस कदम उठाना चाहिए। इस अवसर पर अदरी बचाओ आंदोलन के प्रणेता व समाजसेवी अनिल सिंह मौजूद रहे। उन्होंने फुटपाथी दुकानदारों की मांगों का समर्थन करते हुए नगर परिषद से जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करवाने की मांग की। श्री सिंह ने नगर परिषद को नगर निगम बनाने की मांग की है। कहा कि नगर निगम बनने से शहर के विकास की रफ्तार बढ़ जाएगी, जैसे धीरे- धीरे कर शहर का विस्तार होता जा रहा है, उस लिहाज से औरंगाबाद को नगर निगम का दर्जा मिलना चाहिए। जगह के हिसाब से या क्षेत्रफल के मुताबिक यह नगर निगम की अर्हता रखता है। नगर निगम बनने से कई फायदे हो सकते हैं। शहर के विकास, सार्वजनिक सुविधाओं और नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार होगा। यह स्थानीय स्वशासन को मजबूत करेगा और नागरिकों की भागीदारी को बढ़ावा देगा। उन्होंने नगर परिषद द्वारा गोवंश के शवों को दफनाने में लापरवाही का आरोप लगाया है। साथ ही ठोस एवं तरल अपशिष्टों के निस्तारण के लिए केंद्र निर्माण की मांग की है। उन्होंने कहा कि शहर के मछली मार्केट का निर्माण किया गया, बावजूद अदरी नदी किनारे सड़क पर मछली या अन्य जानवरों को गोकशी किया जाता है, आते जाते सनातनियों को परेशानी होती है जिसका समुचित व्यवस्था नगर परिषद करें। कहा कि मछली मार्केट का आवंटन अनुशंसा नहीं बल्कि अर्हता के आधार पर किया जाय ताकि जरूरतमंदों को रोजगार का साधन मिले।

